सूर्योदय 6:58 सूर्यास्त 6:12

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 5.6 न्यू | 12.8 अधि |
| धर्मशाला | 5.5 न्यू | 19.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75939.21 |
| निफ्टी | 22929.25 |
| सोना 87,160 | चांदी 1,00,503 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 17 फरवरी 2025 | 6 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 50, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में नहीं खेल पाएंगे जायसवाल

पृष्ठ 14 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### 24 को आएगी पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 24 फरवरी को पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी करेंगे। इस योजना के तहत देशभर के किसानों के खातों में 20 हजार करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर की जाएगी। पीएम मोदी बिहार के भागलपुर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम से यह सौगात देंगे। वहीं से पीएम किसान की 19वीं किस्त डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर के जरिए किसानों के खाते में भेजेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी करने की तारीख का ऐलान किया है।

### नागपुर में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, दो की मौत

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में रविवार को पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि कई घायल हुए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि विस्फोट जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर काटोल तहसील के कोतवलबडी में एसबीएल एनर्जी लिमिटेड में दोपहर 1:30 बजे हुआ। इस हादसे में दो लोगों की मौत हुई है और कुछ लोग घायल हुए हैं। घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। विस्फोट के कारण आसपास की झाड़ियों में मामूली आग लग गई, जिसे बुझा दिया गया है।

### कश्मीर में लगे भूकंप के झटके, 4.5 तीव्रता

**श्रीनगर।** कश्मीर में शनिवार देर रात को भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके लगने से लोगों में हड़कंप मच गया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार, भूकंप की तीव्रता 4.5 थी, जिसका केंद्र पाकिस्तान क्षेत्र में था। किसी भी जगह से किसी भी तरह के नुकसान या जानमाल के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है।

### माली में सोने की खदान ढही, 42 लोगों की मौत

**बामाको।** माली के पूर्वी इलाके में सोने की एक खदान ढहने से 42 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। मालियन टेलीविजन और केनीबा जिले के अधिकारियों ने बताया कि हादसा केनीबा जिले में हुआ। यह इस साल पश्चिमी अफ्रीकी देश में दूसरी बड़ी दुर्घटना है। माली, अफ्रीका के शीर्ष तीन सोने के उत्पादकों में से एक है।

### फास्टैग का नया नियम आज से होगा लागू

**नई दिल्ली।** फास्टैग का नया नियम सोमवार से लागू होगा। इसके तहत जिन भी यूजर्स के फास्टैग में लो बैलेंस, भुगतान में देरी या फिर फास्टैग ब्लैकलिस्ट होगा, उन पर अतिरिक्त जुर्माना लगाया जाएगा। इस नियम को लागू करने के पीछे सरकार का उद्देश्य फास्टैग में होने वाली परेशानी के कारण टोल पर लगने वाली गाड़ियों की लंबी कतारों को कम करना है और यात्रा को सुविधाजनक बनाना है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- नगर निगम काटेगा बिजली-पानी के कनेक्शन -पेज 2
- हिमाचल में भी दिल्ली जैसा होगा कांग्रेस का हाल: बिंदल -पेज 3
- बाथड़ी में दीवार के नीचे दबने से मजदूर की मौत -पेज 10
- न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक स्कैम मामले में एक और गिरफ्तारी -पेज 13
- मारबेला लीजेंड्स गोल्फ टूर्नामेंट में जीव मिलखा संयुक्त 19वें स्थान पर -पेज 14


'भारत टेक्स 2025' में हिस्सा ले रहे 120 से ज्यादा देशों से बोले पीएम मोदी

# 2030 तक 9 लाख करोड़ रुपए का होगा कपड़ा निर्यात

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'भारत टेक्स 2025' को संबोधित करते हुए कहा कि भारत मंडपम में जो बीज हमने बोया था, वह अब वटवृक्ष बनने की राह पर है। 'भारत टेक्स' अब एक मेगा ग्लोबल टेक्सटाइल इवेंट बन चुका है, जो उद्योग जगत के नेताओं के लिए साझेदारी और सहयोग का मंच प्रदान कर रहा है। यहां आने वाले हर व्यक्ति को स्थानीय से वैश्विक बनने का अवसर मिल रहा है।

**हम दुनिया में वस्त्र और परिधान के छठे सबसे बड़े निर्यातक**

मोदी ने कहा कि 'भारत टेक्स' एक प्रमुख वैश्विक आयोजन बन गया है, जिसमें 120 से अधिक देश भाग ले रहे हैं। उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र से कपड़ा उद्योग को सहायता प्रदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि केवल 75 करोड़ रुपए के निवेश से 2,000 लोगों को रोजगार मिल सकता है। पीएम ने कहा कि उम्मीद है कि कपड़ा क्षेत्र 2030 की समयसीमा से पहले नौ लाख करोड़ रुपए के वार्षिक निर्यात लक्ष्य हासिल कर लेगा। हम वर्तमान में दुनिया में वस्त्र और परिधान के छठे सबसे बड़े निर्यातक हैं। कपड़ा निर्यात लगभग तीन लाख करोड़ रुपए का है। हमारा लक्ष्य इस आंकड़े को तीन गुना करते हुए नौ लाख करोड़ रुपए का निर्यात हासिल करना है। उन्होंने कहा कि इस सफलता का श्रेय पिछले दशक में की गई कड़ी मेहनत और लगातार लागू की गई नीतियों को जाता है, जिनके कारण कपड़ा क्षेत्र में विदेशी निवेश दोगुना हो गया है। मोदी ने कहा कि जिस तरह से काम हो रहा है, मुझे लगता है कि हम 2030 की समयसीमा से पहले ही यह लक्ष्य हासिल कर लेंगे।

यह क्षेत्र प्रमुख रोजगार सृजनकर्ता है तथा विनिर्माण क्षेत्र में इसका योगदान 11 प्रतिशत है। केंद्रीय बजट में 2025-26 के लिए कपड़ा मंत्रालय के मद में 5,272 करोड़ रुपए (बजट अनुमान में) के परिव्यय का प्रावधान किया गया है। यह वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 4,417.03 करोड़ रुपए के बजट अनुमान से 19 प्रतिशत अधिक है।

### सांस्कृतिक विविधता वस्त्र उद्योग के विस्तार का माध्यम बने

**पीएम** ने कहा कि कुछ लोगों ने कहा कि पिछले साल 'भारत टेक्स' से जुड़ने के बाद बड़े स्तर पर नए खरीददार मिले और बिजनेस का विस्तार हुआ। डिमांड इतनी है कि हम पहुंच नहीं पाते हैं। मैं बैंकिंग सेक्टर के लोगों से कहूंगा कि इनकी जो प्राथमिकता हैं, उन्हें दिया जाएगा। इस आयोजन से टेक्सटाइल सेक्टर में निवेश सहित अन्य पहलुओं को बढ़ावा मिलेगा। 'भारत टेक्स' के कार्यक्रम में परिधान से जरिए सांस्कृतिक विविधता के भी दर्शन होते हैं। यह सही समय है, ऐसे आयोजन के जरिए हमारी विविधता और विशेषता वस्त्र उद्योग के विस्तार का माध्यम बने। प्रधानमंत्री ने कपड़ा क्षेत्र के लिए अपने '5एफ दृष्टिकोण' को रेखांकित किया, जिसमें 'खेत (फार्म) से फाइबर, फाइबर से फैक्टरी, फैक्टरी से फैशन, फैशन से विदेशी (फॉरेन)' शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह दृष्टिकोण किसानों, बुनकरों, डिजायनरों और व्यापारियों के लिए नए अवसर पैदा कर रहा है।

# नई पहल: सड़क सुरक्षा के लिए पुलिस को मिले 27 मोटरसाइकिल

## बोले- हिमाचल में 6.48 फीसदी घटे हादसे, मृत्यु दर में आई कमी



27 पुलिस मोटरसाइकिलों को झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को ओकओवर से सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए 27 पुलिस मोटरसाइकिलों को झंडी दिखाकर रवाना किया। कांगड़ा जिला पुलिस को 14 और मंडी जिला पुलिस को 13 मोटरसाइकिलें दी जाएंगी। इसके अलावा जल्द शिमला, नूरपुर, मंडी और कांगड़ा पुलिस जिलों को बचाव कार्यों के लिए 42 चौपहिया वाहन, 14 इंटरसेप्टर वाहन और 10 रेस्क्यू वाहन उपलब्ध करवाए जाएंगे।

**कहा- बचाव कार्यों के लिए 42 चौपहिया वाहन करवाए जाएंगे उपलब्ध**

चार पुलिस जिलों के लिए 3,373 सड़क सुरक्षा उपकरणों की खरीद के लिए 90 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया है। अब तक पुलिस विभाग को 5.71 करोड़ रुपए की लागत से 1,200 से अधिक उपकरण प्रदान किए जा चुके हैं।

सुक्खू ने कहा कि हिमाचल में सड़क हादसों को कम करने के लिए जागरुकता अभियान का असर दिखने लगा है। सड़क हादसों में 6.48 फीसदी की कमी आई है और दो साल में मृत्यु दर घटी है।

उन्होंने कहा कि शिमला में एकीकृत सड़क सुरक्षा प्रवर्तन प्रणाली स्थापित करने के लिए लगभग 60 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। इस प्रणाली को शिमला, कांगड़ा और मंडी जिलों में 450 से अधिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-आधारित निगरानी कैमरों से जोड़ा जाएगा, जिससे राज्य में पुलिस बेहतर और सुचारु तरीके से यातायात नियमों की डिजिटल निगरानी कर सकेगी। 34.66 करोड़ रुपए के अनुमानित व्यय के साथ एक सामूहिक कार्य योजना तैयार की है। योजना के तहत शिमला जिले के 20 प्रतिशत असुरक्षित संपर्क मार्ग नेटवर्क में सुधार सुनिश्चित किया जाएगा। सड़क सुरक्षा जागरुकता के लिए राज्य के सात जिलों में गुड समेरिटन लॉ जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। लगभग 7,500 किलोमीटर लंबी सड़कों के लिए पहली बार अंतरराष्ट्रीय सड़क मूल्यांकन कार्यक्रम सर्वेक्षण किया है।

# हिमाचल की चोटियों पर बर्फबारी, शीतलहर लौटी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में रविवार को भी किन्नौर, लाहौल-स्पीति व शिमला जिले के कुछ ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हुई है, जिससे शीतलहर बढ़ गई है। मौसम विभाग शिमला के अनुसार 17 फरवरी को सभी स्थानों पर मौसम खुशक रहेगा।

18 फरवरी से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के आसार हैं, जिसके चलते 18 से 22 फरवरी तक लाहौल-स्पीति, किन्नौर, चंबा, कांगड़ा व कुल्लू जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की से दरमियानी बारिश व बर्फबारी हो सकती है। 19 फरवरी को राज्यों के कुछ स्थानों व 20 फरवरी को भी कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या फिर बर्फबारी हो सकती है। बर्फबारी के बाद अगले 24 घंटों में कई क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 4 से 5 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। न्यूनतम तापमान में भी 2 से 3 डिग्री की गिरावट आएगी।

### सीजन में सामान्य से 77 फीसदी कम बारिश

**मौसम** विभाग की मानें तो हिमाचल में इस बार विंटर सीजन में सामान्य से 77 प्रतिशत कम बादल बरसे हैं। एक जनवरी से 13 फरवरी तक प्रदेश में 130.3 मिलीमीटर सामान्य बारिश होती है, लेकिन इस बार 29.6 मिलीमीटर बादल बरसे हैं।

# पूर्व विधायक ने पूर्व मंत्री पर लगाए जातिवाद के आरोप

**अनंत ज्ञान, देहरा**

**हिमाचल** की देहरा विधानसभा में राजनीतिक माहौल गरमा गया है। भाजपा के पूर्व विधायक होशियार सिंह ने पूर्व मंत्री रमेश धवाला पर जातिवाद की राजनीति करने का गंभीर आरोप लगाया है।

**कहा- देहरा की विधायक लापता नादौन से मिलता है पता**

उन्होंने कहा कि कुछ नेता मीडिया में पार्टी विरोधी बयानबाजी कर रहे हैं, जो संगठन को कमजोर कर रही है। होशियार ने वर्तमान विधायक कमलेश ठाकुर पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विधायक क्षेत्र से लापता हैं और उनका पता नादौन से मिलता है। देहरा में खोला गया मुख्यमंत्री कार्यालय भी तालाबंद पड़ा है। विकास कार्य केवल चौकों तक ही सीमित हैं। क्षेत्र की विकास स्थिति पर चिंता जताते हुए उन्होंने बताया कि ईडी की ओर से जेल भेजे गए ठेकेदार ने सड़क निर्माण का काम सबलेट कर दिया है। इससे सड़कों की गुणवत्ता खराब हो रही है और दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। साथ ही पानी की आपूर्ति भी प्रभावित है, जिससे लोगों को चार दिन बाद पानी मिल रहा है। स्थानीय लोग विकास कार्यों की शिकायत लेकर उनके पास आ रहे हैं, लेकिन वह अब विधायक नहीं हैं।

### बोलने से ताजमहल नहीं बन जाता : होशियार

होशियार सिंह ने कहा कि बोलने से ताजमहल नहीं बन जाता। आज मनरेगा मजदूरों को दिहाड़ी नहीं मिल रही, लोगों को राशन नहीं मिल रहा है। दावा कि 70 करोड़ रुपए की राशि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में लाने के बावजूद, ऐसे ठेकेदारों को ठेकों पर काम सौंप दिया है, जो अब जेल में है।

# गगरेट में सड़क दुर्घटना में दोनों घायलों ने तोड़ा दम

**अनंत ज्ञान, गगरेट**



**उपमंडल** गगरेट के ओयल गांव में शनिवार को सड़क हादसे का शिकार हुए दोनों स्कूटी सवारों ने दम तोड़ दिया है। दोनों को गंभीर हालात में सिविल अस्पताल गगरेट से क्षेत्रीय अस्पताल ऊना रेफर किया था।

एक घायल ने ऊना पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया, तो दूसरे घायल ने उसे पीजीआई ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। रविवार को पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिए हैं। शनिवार को ओयल गांव में एक कार को ओवरटेक करते हुए स्कूटी टिप्पर की चपेट में आ गई थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी के परखचे उड़ गए और दोनों स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान सुरेंद्र कुमार व तेज प्रताप दोनों निवासी ओयल के रूप में हुई है। पंचायत प्रधान किरन ठाकुर ने प्रशासन से मांग की है कि मृतकों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए इनके परिवारों को प्रशासन फौरी राहत प्रदान की जाए। डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने दोनों घायलों की मौत की पुष्टि की है।

# भारत और ओमान बढ़ाएंगे व्यापार, ऊर्जा सहयोग

## विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ओमान के समकक्ष बद्र अलबुसैदी के साथ की चर्चा

**एजेंसी, मस्कट**




**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को अपने ओमान के समकक्ष बद्र अलबुसैदी के साथ व्यापार, निवेश और ऊर्जा सुरक्षा में द्विपक्षीय सहयोग पर व्यापक चर्चा की।

जयशंकर आठवें हिंद महासागर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ओमान की राजधानी मस्कट पहुंचे हैं। जयशंकर ने 'एक्स' पर कहा कि ओमान के विदेश मंत्री बद्र अलबुसैदी से मिलकर बहुत खुशी हुई। हिंद महासागर सम्मेलन की सफलतापूर्वक मेजबानी करने में उनके व्यक्तिगत प्रयासों की सराहना करता हूं। उन्होंने लिखा कि व्यापार, निवेश और ऊर्जा पर परस्पर सहयोग पर हमने व्यापक चर्चा की। दोनों नेताओं ने राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ पर संयुक्त रूप से प्रतीक चिह्न जारी किया। उन्होंने 'मांडवी टू मस्कट: इंडियन कम्युनिटी एंड शेयर्ड हिस्ट्री ऑफ इंडिया एंड ओमान' नामक एक पुस्तक का भी संयुक्त रूप से विमोचन किया। ओमान सरकार का कहना है कि अगस्त 2024 में उसके देश में रह रहे भारतीयों की संख्या करीब 664,783 है। वहीं, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार से जर्मनी में मुलाकात की और पश्चिम एशिया के हालात तथा इसराइल के माध्यम से एशिया, यूरोप और अमेरिका को जोड़ने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दृष्टिकोण सहित कई महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा की। विदेश मंत्री ने 'एक्स' पर कहा कि 'एमएससी 2025 के मौके पर इसराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार से मिलकर खुशी हुई। पश्चिम एशिया के मौजूदा हालात पर विचार-विमर्श किया।

# अमेरिका ने की भारत सहित कई देशों के अनुदान में कटौती

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**एलन** मस्क के नेतृत्व वाले अमेरिकी सरकार कार्यदक्षता विभाग ने भारत में चुनावों में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने' के लिए दिए जाने वाले 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर के आवंटन सहित व्यय में कई कटौतियों की घोषणा की है।

**भारत में वोटिंग बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर की मदद रोकी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले महीने मस्क को सरकारी दक्षता विभाग का प्रमुख चुना था। शासन में सुधार और फिजूलखर्ची पर रोक लगाने के लिए विभाग ने 'एक्स' पर पोस्ट में इस कटौती की घोषणा की। विभाग ने कहा कि अमेरिकी करदाताओं के पैसे निम्नलिखित मदों पर खर्च किए जाने वाले थे, जिनमें से सभी को रद्द कर दिया है। सूची में चुनाव और राजनीतिक प्रक्रिया सुदृढ़ीकरण के लिए समूह को 48.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर का अनुदान शामिल था, जिसमें मोल्दोवा में 'समावेशी और भागीदारीपूर्ण राजनीतिक प्रक्रिया' के लिए 2.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर और 'भारत में चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने' के लिए 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर शामिल थे। वहीं, बांग्लादेश में राजनीतिक परिदृश्य को मजबूत करने के लिए 2.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर के आवंटन, साथ ही नेपाल में राजकोषीय संघवाद के लिए 2 करोड़ अमेरिकी डॉलर और वहां ''जैव विविधता संरक्षण के लिए 1.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर के आवंटन को भी रद्द कर दिया है।

**कयास** सदन में मच सकता है बवाल, कर्ज के बोझ तले दबी प्रदेश सरकार जूझ रही कई मोर्चों पर

# कैग की रिपोर्ट बताएगी सरकार की वित्तीय हालत

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश का बजट सत्र कई मायनों में अहम रहने वाला है। 10 मार्च से शुरू होने वाले बजट सत्र में आर्थिक सर्वेक्षण से लेकर नियंत्रण एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट पर सदन में बवाल मच सकता है। कर्ज के बोझ तले दबी प्रदेश सरकार को कई मोर्चों पर एक साथ जूझना पड़ रहा है।

अनंत ज्ञान स्पैशल

पिछले अढ़ाई साल के अपने शासन में सुक्खू सरकार वित्तीय संतुलन बनाए रखने का प्रयास जरूर कर रही है, मगर ये प्रयास नाकाफी दिख रहे हैं। केंद्र से उदार वित्तीय मदद की एवज में निर्धारित तय मानकों पर चलना बेहद कठिन है, सबसे पहले ओपीएस की जगह यूपीएस को लागू करना पड़ेगा, उसके पश्चात स्वच्छ पर्यावरण बनाए रखने पर अपनी दृढ़ इच्छा जाहिर करनी पड़ेगी। साथ ही जंगलों का विस्तार भी इसी कड़ी में शामिल है, तभी केंद्र अपने विशेष अधिकार के तहत सुक्खू सरकार को आर्थिक संबल प्रदान कर सकता है। समस्या यह है कि यहां पर कांग्रेस की सरकार है, जबकि केंद्र में भाजपा नीत राजग सरकार राज कर रही है, लिहाजा, दोनों ही विपरीत दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### वित्तीय प्रबंधन या कुप्रबंधन का चलेगा पता

**इस** बार के विधानसभा के बजट सत्र में जो 10 से 28 मार्च तक चलेगा और 17 मार्च को आम बजट पेश किया जाना है। उसके मद्देनजर हालिया ताजा रिपोर्ट जोकि, 2023-24 के लिए सदन में रखवी जाएगी, उसमें सरकार के वित्तीय प्रबंधन या कुप्रबंधन की पोल भी खुलकर सामने आ जाएगी। जाहिरतौर पर इसमें तयशुदा हंगामा बरपने के पूरे आसार नजर आ रहे हैं।

### कैग ने अपनी रिपोर्ट में वित्तीय प्रबंधन के लगातार गिरते स्तर पर जताई है चिंता


**नियंत्रण** एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने पिछले कई सालों से अपनी रिपोर्ट में वित्तीय प्रबंधन के लगातार गिरते स्तर पर अपनी चिंता जाहिर की है। सरकार पर




सालाना तय बजट से अधिक बजट खर्च करने का आरोप लगा चुकी है। विधानसभा में तयशुदा बजट से ज्यादा खर्च हो रहा है, उस पर सरकार को आगामी 10 सालों में 61 हजार से अधिक का कर्ज चुकाना है। सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों की हालत भी खस्ता बनी हुई है। कुल 29 उपक्रमों में से 14 उपक्रम भारी घाटे में चल रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि कैग की रिपोर्ट पिछले कुछ सालों से आय-व्यय को सरप्लस में तब्दील होने को लेकर लगातार चेतावनी दे रही है, जबकि, उस पर वास्तविक खर्च मूल बजट तक भी नहीं पहुंच पा रहा है।

### दिल्ली को आज मिल सकता है नया सीएम

**नई दिल्ली।** दिल्ली का मुख्यमंत्री कौन होगा, इसका फैसला सोमवार को हो जाएगा। नए मुख्यमंत्री के चयन को लेकर भारतीय जनता पार्टी की विधायक दल की बैठक दोपहर तीन बजे होगी। बैठक में नेता सदन का चुनाव किया जाएगा और दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री का नाम तय किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली में 19 या 20 फरवरी को शपथ ग्रहण हो सकता है. इससे पहले विधायक दल की बैठक होगी। बताया जा रहा है कि भाजपा के 48 में से 15 विधायकों के नाम छांटे गए हैं, उसमें से 9 नाम शॉर्ट लिस्ट किए जाएंगे। इन्हीं में से मुख्यमंत्री, मंत्री और स्पीकर का नाम तय किया जाएगा। बैठक में कई बड़े नेता भी शामिल होंगे, जो नए मुख्यमंत्री के नाम पर अपनी मुहर लगाएंगे।



## न्यूज ब्रीफ

### विधायक ने सुभाष को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, भोटा।** ताल पंचायत के दियोट गांव निवासी सुभाष चंद मिश्रा को अग्निशमन विभाग में अभूतपूर्व सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पदक मिला है। यह पुरुस्कार उन्हें राज्यपाल ने दिया है। इस अवसर पर उनके निवास स्थान पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सदर विधायक आशीष शर्मा ने उनके निवास स्थान पर पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया एवं शुभकामनाएं दीं। सुभाष शर्मा को अग्निशमन विभाग में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए यह पुरस्कार मिला है।

### गुर्याह गांव के रास्ते में बिछाई जा रहीं पेवर टाइल्स

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** गलोड़ खास पंचायत के तहत गांव गुर्याह में ओंकार चंद के घर से विनोद कुमार के घर तक लगभग 225 मीटर रास्ते में पेवर टाइल्स लगाने का काम जोरों पर चला हुआ है। इस रास्ते पर दो लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। पेवर टाइल्स के साथ-साथ अंडरग्राउंड नाली भी बनाई गई है। ग्रामीणों में अजीत कुमार, विनोद कुमार, बक्शी राम, अमर नाथ, विजय कुमार का कहना है कि 1977 के बाद इस रास्ते की आज तक सुध नहीं ली। प्रधान संजीव शर्मा ने इस रास्ते पर पेवर टाइल्स लगाने का बीड़ा उठाया और बहुत जल्द ग्रामीणों के लिए आरामदायिक आवागमन की सुविधा शुरू हो जाएगी।

### लाहड़ी कृषि सहकारी सभा का चुनाव 7 मार्च को

**अनंत ज्ञान, भोटा।** द लाहड़ी कृषि सहकारी सभा का चुनाव 7 मार्च को होगा। इसके लिए सभा के प्रबंधक समिति के सदस्यों ने चुनाव से संबंधित प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नामांकन 19 व 20 फरवरी को भरे जाएंगे और चुनाव 7 मार्च को होगा। यह जानकारी सभा प्रधान, बलवंत सिंह, सचिन वीरेंद्र कुमार द्वारा दी गई। चुनाव संबंधी सभी प्रक्रिया कार्यालय में होगी।

### छात्राओं के लिए आज से शुरू होगा ब्यूटीशियन कोर्स

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा में दो सप्ताह का ब्यूटीशियन कोर्स 17 फरवरी से 3 मार्च तक चलेगा। कॉलेज की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सैल (आईक्यूएसी), महिला शिकायत निवारण सेल (डब्ल्यूजीआरसी), संकाय और छात्र कौशल विकास समिति (एफएसएसडीसी) और नई पहल समिति (एनआईसी महाविद्यालय की छात्राओं के लिए दो सप्ताह का ब्यूटीशियन कोर्स आयोजित कर रही है। यह कोर्स छात्राओं को मूलभूत ब्यूटीशियन कौशल प्रदान करेगा, जिससे उन्हें रचनात्मकता का पता लगाने, व्यक्तिगत सौंदर्य बढ़ाने और व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने में सक्षम बनाया जाएगा। यह जानकारी धनेटा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ज्ञान चंद राणा ने दी। उन्होंने कहा कि यह कोर्स की संयोजक नीलम अग्निहोत्री के देखरेख में आयोजित किया जाएगा तथा छात्राओं के कौशल विकास के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। डॉ. राणा ने बताया कि इस कोर्स में महाविद्यालय की 40 छात्राओं ने पंजीकरण कराया है। इस ब्यूटीशियन कोर्स के उद्घाटन समारोह में राजकीय महाविद्यालय शिवनगर, जिला कांगड़ा की प्राचार्य डॉ. संगीता सिंह शिरकत करेंगी।

### 108 में करवाई गर्भवती महिला की डिलीवरी

**अनंत ज्ञान, भोटा।** 108 नेशनल एंबुलेंस गर्भवती महिला के लिए वरदान साबित हुई है। रविवार सुबह 4 बजे शुक्र खड्ड से 108 नंबर पर कॉल आई कि किसी महिला की तबीयत अचानक खराब हो गई है। एंबुलेंस के तकनीशियन ईएमटी सुशील स्याल एवं पायलट हरमिंदर मौके पर पहुंचे और महिला के वाइटल चेक किए। उसके बाद महिला को अस्पताल ले जाने लगे तो महिला की तबीयत रास्ते में ही ज्यादा खराब हो गई। इसलिए एंबुलेंस के स्टाफ ने वहीं पर ही प्रसव करवाने का निर्णय लिया। लगभग सुबह 4.42 पर स्टाफ प्रसव करवाने में सफल हुआ, जो अपने आप में एक उपलब्धि से कम नहीं है। प्रसव के बाद जच्चा और बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। प्रसव के बाद महिला को मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में दाखिल करवाया गया है। गर्भवती महिला का नाम आरती है और शुक्र खड्ड गांव की निवासी है। प्रसव के दौरान महिला को लड़का हुआ है। महिला के परिजनों ने एंबुलेंस के स्टाफ का धन्यवाद किया है। वहीं, 108 नेशनल एंबुलेंस सर्विस के जिला प्रभारी पंकज शर्मा का कहना है कि 108 एंबुलेंस का स्टाफ 24 घंटे मरीजों की सेवा करने में कार्यरत है।

---

**बड़ी लापरवाही : 100 से ज्यादा दुकानदारों ने 20 साल से नहीं चुकाया किराया**

# नगर निगम काटेगा बिजली-पानी के कनेक्शन

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

नगर परिषद से नगर निगम बनी हमीरपुर म्युनिसिपल की भीतरी व्यवस्था से जुड़े हुए कई ऐसे चौंकाने वाले तथ्य उजागर होने लगे हैं, जिसमें करोड़ों की देनदारी का लेखा-जोखा कार-कारिंदों की पोल खोल रहा है। 100 से ज्यादा दुकानदार ऐसे हैं, जिन्होंने 20-20 साल से किराया ही नहीं दिया। किसी ने इनकी वसूली की जहमत नहीं उठाई और न ही कोई बड़ी कार्रवाई की। एक करोड़ से ज्यादा की यह लेनदारी अब नगर निगम के गले की फांस बन गई है। इसलिए अब नए एक्ट के तहत इनके बिजली-पानी के कनेक्शन काटने की तैयारी हो गई है। 20 फरवरी तक के नोटिस जारी होने लगे हैं। (अनंत ज्ञान)

**एक करोड़ बकाया, अब सोमवार से नोटिस होंगे जारी**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

### बदल चुका एक्ट

**नगर** परिषद से अब यह शहर नगर निगम का रूप अख्तियार कर चुका है, इसलिए यहां कार्रवाई का एक्ट भी बदल चुका है। अब जो कार्रवाई होगी, वह पुराने अंदाज की नहीं, बल्कि नए एक्ट के तहत होगी। इसलिए 20 फरवरी तक के जो नोटिस जारी किए गए हैं, वह सामान्य नहीं हैं। जो नोटिस नहीं लेंगे, उनकी दुकानों पर उसे 'चशपा' दिया जाएगा और उसके बाद बिजली-पानी काटने की कार्रवाई शुरू हो जाएगी। इसलिए लगता यही है कि बकाया दुकानदारों को चुकाना ही पड़ेगा।

> चिंता का विषय तो है, लेकिन अब पुराने कामों के बिलों को चुकाना बड़ी जिम्मेदारी है, समय लगेगा। फिलहाल 100 से ज्यादा दुकानदारों को एक करोड़ की रिकवरी के लिए सोमवार से नोटिस जारी हो जाएंगे, जिन्हें 5 दिन का समय दिया जाएगा। 20 तारीख तक यदि उन्होंने बकाया राशि जमा नहीं करवाई, तो बिजली पानी के कनेक्शन नगर निगम के नए एक्ट के तहत प्रभावी तौर पर काट दिए जाएंगे। इसमें कोई संकोच नहीं होगा।
> **-राहुल चौहान, नगर निगम के प्रशासक और हमीरपुर के एडीएम**

### एक-एक किरायेदार का 10-10 लाख बकाया

**अब** यदि 10 साल से किरायेदार किराया ही नहीं दे रहे और वसूली के लिए कोई काम ही नहीं हो रहा तो फिर कसूर किसका है। नगर निगम के मौजूदा प्रशासक अब इसी कारगुजारी से भौचक्के हुए पड़े हैं क्योंकि 10-10 साल से यदि किराया ही नहीं दिया तो कार्रवाई किसने करनी थी किसकी जवाबदेही थी, यही सवाल अब प्रशासकों पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

### 6 करोड़ की देनदारी के चंगुल में नगर निगम

**नगर** परिषद के सदस्य प्रस्ताव पारित करते रहे, टेंडर लगते रहे, काम होते रहे, लेकिन पैसा था नहीं। अब पता चल रहा है कि लगभग 6 करोड़ की देनदारी नगर निगम के गले की फांस बन गई है। एक करोड़ 71 लाख रुपए की गार्बेज की देनदारी, 55 लाख के पैनल के बिल, 14 लाख बेंडर्स का प्रति माह का बिल और ऊपर से साढ़े 6 लाख गाड़ियों का खर्चा। यही सब कुछ नगर निगम की भीतरी व्यवस्था से जुड़ी हुई स्थिति है। 2 लाख रुपए बिजली का बिल प्रतिमाह बनता है। केवल आपदा प्रबंधन से जुड़े हुए नालों की चेनालाइजेशन के लिए बजट है और इस पर तकरीबन 6 करोड़ रुपए का प्रावधान है। उसमें समस्या नहीं है।

### ढाई करोड़ की ग्रांट, नए प्रशासक चिंतित

**अभी** नगर निगम को केवल ढाई करोड़ रुपए की ग्रांट आएगी, लेकिन उससे काम कैसे चलेगा। 6 करोड़ की देनदारियां उसे चुकाई नहीं जाएंगी, इसीलिए नए प्रशासक इसी से चिंतित हैं।

### आज से हो जाएगी कार्रवाई शुरू

**दरअसल** हमीरपुर शहर में तकरीबन डेढ़ सौ ऐसी दुकानें हैं, जो अब नगर निगम के हवाले हो गई हैं। इनका किराया वसूलने की जिम्मेदारी पहले से की नगर परिषद की थी, लेकिन प्रस्ताव पारित करने के अलावा हमीरपुर की तत्कालीन नगर परिषद ने और कुछ भी नहीं किया। इसलिए किराएदार दुकानदारों की हेकड़ी ज्यों की त्यों कायम रही। इसकी रिकवरी की किसी ने जहमत नहीं उठाई। तकरीबन डेढ़ सौ से ज्यादा किराएदार हैं, जिनमें 100 से ज्यादा की संख्या ऐसी है, जो 10 साल से ज्यादा समय से किराया नहीं दे रहे। दुकानों को कब्जा के ऐसे बैठे हुए हैं, जैसे यह उनकी निजी जागीर हो।

---

# जिलेभर के सभी पटवार सर्किल अब होंगे ऑनलाइन

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

प्रदेशभर में राजस्व विभाग के कार्य भी ऑनलाइन मोड में किए जा रहे हैं। इसके लिए सभी पटवार सर्किलों के पटवारियों को लैपटॉप दिए जा चुके हैं। प्रदेश सरकार द्वारा अब इन सभी पटवार सर्किलों को ऑनलाइन करने जा रही है, जिसके लिए जियो कंपनी को इसका टेंडर दिया गया है। जियो कंपनी सभी पटवार सर्किलों में ब्रॉडबैंड स्थापित करेगी, जिसके पटवार सर्किलों की लोकेशन मंगवाई जा रही है। इसके लिए कंपनी के कर्मचारी मैपिंग कर रही है।

बता दें कि पटवार सर्किलों में ब्रॉडबैंड लगाने से लोगों के कार्य करने में पटवारियों को आसानी होगी। जिला हमीरपुर की बात करें तो यहां पर 199 पटवार सर्किलो हैं, जहां पर ब्रॉडबैंड लगाए जाने हैं। (अनंत ज्ञान)




**जियो कंपनी पटवार सर्किलों में लगा रही ब्राडबैंड**

> सभी पटवारियों को लैपटॉप दे दिए गए हैं। जिले के सभी पटवार सर्किल शीघ्र ऑनलाइन कार्य करना शुरू कर देंगे। मैपिंग कर ली गई है।
> **-जगदीश चंद, जिला राजस्व अधिकारी**

> पटवार सर्किलों की लोकेशन मांगी गई है, जिसे अभी तक पटवारियों द्वारा नहीं भेजा गया है। लोकेशन भेजने से ब्रॉडबैंड लगाने में आसानी होगी।
> **मुनीष, जियो कंपनी**

### पटवारियों-कानूनगो के पद खाली होने से आ रही परेशानी

जिले के 26 पटवार सर्किलों में पटवारियों के पद खाली हैं, वहीं 23 पद कानूनगो के खाली चल रहे हैं। पटवार सर्किलों में पटवारी न होने के चलते अतिरिक्त कार्यभार दूसरे पटवारियों को दिया जा रहा है। जियो कंपनी के कर्मचारियों को मैपिंग करने में परेशानी हो रही है। हालांकि प्रदेश सरकार से कई बार इन पदों को भरने के लिए लिखा गया, लेकिन अभी तक इन पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है।

---

# सुजानपुर में वाहन चालकों को शीघ्र मिलेगी पार्किंग की सुविधा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर वासियों को जल्द ही पार्किंग की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। पार्किंग व्यवस्था न होने के चलते लोगों को अपने वाहन खड़ा करने में परेशानी होती थी। अब सुजानपुर शहर में पार्किंग की नगर परिषद सुजानपुर इस समस्या से निजात दिलाने को लेकर के जहां पार्किंग का निर्माण कर वाहन चालकों के लिए पार्किंग सुविधा की व्यवस्था करेगी, वहीं पार्किंग से नगर परिषद को भी आय होगी।

बाकायदा से चौगान के किनारे चार स्थानों को चयनित करके पार्किंग के निर्माण को लेकर के ठेका भी आबंटित कर दिया है। इस पर 40 लाख रूपए की धनराशि खर्च होने का अनुमान है। सुजानपुर में दिन-प्रतिदिन पार्किंग की समस्या ज्वलंत बनती जा रही थी, जिसको लेकर के हर दिन अकसर यातायात प्रभावित होने के साथ-साथ शहर की सुंदरता को भी ग्रहण लग रहा है। नगर परिषद सुजानपुर ने चौगान के किनारे पार्किंग के लिए स्थान चयनित कर लिया है। इसमें चार स्थानों पर वाहन पार्किंग किए जाएंगे, जिनका निर्माण टैक्सी स्टैंड, ट्राला स्टैंड के पास, एसबीआई बैंक के पास तथा उसके साथ रेलिंग के बाहर निर्माण किया जाएगा।

नगर परिषद सुजानपुर के कार्यकारी अधिकारी अजमेर ठाकुर ने बताया कि पार्किंग व्यवस्था के निर्माण को लेकर ठेके का कार्य आबंटित कर दिया है। बाकी की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करके कार्य शुरू कर दिए जाएगा। उन्होंने जनता से सहयोग मांगा है।

### 28 तक कार्य पूरा करने के दिए निर्देश : रणजीत

सुजानपुर के विधायक रणजीत सिंह ने कहा कि सुजानपुर प्रशासन को 28 फरवरी तक पार्किंग सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए हैं। सुजानपुर शहर में पार्किंग की मांग लंबे समय से थी।

---

**हिमाचल प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों का प्रदेश सरकार कब देगी साथ**

# स्वयं उठा रहे खर्च, संसाधानों की नहीं मिली कोई मदद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम ने ग्वालियर में आयोजित चौथी नेशनल व्हीलचेयर क्रिकेट चैंपियनशिप 2025 में भाग लिया और अपनी क्षमता से कहीं अधिक संघर्ष करते हुए शानदार मुकाबले खेले। हालांकि टीम टूर्नामेंट की दौड़ से बाहर हो गई, लेकिन खिलाड़ियों ने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद मैदान पर पूरी शिद्दत के साथ संघर्ष किया।

हिमाचल प्रदेश, जो अपने ऊंचे पहाड़ों और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के लिए जाना जाता है, वहां दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए खेल में आगे बढ़ना किसी युद्ध से कम नहीं है। दुर्भाग्यवश, इस राज्य की व्हीलचेयर क्रिकेट टीम को न तो सरकार की ओर से कोई आर्थिक सहायता मिलती है और न ही आवश्यक संसाधन। इसके बावजूद खिलाड़ी बिना किसी शिकायत के अपने दम पर खेल सामग्री खरीदते हैं और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए अपने खर्चे पर यात्रा करते हैं।

टीम के संयोजक राजन ने बताया कि टीम के सभी खिलाड़ी सीमित संसाधनों के बावजूद पूरे दिल से खेलते हैं। हमारा सपना है कि हम हिमाचल प्रदेश का नाम ऊंचा करें, लेकिन जब सरकार और प्रशासन की ओर से कोई सहायता नहीं मिलती, तो यह सपना हर बार अधूरा सा लगने लगता है।

राजन ने बताया कि हम अपने घरों में बैठे नहीं हैं। हम मैदान पर हैं। हम हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन करना चाहते हैं, लेकिन बिना संसाधनों के हमारी राह में सिर्फ मुश्किलें ही मुश्किलें हैं। यह खिलाड़ियों का दर्द है, जो हर दिव्यांग खिलाड़ी की हकीकत भी है। जब एक दिव्यांग खिलाड़ी व्हीलचेयर पर बैठकर बल्ला घुमाता है, तो वह सिर्फ एक गेंद को नहीं मारता, वह हर उस नकारात्मक सोच को तोड़ता है, जो उसे कमजोर समझती है।

इस बार हिमाचल प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम टूर्नामेंट में आगे नहीं बढ़ सकी, लेकिन उनका हौसला और जज्बा कभी नहीं हारेगा। सवाल यह है कि क्या सरकार और समाज इनकी मेहनत को पहचानेगा। वह समय कब आएगा, जब दिव्यांग खिलाड़ी भी गर्व से कह सकेंगे कि हमें भी सरकार से सहयोग मिला है और हमने दुनिया को दिखा दिया कि हम किसी से कम नहीं।



हिमाचल प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के खिलाड़ी।

---

# बच्चों को निरंतर आगे बढ़ने की दी प्रेरणा



त्रिशा पब्लिक स्कूल के वार्षिक समारोह में मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों के साथ अन्य गणमान्य।

**सुनील कुमार, हमीरपुर**

त्रिशा पब्लिक स्कूल जोसप्पड़ में वार्षिक समारोह के दौरान मस्त बचपन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वार्षिक समारोह में वाइस प्रेजिडेंट त्रिशा शिक्षण सोसायटी मनोरमा शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

वार्षिक समारोह की अध्यक्षता त्रिशा शिक्षण समिति की सदस्य वीना कहौल ने की। वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा ज्योति प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की व बच्चों ने स्वागतम गीत के साथ मुख्य अतिथि का स्वागत किया। त्रिशा शिक्षण सोसायटी मनोरमा शर्मा ने बच्चों को वार्षिक परीक्षाओं को लेकर शुभकामनाएं दीं। त्रिशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के अध्यक्ष एनके शर्मा ने बच्चों को वार्षिक समारोह में भाग लेने वाले बच्चों को बधाई दी व आगे बढ़ने के लिए मेहनत करने की प्रेरणा दी।

स्कूल प्रधानाचार्य मोनिका राणा द्वारा मुख्य अतिथि मनोरमा शर्मा को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य मोनिका राणा ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। इसके बाद नन्हे-मुन्ने बच्चों ने छोटा बच्चा जानकर हमें आंख न दिखाना रे, कोई कहे कहता रहे, बम बम भोले मस्ती में डोले रे, पापा कहते हैं बड़ा नाम करेगा, ठंडी-ठंडी हवा जे जुल्दी, मेरा जूता है जापानी, रोहड़ू जाना मेरी अम्मी ये आदि गीतों पर प्रस्तुतियां देकर वाहवाही लूटी।

इस अवसर पर राजेश कुमार, को-ऑर्डिनेटर रविंद्र कुमार, आश मोहम्मद, ममता ठाकुर, रजिया बेगम, गुलशन बेगम, ज्योति भारद्वाज, प्रीति पालीवाल आदि शिक्षक उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

---

# टैक्सी चालक की मौत मामले में पुलिस ने की छानबीन शुरू

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर में शनिवार रात को एक टैक्सी चालक की मौत हो गई। प्रथम दृष्टि में मौत का कारण हृदय गति रुकना बताया जा रहा है। बहरहाल मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक व्यक्ति के शव को कब्जे में लेकर मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मृतक व्यक्ति के परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

जानकारी अनुसार लड़भढ़ोल जिला मंडी निवासी होशियार सिंह आयु 48 वर्ष जो पेशे से टैक्सी चालक का काम करता था, सवारियां लेकर चंडीगढ़ से पालमपुर जा रहा था। इस दौरान वह जब सुजानपुर पहुंचा तो सुजानपुर पालमपुर मुख्य मार्ग नजदीक व्यास पुल के पास बने एक चायपान की दुकान पर गाड़ी रोकी और वहां जलपान इत्यादि करने के लिए चला गया। इस दौरान उनके साथ गाड़ी में बैठी सवारियां भी जलपान करने के लिए वहां पर रुकीं। उन्होंने भी भोजन इत्यादि किया और वापस जब खाना खाने के बाद गाड़ी की तरफ आए तो वहां गाड़ी का चालक नहीं था। इसके बाद उन्होंने उसे फोन किया तो उसकी फोन की रिंग ढाबे के वाशरूम की तरफ बजती हुई सुनाई पड़ी।

इसके बाद सभी लोग उस ढाबे के के पीछे बने वाशरूम में गए तो वहां देखा होशियार सिंह मूर्छित अवस्था में नीचे गिर पड़ा था। मौके पर तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे सिविल हॉस्पिटल सुजानपुर लाया गया। जहां करीब 15 मिनट तक उसका उपचार किया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचित करने के बाद रविवार को मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम करवाने के लिए भेजा गया जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। सुजानपुर के एसएचओ राकेश धीमान ने एसपी हमीरपुर भगत सिंह के हवाले से बताया कि शव का पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर रही है।

---

# छात्रों में बढ़ेंगे वैश्विक सीख के अवसर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर एवं हीरानगर, जो शैक्षणिक उत्कृष्टता और वैश्विक शिक्षा के प्रति समर्पित है। इन स्कूलों ने केंब्रिज इंग्लिश सर्टिफिकेशन पर आधारित ओरिएंटेशन सत्र सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस पहल का उद्देश्य कक्षा 5 से 8 तक के छात्रों के लिए अगले सत्र से केंब्रिज इंग्लिश सर्टिफिकेशन शुरू करना है, जिससे उनकी अंग्रेजी भाषा की दक्षता और वैश्विक सीख के अवसर बढ़ सकें।

दोनों विद्यालयों में छात्रों के लिए ओरिएंटेशन सत्र 15 फरवरी को आयोजित किया गया, जबकि 16 फरवरी को अभिभावकों के लिए विकास नगर में एक विशेष सत्र रखा गया, जिसमें उन्हें केंब्रिज इंग्लिश सर्टिफिकेशन की संरचना, इसके लाभ और तैयारी के तरीकों की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम की शुरुआत अशोक सिंह गुलेरिया और भारती शर्मा ने की, जिन्होंने इसे एक संवादात्मक सत्र बनाने में मदद की। इवेंट प्रबंधन सीमा ठाकुर द्वारा किया गया। सत्र का संचालन मिस रोहिणी मिधा, वरिष्ठ प्रबंधक एवं मिस हरलीन कौर, संचालन प्रबंधक, लर्निंग विंग्स एजुकेशन सिस्टम ने किया। उन्होंने केंब्रिज इंग्लिश सर्टिफिकेशन पाठ्यक्रम के लाभों पर विस्तृत चर्चा की और अभिभावकों के सवालों का उत्तर दिया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रो. आरसी लखनपाल, उपाध्यक्ष सीपी लखनपाल, प्रिंसिपल शैक्षणिक, डॉ. हिमांशु शर्मा, हीरा नगर कैंपस की प्रिंसिपल शशि बाला, प्रशासनिक अधिकारी प्राकृत लखनपाल और शिक्षक पूजा शर्मा सहित अन्य शिक्षक एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहे। प्रिंसिपल शैक्षणिक, डॉ. हिमांशु शर्मा ने भी अभिभावकों को संबोधित किया और इस नई पहल पर अपने विचार साझा किए, जो विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता की दृष्टि से पूरी तरह मेल खाती है।

हिम अकादमी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस वैश्विक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मॉडल यूनाइटेड नेशन्स (एमयूएन), राउंड स्क्वेयर और एएफएस कार्यक्रम जैसी पहलों के माध्यम से छात्रों को संपूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में दोनों विद्यालयों में कैंब्रिज इंग्लिश सर्टिफिकेशन की शुरुआत भी एक विशेष पहल है।



हिम अकादमी पब्लिक स्कूलों ने केंब्रिज सर्टिफिकेशन प्रोग्राम पर ओरिएंटेशन सत्र आयोजित किया।

---

**आयोजन** — **विजेता टीमों को उत्तिष्ठति फाउंडेशन अपने प्रोटोटाइप को बाजार-योग्य उत्पाद में बदलने में करेगी सहायता**

# टीम अन्वेषा और केमोट्रॉनिक्स ने 'राष्ट्रीय स्टार्टअप समिट' में हासिल की जीत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राष्ट्रीय स्टार्टअप समिट 2025, जो 14 से 16 फरवरी तक एनआईटी हमीरपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन ने युवा उद्यमियों और नवाचार को बढ़ावा दिया। इस समिट में प्रोडक्टाथॉन और आइडियाथॉन नामक दो प्रमुख प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनके साथ विशेषज्ञ व्याख्यान और समापन समारोह भी हुआ। प्रोडक्टथॉन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को 24 घंटे के भीतर एक कार्यशील प्रोटोटाइप विकसित करने की चुनौती दी गई थी।

इस प्रतियोगिता में पहला स्थान 70 हजार रुपए टीम अन्वेषा टीम लीडर यशवंत सिंह, एनआईटी हमीरपुर ने शैवाल-आधारित वायु शोधक प्रोटोटाइप विकसित करने के लिए दिया गया। दूसरा स्थान 50 हजार रुपए वायु सेना टीम लीडर साहिल वत्सी, एसपीयू मंडी ने आपातकालीन स्थितियों में इनडोर नेविगेशन सिस्टम, तीसरा स्थान 30 हजार रुपए टीम वोल्टएसेस टीम लीडर अभिषेक दुहारिया, एनआईटी हमीरपुर एकल माइक्रोकंट्रोलर का उपयोग कर मल्टी-सेंसर डिप्लॉयमेंट और टेस्टिंग के लिए दिया गया। आइडिया थॉन प्रतियोगिता का उद्देश्य अभिनव विचारों को प्रस्तुत करना था। इस प्रतियोगिता में पहला स्थान 40 हजार रुपए टीम केमोट्रॉनिक्स, टीम लीडर परम सोहल एनआईटी हमीरपुर, औद्योगिक पाइपलाइन सीवेज सफाई रोबोट के लिए, दूसरा स्थान 25 हजार रुपए सीओ टू कॉन्करर्स एनआईटी हमीरपुर, तीसरा स्थान 50 हजार रुपए साझा पुरस्कार टीम टॉरवाल्ड्स और टीम यूनिसोल एनआईटी हमीरपुर को दिया गया। इसके अतिरिक्त 20 हजार रुपए के सांत्वना पुरस्कार भी योग्य टीमों को प्रदान किए गए।

अंतिम दिन, विभिन्न विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान दिए जिसमें सीएसआईओ चंडीगढ़ के वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ. सुरेंद्र सिंह सैनी ने उत्पाद विकास में चुनौतियां, ओकुलोसेंस प्रा. लिमिटेड के सह संस्थापक ई. ऋषभ धेनकावत और एनआईटी हमीरपुर के पूर्व छात्र ने स्टार्टअप यात्रा और एनआईटी हमीरपुर इनक्यूबेशन सेंटर में उनके अनुभव साझा किए। इसके बाद समापन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. सुरेंद्र सिंह सैनी मुख्य अतिथि और ललित कौंडल, पूर्व संचालन प्रमुख, स्काई गियर ऑपरेशन्स, विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

इस अवसर पर प्रो. राकेश सेहगल, डीन (आर एंड सी) और डॉ. अशोक कुमार, डीन स्टूडेंट वेलफेयर, एनआईटी हमीरपुर भी उपस्थित रहे। विजेता टीमों को उत्तिष्ठति फाउंडेशन (आईटीबीआई- एनआईटी हमीरपुर) के माध्यम से अपने प्रोटोटाइप को बाजार-योग्य उत्पाद में बदलने के लिए सहायता प्रदान की जाएगी। इस आयोजन की सफलता में डॉ. पमिता अवस्थी, प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर, डायरेक्टर-आईटीबीआई उत्तिष्ठति फाउंडेशन, डॉ. राजेश कुमार शर्मा, को-प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर, डायरेक्टर-आईटीबीआई उत्तिष्ठति फाउंडेशन, डॉ. राकेश शर्मा, फैकल्टी इंचार्ज तकनीकी गतिविधियां और डॉ. कीर्ति महाजन, असिस्टेंट फैकल्टी इंचार्ज तकनीकी गतिविधियां का विशेष योगदान रहा।

उन्होंने एनआईटी हमीरपुर के निदेशक प्रो. एचएम सूर्यवंशी और डॉ. अर्चना एस. नानोटी को उनके प्रशासनिक समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। राष्ट्रीय स्टार्टअप समिट 2025 ने नवोद्यमियों को अपनी नवाचार क्षमताओं को प्रदर्शित करने और महत्वपूर्ण मेंटरशिप प्राप्त करने के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान किया। एनआईटी हमीरपुर भविष्य में भी इसी तरह के प्रभावशाली आयोजनों की योजना बना रहा है।



राष्ट्रीय स्टार्टअप समिट 2025 का एनआईटी हमीरपुर में सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

---

# बिल्लकलेश्वर महादेव मंदिर बटाहली में शिव महापुराण कथा 19 फरवरी से



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

उपमंडल नादौन के प्रसिद्ध धार्मिक. स्थल बिल्ल कलेश्वर महादेव मंदिर बटाहली में 19 से 27 फरवरी तक प्रयागराज में महाकुंभ पर्व के चलते एवं महाशिवरात्रि पर्व के दौरान महा शिव पुराण कथा का आयोजन किया जाएगा।

इस आयोजन के संदर्भ में आज महादेव मंदिर परिसर में बिल्ल कलेश्वर महादेव सुधार सभा के प्रधान कृष्ण प्रसाद कौंडल की अध्यक्षता में एक विशेष वैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पंचायत फस्टे के प्रधान तिलक राज के अतिरिक्त सभा के सदस्य करतार चंद, दौलत राम, रमन कुमार, सुरेश कुमार, जोगिंदर सिंह, किशोरी लाल, देश राज, सीमा देवी, आशा देवी, रामप्यारी, के अतिरिक्त क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

सभा के सचिव हंसराज ने बताया की शिव पुराण कथा का शुभारंभ 19 फरवरी को भव्य कलश यात्रा निकाल कर किया जाएगा। 27 फरवरी को कथा विश्राम के बाद विश्व शांति के लिए विशाल महायज्ञ आयोजित होगा एवं उसी दिन विशाल भंडारा भी किया जाएगा। सभा ने सभी क्षेत्र वासियों से इस आयोजन के लिए जनसहयोग की अपील की हैं। (अनंत ज्ञान)

# श्री नयना देवी में 15 दिन से पानी की भारी किल्लत

## पंजाब कॉर्पोरेशन द्वारा नहर की सफाई करने के चलते पेश आई दिक्कत

**शुभम राही, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश के मशहूर शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी में पिछले लगभग 15 दिनों से पानी की भारी किल्लत है। श्री नयना देवी में हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि घरों में भी खाना बनाने के लिए पानी भी नहीं है, जबकि विभाग के अधिकारियों ने पंजाब कारपोरेशन के द्वारा नहर की मरम्मत के कार्य का हवाला देकर अपना पल्ला झाड़ लिया है। इस धार्मिक स्थल पर करोड़ों रुपए पेयजल उपलब्ध करवाने पर खर्च किए गए हैं, लेकिन वर्ष भर में कई बार श्री नयना देवी और आसपास के पंचायत के लोगों को पेयजल के लिए भटकना पड़ता है।

उल्लेखनीय है कि प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री नयना देवी के अलावा घबंडल सलोआ, नकराना, मंडयाली आदि पंचायत को आनंदपुर हाइडल चैनल के अंतर्गत चंगर क्षेत्र की मध्यम उठाऊ पेयजल योजना के तहत कोट से लगभग साढ़े छह करोड़ की स्कीम के तहत पेयजल आवंटित किया जाता है, परंतु अब जबकि पंजाब द्वारा नहर की मरम्मत का हवाला देकर लगभग एक 15 दिनों से पानी की आपूर्ति बंद कर दी गई है। ऐसे में इस क्षेत्र में पेयजल संकट ने विकराल रूप धारण कर लिया है तथा लोग पानी की बूंद-बूंद के लिए तरस रहे हैं।



**श्रद्धालुओं को पानी पीने तक के पड़ने लग गए लाले**

स्थानीय लोग टैंकर द्वारा और मिनरल वाटर बाहर से खरीद कर पानी घरों के लिए ला रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि जल शक्ति विभाग ने इस क्षेत्र की जनता को राम भरोसे छोड़ दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कब तक यहां की जनता को अपने पड़ोसी पंजाब राज्य के भरोसे निर्भर रहना पड़ेगा। हिमाचल सरकार इस प्रसिद्ध शक्तिपीठ जहां पर हर साल लाखों की तादाद में श्रद्धालु पहुंचते हैं। उसके लिए अलग से कोई पेयजल स्कीमजब तक निर्मित नहीं करती है। तब तक यहां की जनता को पेय जल के कारण जूझना पड़ता रहेगा तथा भविष्य में इस विकराल समस्या की पुनरावृत्ति न हो।

हिमाचल सरकार को इस पर चिंतन करना नितांत आवश्यक है, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों से पंजाब के अधिकारी नहर की मरम्मत का हवाला देकर प्रत्येक वर्ष पानी की सप्लाई रोक देते हैं। लोगों का कहना है कि सरकार को चाहिए कि इस मशहूर शक्तिपीठ के लिए व्यापक मात्रा मे पानी उपलब्ध करवाया जाए ताकि स्थानीय लोग परेशान न हों। (अनंत ज्ञान)

### हर तरफ पानी के लिए मची त्राहि-त्राहि

**श्री** नयना देवी क्षेत्र में पानी के लिए त्राही-त्राही मची हुई है। इस कारण लोगों ने जल शक्ति विभाग के प्रति गहरा रोष व्यापत है। पेयजल समस्या को लेकर लोगों में दिन-प्रतिदिन गुस्सा बढ़ता जा रहा है। तत्कालीन योजना आयोग के उपाध्यक्ष प्रणब मुखर्जी ने यहां के लोगों को इस समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए साल 1993 में लगभग एक करोड़ रुपया केंद्र से भेजा था, परंतु यह स्कीम ज्यादा देर तक नहीं टिक पाई। अब की जब पंजाब सरकार के साथ एक समझौते के तहत पानी की आपूर्ति इस क्षेत्र में की जाती है तो ऐसे में पंजाब के अधिकारी बिना किसी पूर्व सूचना के पानी की सप्लाई बंद कर देते हैं। उधर, जल शक्ति विभाग की कार गुजारी का आलम यह है। कि पिछले 15 दिनों मे मात्र आधे घंटे की सप्लाई लोगों को दी जा रही है, जो कि ऊंट के मुंह में जींरे के समान थी।अब लोगों को पानी कब मिलेगा। किसी को मालूम नहीं।

# पानी के सोर्स पर पंचायत का जबरन कब्जा, लोग बूंद-बूंद को तरसे

**ओपी शर्मा, भरमौर**

चुराह के सलेला बाड़ी पंचायत की एक और दादागिरी का मामला सामने आया है। यहां पर पंचायत ने जल शक्ति विभाग के सोर्स पर जबरन कब्जा करके पानी को अपने कब्जे में ले लिया है। जिसके चलते पंचायत के चिडोग गांव के 30 से 40 परिवार को पानी नहीं मिल रहा है। पंचायत की इस मनमर्जी के चलते प्राइमरी स्कूल शालेला बाड़ी का पानी भी बंद हो गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत प्रधान द्वारा विभाग के शाली सोर्स से जबरदस्ती पानी को अपने घर ले जाया गया है, जिसके चलते जल शक्ति विभाग द्वारा बनाए गए इंटेक व सोर्स टैंक में पानी आना बंद हो गया है। प्रधान की मनमर्जी के चलते एक पूरे गांव पर पेयजल का संकट आ गया है। इसके लिए लोगों ने बाकायदा कई बार प्रशासन और विभाग के पास भी शिकायतें दी है, लेकिन कोई भी कार्रवाई नहीं हो पाई है। यही नहीं ग्राम वासियों द्वारा इस की शिकायत 1100 नंबर पर भी की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पंचायत द्वारा मनरेगा के तहत मनमर्जी के चलते सोर्स से पानी उठा लिया गया है। जिसकी लोगों ने सरकार को प्रशासन से जांच करने की गुहार लगाई है। लोगों ने यहां पर जल्द इस मामले की जांच न होने पर प्रशासन और सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन में चक्का जाम करने की चेतावनी भी दे दी है।

एसडीओ जल शक्ति बलविंद्र सिंह ने कहा है कि मामला उनके ध्यान में नहीं है। अगर विभाग की पाइप के साथ खिलवाड़ हुआ है तो इसका कड़ा संज्ञान दिया जाएगा, इसकी उचित कार्रवाई की जाएगी और गांव वालों को जल्द पानी सुचारु किया जाएगा। वहीं, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग केवल कुमार ने कहा है कि मामला उनके ध्यान में आया है, विभाग की टीम को मौके पर भेजा जाएगा और जल्द से जल्द उचित कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहती हैं प्रधान नीलम



**उधर,** इस विषय पर प्रधान ग्राम पंचायत सलेलाबाड़ी नीलम कुमारी ने कहा है कि सारे आरोप निराधार हैं और उनकी छवि को खराब किया जा रहा है।

# ऐहजू-बीड़ रोड, धौतड़ा, लदरुई सड़क की अड़चन दूर करवाएं गडकरी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राष्ट्रीय उच्च मार्ग सड़क परौर से पधर आने वाली ऐहजू-बीड़ रोड, धौतड़ा, लदरुई की अड़चन दो दशक से दूर नहीं हो रही है। क्षेत्र के लोग इस दिक्कत से परेशान हो चुके हैं, क्योंकि उनके घरों तक सड़क नहीं निकल रही है।

**ग्रामीणों ने केंद्रीय मंत्री को सौंपा हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन**

अब रुष्ट करीब 24 ग्रामीणों ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को हस्ताक्षरयुक्त एक पत्र लिखकर इस सड़क मार्ग में आ रहे व्यवधान को दूर करने के लिए हस्तक्षेप करने की मांग उठाई है।

उन्होंने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि दो दशक से ज्यादा समय से कुछ लोग भूमि पर अतिक्रमण करके बैठे हैं और सड़क के लिए जमीन नहीं दे रहे हैं। इससे क्षेत्र का विकास रुक गया है। इसमें कुछ राजनीतिज्ञ अपने लाभ के लिए सड़क के सर्वे में फेरबदल करके पर्यावरण को हानि पहुंचाकर व गरीबों के खेत एवं जंगलों को नष्ट करवाना चाहते हैं, जबकि पुराने रोड के साथ बहुत सारी सरकारी भूमि है, जिससे सरकार को भी वित्तीय सहायता होनी थी। यहां पर लोगों ने सरकारी जमीन पर होटल व दुकानें बना रखी हैं। इसी कारण इस सड़क रुख दूसरी ओर मोड़ा जा रहा है। उन्होंने गडकरी से कहा कि राष्ट्रीय उच्च मार्ग 154 (पुराना राष्ट्रीय उच्च मार्ग), (20) फोरलेन के लिए भूमि जांच का निरीक्षण करके डीपीआर तैयार करने का कार्य जारी है और उनमें ज्यादातर हिमाचल से संबंधित वह वर्ग है जिनकी हिमाचल में निजी भूमि है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में बन रही सड़कों का निरीक्षण कर दोषी कर्मचारियों को उचित दंड दिलवाए जाए, ताकि हिमाचल की सुंदरता और पर्यावरण कायम रहे।

---

कहानी-35

**अनंत ज्ञान**


# हर गांव कुछ कहता है

अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए 'अनंत ज्ञान' ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर 'हर गांव कुछ कहता है' नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाता है। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहता है।

पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702, 8091450407 पर भेजें। सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य भेजें।

# कृषि-रोजगार से परिवार पाल रहे ढेलू के बाशिंदे

## जोगिंद्रनगर से करीब दो किलोमीटर दूर बसा है खूबसूरत गांव





ढेलू पंचायत में पड़ने वाला बंडेरी माता का मंदिर

'हर गांव कुछ कहता है' की इस हफ्ते की सीरीज में आज हम बात करेंगे जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के ढेलू गांव की।



अभिषेक शर्मा
जोगिंद्रनगर

जोगिंद्रनगर से करीब दो किलोमीटर दूर बसे इस खूबसूरत गांव में अलग-अलग प्रकार की जाति के लोग रहते हैं। यहां के लोग कृषि कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। इसके अलावा यहां के लोग रोजगार करके अपने परिवार को पालते हैं।

ढेलू ग्राम पंचायत मंडी जिला परिषद के अंतर्गत आने वाली चौंतड़ा पंचायत समिति में एक ग्रामीण स्थानीय निकाय है। पंचायत के अंतर्गत कुल चार गांव आते हैं। चौंतड़ा पंचायत को 11 वार्डों में विभाजित किया गया है। ग्राम पंचायत में लोगों द्वारा चुने गए कुल 14 सदस्य हैं तथा पंचायत में कुल 8 स्कूल हैं। चौंतड़ा ग्राम पंचायत में कुल 25 पूर्णकालिक सरकारी कर्मचारी हैं।

### पंचायत ने करवाए अधिकतर कार्य : सपना भाटिया



**ढेलू** पंचायत की प्रधान सपना भाटिया ने बताया कि ढेलू गांव ढेलू पंचायत में आता है। इस गांव के अधिकतर काम पंचायत द्वारा किए गए हैं। और ढेलू गांव की महिलाओं के द्वारा महिला मंडल व स्वयं सहायता समूह बनाए गए हैं] जिससे महिलाएं अपने परिवार का पालन-पोषण करती हैं। पठानकोट-जोगिंद्रनगर नैरो गेज रेल मार्ग हिमाचल प्रदेश की खूबसूरत घाटियों और पहाड़ियों से होकर गुजरता है। और इस यात्रा में ढेलू गांव एक विशेष पड़ाव की तरह नजर आता है। ढेलू गांव प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर एक शांत और सुरम्य स्थान है, जहां से गुजरती रेलगाड़ी का नजारा किसी चित्रित दृश्य जैसा प्रतीत होता है।

### लोगों व मवेशियों की रक्षक मां बंडेरी

**जोगिंद्रनगर** के करीब ही कर्णपुर धार में मां बंडेरी का मंदिर स्थित है। मां का यह मंदिर प्राकृतिक दृश्यों से घिरा हुआ है। किंवदंती के अनुसार, मां बंडेरी लोगों व मवेशियों की महामारी और प्राकृतिक प्रकोपों से रक्षा करती है। मां के मंदिर के पास ही उस समय के राजा के द्वारा बनाया गया कर्णपुर किला भी स्थित है। इसी कर्णपुर किले की वजह से इस धार को कर्णपुर धार के नाम से भी जाना जाता है। मंदिर से सिकंदरधार का नजारा साफ दिखाई देता है। यहां से ऐहजू गढ़ का किला भी दिखाई देता है। इसके साथ ही जिला कांगड़ा का कुछ हिस्सा भी दिखाई देता है। मां बंडेरी का यह मंदिर बान, चीड़ व देवदार के घने वृक्षों के बीच स्थित है। किंवदंती के अनुसार, मां बंडेरी स्थानीय लोगों के मवेशियों व लोगों की महामारी और प्राकृतिक प्रकोपों से रक्षा करती थी।



### रेल की घुमावदार पटरियां मोह लेती मन

**जब** पठानकोट से जोगिंद्रनगर की ओर बढ़ती रेलगाड़ी ढेलू गांव के पास पहुंचती है, तो यात्रियों को पहाड़ियों के बीच लहराती पटरी पर दौड़ती ट्रेन का मनमोहक दृश्य देखने को मिलता है। यहां हरियाली से ढकी पहाड़ियां, छोटे-छोटे गांव, घुमावदार पटरियां और नीचे बहती ब्यास नदी का दृश्य यात्रियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन जाता है।

---

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम सुक्खू ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में लोगों की मौत पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भीड़ के कारण हुई भगदड़ में लोगों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। अपने शोक संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि भगदड़ में लोगों की मृत्यु की घटना दुखद है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की और ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करने तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं हैं।

### जोगिंद्रनगर में 361 ग्राम चरस बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** थाना जोगिंद्रनगर पुलिस दल ने विशेष अवरोधक जांच के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए 361 ग्राम चरस बरामद की है। इस मामले में आरोपी सुरेश कुमार (गांव बरठवाण, तहसील पधर, जिला मंडी) को मौके पर ही पकड़ लिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। यदि आपके पास इस मामले से संबंधित कोई भी जानकारी हो, तो कृपया थाना जोगिंद्रनगर पुलिस से संपर्क करें। आपकी पहचान पूर्ण रूप से गोपनीय रखी जाएगी। समाज को नशे के जाल से बचाने के लिए पुलिस का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना दें।

# हिमाचल में भी दिल्ली जैसा होगा कांग्रेस का हाल : बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का हाल आंखें खोलने वाला है और यही हाल हिमाचल प्रदेश में भी होगा।



उन्होंने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस की 67 सीटों पर जमानत जब्त हुई, जिससे साफ है कि जनता ने उसे पूरी तरह नकार दिया है। हिमाचल में भी कांग्रेस की जनता के प्रति उपेक्षा और कुशासन के कारण यही स्थिति होगी। डॉ. बिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार हिमाचल के विकास को पूरी प्राथमिकता दे रही है, जबकि कांग्रेस सरकार सिर्फ भाजपा को गाली देने में व्यस्त है। उन्होंने बताया कि 10 साल में कांग्रेस सरकार ने हिमाचल को मात्र 50,298 करोड़ रुपए ही दिए, जबकि मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल के बीते दस वर्षों में 1,41,619 करोड़ रुपए प्रदेश को दिए हैं। इसके अलावा वित्त वर्ष 2025-26 में टैक्स में दी गई छूट का सबसे अधिक लाभ हिमाचल की जनता को मिला है। जिससे करीब 6 लाख परिवारों को सीधा लाभ हुआ है।

**हिमाचल में माफिया राज, सरकार विफल**

बिंदल ने प्रदेश में बढ़ते माफिया राज पर भी कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की नदियों को लूटकर हरियाणा के क्रशर मालिक अपनी जेब भर रहे हैं और राज्य सरकार आंख मूंदे बैठी है। खनन माफिया नदियों के सीने छलनी कर रहे हैं। बिंदल ने कहा कि ड्रोन मारकंडे नदी पर भी उड़ाया जाना चाहिए, ताकि वहां के बारे में भी जानकारी मिल सके। हिमाचल प्रदेश में माफिया इतना ज्यादा सक्रिय है कि दिनदहाड़े ही अवैध खनन जोरों से चला हुआ है।

### राजीव बिंदल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर की नाहन मेडिकल कॉलेज का निर्माण शीघ्र करने की मांग

**अनंत ज्ञान, नाहन।** प्रदेश भाजपाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने मुख्यमंत्री सुक्खू को पत्र लिखकर नाहन मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के निर्माण में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, जहां मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा आवश्यक भूमि पहले ही हस्तांतरित की जा चुकी है। वर्तमान में 11 मंजिला प्रशासनिक भवन और टीचिंग ब्लॉक का निर्माण जारी है, जिसमें से 7 मंजिलें पूरी हो चुकी हैं। इसके साथ ही 300 बिस्तरों का अस्पताल भी बनाया जा रहा है, जो वर्तमान अस्पताल से जुड़ा होगा। सरकार की प्रतिबद्धता को देखते हुए मेडिकल कॉलेज में बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विशाल ओवरहेड टैंक बनाया जा रहा है, जबकि ऑक्सीजन आपूर्ति के लिए 3 ऑक्सीजन प्लांट लगाए जा चुके हैं। स्थानीय प्रशासन का कहना है कि यह परियोजना नाहन और आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए एक बड़ा वरदान साबित होगी। डॉ. बिंदल ने पत्र में स्पष्ट किया कि नाहन मेडिकल कॉलेज और अस्पताल को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करना जनहित में नहीं होगा। वर्तमान स्थान पर पहले से ही सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने सरकार से अपील की कि मेडिकल कॉलेज और अस्पताल को स्थानांतरित करने के बजाय मौजूदा स्थान पर ही निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा किया जाए।

# अंदरोली में 35 वर्षीय महिला की संदिग्ध मौत, पति पर हत्या का शक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के अंदरोली गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। 35 वर्षीय दिनेश्वरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। परिजनों ने उसके पति दिनेश पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम के लिए टांडा मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है।



जानकारी अनुसार शनिवार को दिनेश्वरी मनरेगा के तहत काम करने के बाद अपने घर लौटी थी। देर रात करीब अढ़ाई बजे उसका पांच वर्षीय बेटा जब उठा, तो उसने अपनी मां को मृत अवस्था में देखा। घबराकर उसने तुरंत पास के कमरे में सो रही अपनी दादी को यह जानकारी दी। परिवार के अन्य सदस्यों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मृतका के मायके वालों ने उसके पति दिनेश पर हत्या का आरोप लगाया है।

परिजनों के अनुसार, दिनेश पिछले पांच वर्षों से घर से गायब था और सोलन में अपनी दूसरी पत्नी के साथ रह रहा था। मृतका दिनेश्वरी को वह लगातार जान से मारने की धमकियां देता था। बताया जा रहा है कि वह किसी अपराधी गैंग के साथ भी जुड़ा हुआ था। कुछ समय से दिनेश सोलन से भी गायब है, जिससे शक और गहरा गया है। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। मृतका दिनेश्वरी मूल रूप से रोहड़ू की रहने वाली थी। उसकी शादी दिनेश से छह वर्ष पूर्व हुई थी, लेकिन दिनेश ने कुछ समय बाद दूसरी शादी कर ली और सोलन में बस गया। दिनेश्वरी अपने पांच वर्षीय बेटे के साथ अंदरोली में रह रही थी। थाना प्रभारी रोहित चौधरी ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल पाएगा।

# सरकारी स्कूलों के साथ हो रहा 'खेला' न खेल मैदान न शारीरिक शिक्षक

**अनंत ज्ञान, जाहू**

हिमाचल प्रदेश के स्कूलों में बिना शारीरिक शिक्षकों के स्कूलों में बच्चों का मानसिक, शारीरिक व बौद्धिक विकास कैसे होगा। बिना शिक्षकों के स्कूलों में बच्चों की संख्या में भी निरंतर कम होती जा रही है। साथ ही बच्चों के समग्र विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए शिक्षा विभाग ने हर शनिवार को स्कूलों में अंतर स्कूल खेल प्रतियोगिता आयोजित करने का आदेश जारी किया है।

बच्चों को फिट रखने व समग्र विकास के लिए यह निर्णय लिया गया है। विभाग ने स्कूलों को आदेश तो जारी कर दिए, लेकिन वास्तविकता क्या है इस पर नजर ही नहीं दौड़ाई। हकीकत में हिमाचल के सरकारी स्कूलों में खेल के साथ ही खेला हो रहा है। प्रदेश के 35 फीसदी सरकारी स्कूलों में खेल के मैदान तक नहीं हैं। जहां पर खेल मैदान है वहां पर नाम मात्र की सुविधाएं है। यही नहीं 9 वर्षों से प्रदेश में शारीरिक शिक्षक का पद की भर्ती ही नहीं हुई है।

- **हिमाचल के 25 से 30 फीसदी स्कूलों में नहीं खेल के मैदान**
- **9 साल में नहीं हुई भर्ती, शारीरिक शिक्षकों के हजारों पद खाली**

शारीरिक शिक्षा को विषय के तौर पर पढ़ाया जाता है, कई स्कूलों में शारीरिक शिक्षा विषय शुरू ही नहीं किया गया। सरकार ने स्कूल अपग्रेड तो कर दिए, लेकिन इसमें शारीरिक शिक्षक का पद भरने के लिए 30 फीसदी छात्र संख्या की शर्त लगा दी। ऐसे में यह पद भरे ही नहीं गए। जिसके चलते यहां पर छात्रों को इस विषय को चुनने की भी ऑप्शन नहीं बची। ऐसे में बच्चों में खेलों के प्रति कैसे रुझान बढ़ेगा, ये बड़ा सवाल है। स्कूलों में डीपीई व शारिरिक शिक्षक के पद न भरे जाने से न तो बच्चे खेलों में सक्षम हो पा रहे हैं और न ही मानसिक विकास हो रहा है।

मिडल व हाई स्कूलों में पीईटी के 4 हजार के करीब पद रिक्त चल रहे हैं और वर्ष यह संख्या बढ़ रही है। बता दें कि भारत सरकार ने फिट इंडिया मूवमेंट को शुरू हुए 4 साल हो चुके हैं। हिमाचल के स्कूलों में डीपीई समेत शारीरिक शिक्षक के खाली पड़े पदों के चलते फिट इंडिया मूवमेंट का मकसद भी पूरा नहीं हो रहा है। इसी को लेकर भोरंज में बेरोजगार शारीरिक शिक्षकों की भर्ती को लेकर ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें हमीरपुर से अरुण शर्मा, रवि शर्मा, सतीश कुमार, सुभाष कुमार आदि ने सरकार से मांग उठाई है कि जल्द सभी पदों को भरा जाए ताकि हर स्कूल में शारीरिक शिक्षक हो और बच्चों को हर खेल का प्रशिक्षण दिया जा सके तथा स्कूलों में बच्चों की संख्या में भी बढ़ोतरी हो सके।

**सुविधा** | **विस्टाडोम को चलाने की आवश्यक ट्रायल प्रकिया की जा रही पूरी, पर्यटक लगाएंगे रोमांच के सागर में गोते**

# कालका-शिमला रेल ट्रैक पर विस्टाडोम कोच देगी स्विट्जरलैंड जैसा अनुभव

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल कालका-शिमला रेल मार्ग पर गजब का कौतूहल पैदा होने वाला है। देश-विदेश से भ्रमण पर आने वाले सैलानियों को आकर्षक रेलगाड़ी में खूबसूरत सफर का अहसास होगा। स्विट्जरलैंड के ग्लेशियर एक्सप्रेस से प्रेरित विस्टाडोम ट्रेन चलाने की आरंभिक तैयारियां शुरू हो गई है। आवश्यक तकनीकी जांच-पड़ताल का खाका बुना जा रहा है।

सीआरएस ट्रायल के दौरान हालांकि, कुछ खामियां जरूर मिली थी, मगर अब उन्हें दुरुस्त करने की कोशिशें चल रही है। अगर, विस्टाडोम की शुरुआत होती है, उस सूरत में पर्यटक रोमांस के सागर में हिलोरे मारेंगे। पूरा रेल ट्रैक 96 किलोमीटर लंबा है। बेहद आकर्षक दृश्य से सराबोर 800 से ज्यादा पुल व खड़ी चढ़ाइयां शामिल है, जिनके सफर का आनंद दोगुना हो जाता है। इंजीनियरों की अनूठी तकनीकी कला से ओतप्रोत यह मार्ग कालका, बडोग व सोलन सहित 18 रेलवे स्टेशन होकर गुजरता है, जो कई हैरतअंगेज मनोरम दृश्यों से रोम रोम को रोमांचित कर देता है।



पंजाब प्रांत के कपूरथला स्थित रेल कोच फैक्टरी में यह विशेष रेल कोच डिजाइन किया गया है। जिसमें एचबी में बड़ी-बड़ी कांच की खिड़कियां व छते मौजूद है। बेहद पारदर्शी होने से आसपास वह सामने के आकर्षक नजारे बिना किसी बाधा के नजर आने वाले हैं। कालका- शिमला रेलवे का निर्माण 19वीं सदी के मध्य में किया गया था, जो सीधे तौर पर कालका को हिमाचल प्रदेश से जोड़ता है।

विस्टाडोम ट्रेन की बात करें, तो यह स्विट्जरलैंड के ग्लेशियर से प्रेरित है, इसमें बड़ी-बड़ी कांच की छतें व खिड़कियां शामिल हैं। रास्ते में आने वाले पहाड़, घटियां, नदियों के हरियाली भरे नजारा देखते ही बनते हैं। यह सफर वाकई में यादगार होने वाला है।

पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए इसकी साज-सज्जा की गई है, जिससे रेलवे के राजस्व में भी इजाफा होने की उम्मीद है। हालांकि, कुछ माह पहले रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी कालका-शिमला रेल मार्ग पर एक नई विस्टाडोम ट्रेन चलाने की घोषणा की थी और सार्वजनिक जानकारी में साझा किया था कि कालका-शिमला ट्रेन हिमाचल में एक नया अनुभव प्रदान करने जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### कोच के भीतर हैं आधुनिक सुविधाएं

**इस** विशेष ट्रेन से यात्री कालका-शिमला की रोमांचकारी यात्रा महज 5 घंटे में ही पूरी कर पाएंगे। कोच के भीतर सभी आधुनिक सुविधाएं मौजूद होगी और स्टील की रेलिंग भी लगी होगी। इसके अलावा 180 डिग्री घूमने वाली कुर्सियां भी लगाई गई है, यात्री सीटों को चारों तरफ घूमा फिरा सकते हैं। उम्मीद की जा रही है, कि अगले 1 से 2 माह के बीच यह विशेष विस्टाडोम ट्रेन चल सकती है, जिसके लिए तकनीकी ट्रायल सहित अन्य दूसरी औपचारिकताओं पर तेजी से कार्य चल रहा है, इसके चलने से इस रेल ट्रैक पर यात्रा करना बेहद ही रोमांचकारी रहने वाला है।



# इलेक्ट्रोहोम्योपैथी

## हर प्रकार के रोगियों के लिए आशा की किरण बनी यह पद्धति

## दिव्य औषधियों से कैंसर, सिस्ट सहित सभी जटिल रोगों का उपचार



डॉ. सुरेंद्र ठाकुर
निदेशक, सर्वोदय इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रोहोम्योपैथी एंड रिसर्च सेंटर, धर्मशाला

### इलेक्ट्रोहोम्योपैथी में बढ़ रहा रुझान

अपने स्वास्थ्य को लेकर लोगों का इलेक्ट्रोहोम्योपैथी चिकित्सा की रुझान बढ़ा है। हर्बल आधारित यह इलेक्ट्रोहोम्योपैथी चिकित्सा पद्धति हर प्रकार के रोगियों के लिए आशा की किरण बन गई है। इन दिव्य औषधियों में कैंसर, सिस्ट और स्टोन के साथ सभी प्रकार के जटिल रोग ठीक हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि हिमाचल प्रदेश का एकमात्र शिक्षण संस्थान बगली में संचालित किया जा रहा है, जहां इलेक्ट्रो होम्योपैथी के विभिन्न पाठ्यक्रम पढ़ाए जा रहे हैं। धर्मशाला के पास बगली में एक अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बहुमंजिला प्रशिक्षण संस्थान कार्यरत है। शिक्षण संस्थान सर्वोदय इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रोहोम्योपैथी एंड रिसर्च सेंटर धर्मशाला के निदेशक डॉ. सुरेंद्र ठाकुर के अनुसार नैसर्गिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से देशभर में विभिन्न स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत विभिन्न चिकित्सा प्रणालियों को शामिल करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है।



### कोरोना संक्रमण को रोकने में कारगर साबित हो चुकी है यह चिकित्सा पद्धति

इसमें हर्बल आधारित इलेक्ट्रोहोम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के बारे में आजकल लोगों में चर्चा हो रही है। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार यह पद्धति कोरोना संक्रमण को रोकने में कारगर साबित हुई है और इसके साथ यह रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुई है। वैज्ञानिकों के मुताबिक पौधों में मौजूद पौषक तत्वों से शरीर में विटामिन व अन्य खनिज तत्वों की पूर्ति होती है जिससे शरीर की ऊर्जा बढ़ती है। इलेक्ट्रोहोम्योपैथी में उपयोग होने वाले नैसर्गिक पौधों में मौजूद तत्वों की तुलना करने पर ज्ञात हुआ है कि ये रसायन शरीर के विभिन्न अंगों को स्वस्थ रखने में मददगार हैं ।दीगर यह है कि यह चिकित्सा प्रणाली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के समक्ष राष्ट्रीय मान्यता के लिए विचाराधीन होने के बावजूद निजी क्षेत्र में विकसित हो रही है।

### हिमाचल में बन रहीं दवाएं

*इटालियन शोधकर्ता काऊंट सीजर मैट्टी ने 1865 में इस हर्बल चिकित्सा पद्धति को दुनिया के सामने पेश किया था जो अब पूरी दुनिया के विभिन्न देशों में फैल चुकी है। भारत में इस पद्धति का प्रचार-प्रसार बड़े पैमाने पर होने की पुष्टि हुई है। इस चिकित्सा पद्धति की दवाओं का निर्माण हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा स्थित रबिसन इंडिया इलेक्ट्रोहोम्यो फार्मा द्वारा किया जा रहा है। प्रदेश के सबसे लोकप्रिय शिक्षण संस्थान सर्वोदय इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रोहोम्योपैथी एंड रिसर्च सेंटर धर्मशाला के निदेशक डॉ. सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि इस दवा से सामान्य रोगों से लेकर जटिल बीमारियों को दूर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है और इसके लिए हमें पौष्टिक आहार का सेवन करना चाहिए, जिससे शरीर को ऊर्जा मिले और रोगों से बचाव किया जाए।*

प्रस्तुति : संजय अग्रवाल, धर्मशाला


# सर्दियों में हार्टअटैक का खतरा अधिक

## लक्षण और बचाव के तरीके

सर्दियां में हार्ट अटैक का खतरा भी बढ़ जाता है। वैसे तो हार्टअटैक कभी भी आ सकता है, लेकिन सर्दियों में हार्ट अटैक अधिक होने की संभावना होती है। ठंड के मौसम में युवाओं और बुजुर्गों में यह समस्या ज्यादा देखने को मिलती है इसलिए ठंड के मौसम में हमें अपने खान-पान और दिनचर्या का खास ख्याल रखना चाहिए। आखिर सर्द मौसम में ही क्यों हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है और क्या होने चाहिए। इन सवालों का जवाब जानने के लिए हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता की राय ली। डॉ. गुप्ता के मुताबिक सर्दियों में कई बीमारियों का खतरा रहता है, लेकिन हार्ट अटैक आने का रिस्क काफी बढ़ जाता है। रिसर्च बताती है कि सर्दियों में दिल का दौरा पड़ने का खतरा 25 फीसदी तक बढ़ जाता है। ठंड के मौसम में कम तापमान के कारण हार्ट की नसों में सिकुड़न होती है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है, जो हार्ट अटैक का कारण बनता है। मेडिकल जर्नल द लैंसेट की रिसर्च बताती है कि गर्मियों की तुलना में सर्दियों में हार्ट की बीमारियों की वजह से मौतों का आंकड़ा 30 फीसदी तक बढ़ जाता है। ऐसे में इस मौसम में हार्ट की केयर करना जरूरी है। सर्दियों में दिल की बीमारियों से बचाव कैसे करें इस बारे में एक्सपर्ट से जानते हैं।

### ठंड का मौसम बढ़ाता है ब्लड प्रेशर

*हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता बताते हैं कि सर्दियों के मौसम में ठंडी हवा में सांस लेने से हार्ट की नसों में भी ऐंठन हो सकती है। इससे कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम पर और ज्यादा दबाव पड़ता है, जो हार्ट अटैक का कारण बन सकता है। उनका कहना है कि ठंड का मौसम ब्लड प्रेशर को बढ़ाता है। इस मौसम में हार्ट की पुरानी समस्या भी बढ़ जाती है। ऐसे में सेहत का ध्यान रखने की खास जरूरत होती है।*



### सर्दियों में हार्ट अटैक से बचाव

सर्दियों में शरीर को गर्म रखने के लिए गर्म कपड़े पहनें, अचानक हैवी वर्कआउट न करें. बाहर एक्सरसाइज़ करने के बजाय हल्की इनडोर एक्सरसाइज घर में ही करें। इस मौसम में अपनी डाइट का खास ध्यान रखें। डाइट में मौसम के हिसाब से फल, हरी सब्जियों को शामिल करें। अधिक मीठा और फास्ट फूड खाने से परहेज करें।



डॉ. एनके गुप्ता
हेल्थ एक्सपर्ट



### ब्लड प्रेशर की जांच जरूरी

ब्लड प्रेशर की जांच करना बहुत जरूरी है। अगर बीपी बढ़ा हुआ है तो डॉक्टरों से सलाह लें। अगर पहले से ही हार्ट की कोई बीमारी है तो अपनी दवाओं को समय पर खाएं। अगर हार्ट अटैक का कोई लक्षण जैसे बार-बार छाती में दर्द होना, घबराहट या फिर सांस फूलने की समस्या है तो तुरंत अस्पताल जाएं। इस मामले में लापरवाही न करें। समय पर बीमारी की पहचान और इलाज से आसानी से बचाव हो सकता है।

प्रस्तुति : आर मोहन चौहान, सोलन

# परीक्षा के समय तनाव मुक्त रहने के उपाय

देश में अभी परीक्षा का माहौल चल रहा है। ऐसे में आइए जानते है परीक्षा के तनाव और उसके इलाज के बारे में। कई बार सामान्य लगने वाला तनाव बच्चों के लिए बहुत ज्यादा परेशान करने वाला हो सकता है और उसका सही उपाय करने से बच्चे की मानसिकता में सुधार लाया जा सकता है। लगभग हर छात्र को परीक्षा से पहले या उसके दौरान किसी न किसी स्तर पर तनाव का सामना करना पड़ता है। व्यक्ति की स्थिति के अनुसार सावधानीपूर्वक चुनी गई होम्योपैथिक दवा मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक तनाव के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकती है, क्योंकि यह शरीर की स्व-चिकित्सा क्षमता को सक्रिय करती है। परीक्षा का तनाव उन मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक दबावों को संदर्भित करता है, जिन्हें व्यक्ति परीक्षा के पहले या उसके दौरान अनुभव करता है। परीक्षा का तनाव कई तरीकों से प्रकट हो सकता है, जैसे कि चिंता, घबराहट, असफलता का डर, एकाग्रता में कठिनाई, नींद में बाधा, चिड़चिड़ापन, और सिरदर्द या पेट दर्द जैसे शारीरिक लक्षण। यह सभी आयु वर्गों के छात्रों में आम है, चाहे वे स्कूल में हों या विश्वविद्यालय स्तर पर। जहां एक स्तर तक तनाव प्रेरित कर सकता है और प्रदर्शन को बेहतर बना सकता है, वहीं अत्यधिक या लंबे समय तक बना रहने वाला तनाव मानसिक स्वास्थ्य और शैक्षणिक प्रदर्शन पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। परीक्षा के तनाव को पहचानना और प्रभावी ढंग से प्रबंधित करना महत्वपूर्ण है ताकि स्वस्थ संतुलन बनाए रखा जा सके और परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता को बेहतर बनाया जा सके।



**नोट**
दवाओं का सेवन करने से पहले किसी योग्य होम्योपैथिक चिकित्सक से परामर्श अवश्य लें, ताकि सही दवा और उसकी उचित मात्रा निर्धारित की जा सके।

### परीक्षा तनाव के कारण

**अपर्याप्त तैयारी:** अपर्याप्त तैयारी परीक्षा के तनाव और डर का सबसे सामान्य कारण है। जब छात्रों की तैयारी पूरी नहीं होती है, तो वे अपने प्रदर्शन को लेकर संदेह में रहते है । इस अनिश्चितता के कारण तनाव बढ़ता है और धीरे-धीरे डर भी विकसित होने लगता है।

**साथियों और परिवार का दबाव :** दबाव भी परीक्षा के डर का एक प्रमुख कारण है। शिक्षकों, माता-पिता, रिश्तेदारों और अन्य लोगों की ओर से अच्छे प्रदर्शन का दबाव छात्रों के तनाव और डर को बढ़ा देता है। इसके अलावा, दोस्तों या सहपाठियों से प्रतिस्पर्धा का दबाव भी इस समस्या को और गंभीर बना सकता है।

**अव्यवहारिक या अस्पष्ट विश्वास:** कई बार छात्रों के मन में कुछ अव्यवहारिक या अस्पष्ट विश्वास होते हैं, जैसे कि अगर अंक अच्छे नहीं आए तो वे बेकार समझे जाएंगे, या माता-पिता नाराज होकर घर से निकाल देंगे आदि। ऐसे नकारात्मक विचार भी परीक्षा के तनाव का मुख्य कारण बनते हैं।



डॉ. निधि जोशी
गांधीधाम, कच्छ (गुजरात)

**असफलता का डर:** परीक्षा में फेल होने का डर भी छात्रों में गहरी चिंता और डर पैदा करता है, जिससे उनके प्रदर्शन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

### होम्योपैथिक उपचार

**आर्सेनिकम एल्ब :** यह दवा उन लोगों के लिए उपयुक्त है जो आधी रात के बाद अत्यधिक चिंतित महसूस करते हैं।
आर्जेन्टम नाइट्रिकम: यह दवा उन व्यक्तियों के लिए उपयोगी है जो चिड़चिड़े व्यवहार करते हैं और बाद में उसका पछतावा करते हैं।

**जेल्सीमियम :** यह दवा उन लोगों के लिए सहायक है जो प्रदर्शन के दौरान घबराहट महसूस करते हैं और आत्मविश्वास की कमी का सामना करते हैं।

**एनाकार्डियम :** यह दवा तंत्रिका थकावट (नर्वस एग्जॉशन) की स्थिति में दी जाती है, जब व्यक्ति अत्यधिक मानसिक थकान और तनाव महसूस करता है।

**लाइकोपोडियम:** यह दवा उन लोगों के लिए फायदेमंद है जो परीक्षा की तैयारी में अत्यधिक समय लगाते हैं और फिर भी आत्म-संदेह से ग्रस्त रहते हैं।

# हृदय रोग से सावधान रहना जरूरी

**हृदय** रोग, जिसे हार्ट डिजीज भी कहा जाता है, हर एक उम्र के लोगों को अपनी गिरफ्त में ले रहा है। हृदय गति से मरने वालों की संख्या में साल प्रतिसाल बढ़ोतरी दर्ज हो रही है। बता दें कि हृदय एक अंग है जो रक्त से आक्सिजन की पूर्ति करता है और हमारा शरीर सुचारु रूप से चलता है। यह जब किसी भी कारण से अपनी फंक्शनिंग कम कर देता है तो इस स्थिति को हृदय रोग कहते हैं। हृदय रोग को समय से पहचान करके इससे होने वाली दिक्कतों को कम किया जा सकता है और जिंदगी को बचाया जा सकता है। आप अस्पतालों के चक्कर लगाने से भी बच जाते हैं। यह दुनियाभर में एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य समस्या है और मौत के प्रमुख कारणों में से एक है।



## प्रमुख लक्षण

**प्रत्येक** व्यक्ति को हृदय रोग के अलग-अलग लक्षण हो सकते हैं, जो इस बात पर निर्भर करता है कि आपको क्या मूल समस्या है। लक्षणों में छाती में दर्द, सांस लेने में दिक्कत, अचानक चक्कर आना और अन्य बेहोशी शामिल है। छाती में होने वाले दर्द को इग्नोर नहीं करना चाहिए। यह हृदय रोग का मुख्य लक्षण है। हमें तुरंत से डॉक्टर के पास जाना चाहिए ताकि समय से सही उपचार हो सके। ध्यान दें सीने में दर्द या असहमति आमतौर पर हृदय के उपस्थिति के कारण होता है और यह आपके ब्रेस्ट में या सीने के बाईं ओर महसूस हो सकता है। इसका सीधा संबंध तब होता है जब हृदय की रक्त पुर्ति में समस्या होती है और इसके पास पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाती है। अगर किसी को चलते चलते सांस लेने में कठिनाई होने लगे, तो यह भी हृदय रोग का कारण हो सकता है। सीढ़ी चढ़ते समय बहुत ज्यादा हांफने जैसे महसूस हो तो फिर ये हृदय रोग का लक्षण हो सकता है। वहीं, अगर किसी का दिल नॉर्मल महसूस न करे, किसी भी छोटी-बड़ी बात से अनियंत्रित गति हो जाए तो ये भी हृदय समस्या के लक्षण हैं।



डॉ. हरजिंद्र सिंह
एमडी, देवभूमि अद्वैता हार्ट एंड मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, ऊना (हिप्र)

## हृदय रोग से बचाव के सही उपाए

**संतुलित आहार लें:** आयुर्वेद में तो यह कहावत है कि जैसा खाए अन्न ,वैसा हो जाए मन। आहार न केवल शारीरिक रूप से असर डालता है बल्कि मानसिक रूप से भी व्यक्ति को प्रभावित करता है। हृदय की देखभाल मनुष्य जीवन में अत्यंत आवश्यक है। दिल को मजबूत बनाने के लिए हमे साबुत अनाज लेना चाहिए। जितना ज्यादा मात्रा में फाइबर युक्त खाना खायेंगे उतना ही दिल हमारा स्वस्थ रहेगा। हमारे खान पान की खराब आदतों की वजह से सैचुरेटेड फैट और बैड फैट एकत्रित हो जाता है। समय के अभाव में हम सब लोगों के घरों में रेफ्रिजरेटर में बहुत से रेडी टू ईट आईटम रखे रहते हैं। ये आसानी से बाजार में उपलब्ध है। लेकिन हमें कोशिश करके घर का साधारण खाने की आदत डालनी चाहिए।

**शारीरिक व्यायाम करें:** हृदय को ठीक रखने के लिए प्रत्येक मनुष्य को एक सप्ताह में कम से कम पांच दिन 30 मिनट्स तक कार्डियो संबंधी एक्सरसाइज करनी चाहिए। साइक्लिंग, स्विमिंग,जंपिंग , एरोबिक्स और भी बहुत कुछ व्यायाम हैं जिसे सीखना चाहिए और अमल करना चाहिए। अगर आपको ये कठिन लगे तो शुरुआत में रोज सैर कर सकते हैं। इससे भी शरीर में लचीलापन आता है।

**खाद्य तेल से दूरी बनाएं:** आजकल मार्केट में जितने भी स्नेक्स आइटम्स है जैसे चिप्स, तरह तरह के बेकरी सब में गंदे तरीके से तेल का इस्तेमाल किया जाता है जो हमारे दिल को बीमार करता है। प्रोसेस्ड फूड से दूरी बनाकर हम स्वस्थ रह सकते है। हम जितना ज्यादा किचेन का सदुपयोग खुद करेंगे हमारा हृदय उतना ही मजबूत बना रहेगा।

**धूम्रपान न करें:** सिगरेट, शराब का सेवन वर्जित होना चाहिए। सिगरेट, शराब, तंबाकू ये सब बहुत जल्दी हमारे हृदय को कमजोर कर देते हैं। जितना जल्दी हो सके हमें अपनी धूम्रपान की आदतों को छोड़ना चाहिए चाहे इसके लिए आपको नशामुक्ति केंद्र ही क्यों न जानी पड़े।

## उपचार

**हृदय** रोग के उपचार में डॉक्टर की सलाह और निदान के आधार पर विभिन्न तरीके शामिल हो सकते हैं। डॉक्टर द्वारा सलाह दी जाने वाली दवाइयों का सही समय पर सेवन करना बहुत महत्वपूर्ण है। इन दवाइयों में रक्तचाप को नियंत्रित करने वाली, कोलेस्ट्रॉल को कम करने वाली और अन्य हृदय समस्याओं के लिए दवाइयां शामिल हो सकती हैं। स्वस्थ आहार का सेवन करना और वजन को नियंत्रित रखना हृदय स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। आहार में फल, सब्जियां, पूरे अनाज और कम वसा वाले डेयरी उत्पादों का शामिल होना चाहिए। तंबाकू और अत्यधिक शराब का सेवन हृदय रोग के खतरे को बढ़ा सकता है, इसलिए इन्हें बिलकुल छोड़ देना चाहिए। सही तरीके से तनाव को प्रबंधित करने के लिए आपको आराम करने की तकनीकों, ध्यान, या रुचियों के माध्यम से सीखना चाहिए। कुछ मामलों में, हृदय को रक्त की आपूर्ति करने के लिए नई धमनियां बनाने के लिए सर्जरी की आवश्यकता होती है। हृदय स्वास्थ्य की मॉनिटरिंग के लिए नियमित रूप से डॉक्टर के पास जाना चाहिए। विभिन्न परीक्षण और जांचों के माध्यम से आपके हृदय की स्वास्थ्य को निगरानी रखना महत्वपूर्ण है।

प्रस्तुतिः राजेश शर्मा, ऊना

# स्वस्थ जीवन शैली



डॉ. चिराग ठाकुर
मेडिकल ऑफिसर आयुष
सिविल हॉस्पिटल रत्ती

*स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करना और आतुर यानी रोगी के रोग को दूर करना अर्थात रोगी को निरोगी बनाना एक स्वस्थ जीवन शैली का आयुवर्धन में विशेष महत्व है। स्वस्थ जीवन शैली क्या है, आज इस पर थोड़ा प्रकाश डालेंगे। स्वस्थ जीवन शैली वह होती है, जिसमें उठने या सोने का समय, खाना खाने का समय, व्यायाम करने का समय स्वस्थ वजन बनाए रखना या तनाव से दूर रहना शामिल होता है। एक अच्छी जीवन शैली अपनाने से आपका वजन सही रहेगा आप हरदम तंदुरुस्त रहेंगे। कुछ तरीके जिनसे अपनी सेहत और लाइफस्टाइल में एक बदलाव ला सकते हैं।*

### सुबह जल्दी उठें

इस समय वातावरण में सुद्ध ऑक्सीजन की मात्रा ज्यादा होती है, जितनी हम ऑक्सीजन ज्यादा लेंगे उतना हम तरोताजा महसूस करेंगे। सुबह जल्दी उठने से आपको बड़ा दिन मिलता है, जिससे आप ज्यादा काम कर सकते हैं।





### वर्कआउट करें

भौतिक और मानसिक वर्कआउट जरूर करें, जिससे हमारे शरीर और मन को ताकत मिलेगी। जिससे हमारे शरीर का स्टैमिना (एनर्जी) बढ़ेगा साथ में हमारा मन भी शांत और प्रसन्न रहेगा। वर्कआउट बहुत जरूरी है।

### सेहतमंद नाश्ता करें

सुबह एक्सरसाइज करने के बाद भरपेट नाश्ता करें। यह आपको पूरा दिन काम करने की एनर्जी देगा।

### रात का खाना देर से न खाएं

**आजकल** की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग देर रात खाना खाना फैशन समझते हैं, जो कि बिलकुल गलत है। हमें रात का खाना सोने से 2-3 घंटे पहले खाना चाहिए, ताकि खाना पचने में पर्याप्त समय मिल सके।

### बाहर के खाने से परहेज करें

बाहर का खाना स्वादिष्ट तो जरूर लगता है। फास्ट फूड समोसे तथा अन्य मिठाइयां ये जितने जल्दी हमें उपलब्ध होती हैं, ये हमारे शरीर के लिए उतनी ही हानिकारक होती हैं। ऐसे खाद्य पदार्थ हमें कम से कम उपयोग करने चाहिए। घर का बना सादा खाना खाना चाहिए, जिसमें दाल, हरी सब्जिया, सलाद आदि, जिससे की हमे प्रचुर मात्रा में प्रोटीन, विटामिन्स, मिनरल्स मिल सकें और हमारा पाचन भी अच्छा रहे और हम बीमारियों से दूर रहें ओवरऑल हेल्थ बनी रहे।

### समय पर सो जाएं और पूरी नींद लें

जल्दी सोने की आदत डालें। साथ ही सुबह जल्दी उठें। कम से कम 8 घंटे की नींद एक स्वस्थ शरीर और दिमाग के लिए बहुत जरूरी है और जरूर लेनी चाहिए। अगर व्यक्ति पूरी नींद नहीं लेता है तो वह शारीरिक और मानसिक रूप से थका हुआ महसूस करता है।



## न्यूज ब्रीफ

### बोलेरो और ट्रक ट्रेलर की टक्कर में एक की मौत

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** नेशनल हाइवे पठानकोट-जालंधर पर थाना डमटाल के अंतर्गत गत रात एक बोलेरो जीप और ट्रक ट्रेलर की टक्कर हो गई। हादसे में बोलेरो चालक यक्षक पठानिया (26) निवासी गगवाल, तहसील इंदौरा की मौत हो गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीएसपी इंदौरा संजीव यादव ने बताया के गत रात बोलेरो जीप तथा ट्रक ट्रेलर की आमने-सामने टक्कर होने से एक नौजवान की मौत हो गई है। पुलिस ने मामले में आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है तथा उपरांत नौजवान का नूरपुर हॉस्पिटल से पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के हवाले कर दिया है।

### मोटरसाइकिल स्किड होने से युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट-जालंधर मार्ग पर थाना डमटाल के अंतर्गत एक मोटरसाइकिल सवार की मोटरसाइकिल स्किड होने के कारण उसकी मौत का समाचार प्राप्त हुआ है। इस संबंध में जानकर देते हुए डीएसपी इंदौरा संजीव यादव ने बताया कि गत रात लखविंदर निवासी पठानकोट डमटाल की तरफ से पठानकोट जा रहा था कि अचानक उसकी मोटरसाइकिल स्किड हो गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत पठानकोट अस्पताल ले जाया गया, परंतु वहां पर जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। बता दें कि मृतक को 2 महीने पहले ही अपने पिता की मौत के चलते सरकारी नौकरी मिली थी।

### स्नेहा बनीं जिला कांगड़ा की पहली बस चालक

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी।** पंचरुखी के रामनगर की रहने वाली स्नेहा जिला कांगड़ा की पहली बस चालक बनी हैं। स्नेहा ने शनिवार को एक निजी ट्रांसपोर्ट राणा बस सर्विस में ड्यूटी ज्वाइनिंग की। स्नेहा ने कहा कि उसे बचपन से ही ड्राइविंग का शौक था। लगभग छह सालों से वह बड़ी गाड़ियां टीपर व ट्रक चला रही हैं, लेकिन कभी बस नहीं चलाई थी। उसने कहा कि एचआरटीसी की बस में ड्राइविंग करना मेरा सपना है।



### दुरगेला में आज लगेगा फ्री मेडिकल कैंप

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर के दुरगेला में 17 फरवरी को फ्री मेडिकल कैंप रोटरी क्लब धर्मशाला व फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा के सौजन्य से समाजसेवी कमल शर्मा एमडी सत्यम कॉलेज ऑफ नर्सिंग द्वारा आयोजित किया जा रहा है। कमल शर्मा ने बताया कि 17 फरवरी को सुबह 10 बजे से कैंप लगाया जाएगा। कैंप में लिखित टेस्ट दवाइयां फ्री होंगी।

### मटौर में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा बीपी शर्मा के घर मटौर में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए सुखदेव ने उपस्थित भक्तजनों के समक्ष गुरु महिमा में उत्प्रेत सुमधुर भजन प्रभु प्यार तेरा सच्चा, यह जग तो छलावा है का गुणगान किया, इसी अवसर पर गुरुदेव सर्व आशुतोष महाराज के शिष्य स्वामी हरीशानंद ने उपस्थित भक्तजनों को संबोधन करते हुए कहा ईश्वर हमारा शाश्वत सखा है। उसका शाश्वत सहयोग उन जख्मों पर मरहम का काम करता है, जो एकाकीपन हतोत्साह और अवसाद की चोटों से उत्पन्न हुए हैं। समय-समय पर वह सद्गुरु के रूप में अवतरित होता है एवं इस रहस्य को उद्घाटित करता है कि ईश्वर ही हमारा अनन्त सहयोगी है।

### निरंकार का अहसास ही सुमिरन : तिलक

**अनंत ज्ञान, गगल।** संत निरंकारी भवन घुरकडी में रविवार को साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय संचालक महात्मा तिलक राज डोगरा ने अपने प्रवचनों की अमृत वर्षा करते हुए कहा के मन के प्रदूषण और बाहर के प्रदूषण से किस प्रकार बचना होगा। उन्होंने कहा बाहर के प्रदूषण से तो हम बच जाते हैं, परंतु जो मन के अंदर प्रदूषण होता है, उससे बचना आसान नहीं होता है। उन्होंने कहा है कि जब रूह का निरंकार से मिलाप हो जाता है। तब मन भी स्वच्छ निर्मल और पावन हो जाता है फिर भी कभी-कभी हम अपने मन की अवस्था में उतार-चढ़ाव देखते हैं जब निरंकार को जानते हुए भी मन निरंकार के एहसास में नहीं होता तो हमारी अवस्था में कमजोरी आ जाती है। क्योंकि जब माया का प्रभाव मन पर होता है तो मन में प्रदूषण पैदा हो जाता है जो मन की अवस्था को कमजोर बना देता है। मन के इस प्रदूषण की सफाई केवल निरंकार के एहसास और सुमिरन से ही हो सकती है।

### नशे की आदत मृत्यु को दावत : डॉ. रंजना कपूर

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पपरोला में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का नेतृत्व आयुर्वेदिक हेल्थ सेंटर संसाई में कार्यरत डॉ. रंजना कपूर ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया और इसे सामाजिक बुराई बताते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को बर्बाद कर देता है। इस कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ, 70 एनएसएस स्वयंसेवी और 150 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। डॉ. कपूर ने नशे के कारण होने वाली जानलेवा बीमारियों, पारिवारिक विघटन और सामाजिक नुकसान पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई और इसके खिलाफ रैली का आयोजन भी किया गया।

### बेसहारा पशुओं को पहनाई रेडियम बेल्ट

**अनंत ज्ञान, गगल।** सड़कों पर घूमने वाले बेसहारा पशुओं की रक्षा को लेकर सड़कों पर उतरी एंटी टास्क फ्रंट जिला कांगड़ा के लगभग 120 युवाओं की ब्रिगेड के फ्रंट के अध्यक्ष बलविंदर सिंह बबलू तथा मुख्य संरक्षण रुद्राक्ष राजपूत के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के तहत 15 फरवरी की रात को गगल,कांगड़ा, चंबी, घुरेहि आदि क्षेत्रों में गस्त करते हुए बेसहारा पशुओं के गले में रेडियम बेल्ट लगाए। उन्होंने बताया कि रेडियम बेल्ट लगी होने से यह बेसहारा पशु दुर्घटनाओं का शिकार होने से बच जाएंगे। उन्होंने बताया कि ज्यादा बेसहारा पशु चढ़ी घरोह इलाके में पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि बीग्रेड के युवा पशुओं के बेसहारा छोड़ने वाले मालिकों का पता लगवाने के लिए रात्रि गस्त लगाएगी। उन्होंने दो टूक कहा कि पशुओं को बेसहारा छोड़ने पर पकड़े जाने वाले लोगों का पहले मुंह काला करके इलाके में घुमाया जाएगा तथा बाद में उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बेहतर कचरा प्रबंधन के लिए धर्मशाला नगर निगम को नेशनल स्कॉच अवॉर्ड

## नगर निगम के आयुक्त इकबाल ने दिल्ली में हासिल किया प्रतिष्ठित पुरस्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो धर्मशाला**

धर्मशाला नगर निगम को नेशनल स्कॉच अवॉर्ड-2024 से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार दिल्ली में आयोजित नेशनल स्कॉच अवॉर्ड वितरण समारोह में नगर निगम के आयुक्त जफर इकबाल ने हासिल किया है। इकबाल ने नेशनल स्कॉच अवॉर्ड के लिए नगर निगम के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों सहित स्वच्छता मित्रों को श्रेय देते हुए कहा कि स्वच्छता और सफाई के लिए स्कॉच पुरस्कार स्कॉच समूह द्वारा दिया जाने वाला एक पुरस्कार है, जो उन व्यक्तियों, परियोजनाओं या संस्थानों को मान्यता देता है, जिन्होंने अक्सर भारत में स्वच्छ भारत मिशन जैसी पहलों के संदर्भ में सफाई और सफाई प्रथाओं में सुधार करने में असाधारण उपलब्धियों का प्रदर्शन किया है मूलत: यह किसी समुदाय या संगठन में स्वच्छता और स्वास्थ्य मानकों के लिए उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाने वाला पुरस्कार है।

उन्होंने कहा कि धर्मशाला को बेहतर कूड़ा-कचरा प्रबंधन तथा स्वच्छता के लिए अपनाए जा रहे बेहतर तरीकों के आधार पर दिया गया है। नगर निगम के आयुक्त ने कहा कि धर्मशाला नगर निगम में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर करने के लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं ताकि लोगों को बेहतर सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि घरों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से ही कूड़े के सही निष्पादन और उसके उचित संकलन को लेकर धर्मशाला नगर निगम में स्वच्छ शहर, समृद्ध शहर अभियान की शुरुआत की गई है। अभियान के तहत स्वच्छता मित्रों और नगर निगम द्वारा लोगों को घरों पर ही गीला तथा सूखा कूड़ा अलग करने बारे जागरूक किया जाएगा।



### कूड़े के सही प्रबंधन की जिम्मेदारी सबकी

**एमसी** आयुक्त ने कहा कि कूड़े के सही प्रबंधन की जिम्मेदारी जितनी नगर निगम की है, उतनी ही आम शहरियों की भी है। उन्होंने कहा कि धर्मशाला वैश्विक स्तर पर एक प्रतिष्ठित पर्यटन गंतव्य है। यह शहर जितना अधिक स्वच्छ और सुंदर बनेगा उतना ही अधिक यहां पर्यटकों का आगमन होगा। उन्होंने कहा कि धर्मशाला के स्वच्छ और सुंदर बनने से यहां के लोगों की आर्थिकी में भी व्यापक सुधार होगा। उन्होंने कहा कि कूड़ा प्रबंधन के क्षेत्र में नगर निगम को आत्मनिर्भर बनने की आज आवश्यकता है।

## चिट्टा तस्करों को पकड़वाने वाले को 11 हजार का इनाम

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पंचायत लारथ के उपप्रधान संजय कुमार ने रविवार को सोशल मिडिया पर खुद की वीडियो वायरल कर चिट्टा तस्कर को पकड़वाने वाले व्यक्ति को अपनी तरफ से 11 हजार रुपए इनाम देने की घोषणा की है। वहीं, उपप्रधान द्वारा इनाम देने की घोषणा का सोशल मिडिया पर काफी संख्या में लोग भी स्वागत करते दिख रहे हैं। गौर रहे कि जिला कांगड़ा का उपमंडल इंदौरा चिट्टे का गढ़ माना जा रहा है तो वहीं इसके साथ लगते उपमंडल जवाली, फतेहपुर व नूरपुर भी इससे अछूते नही रहे हैं। वहीं क्षेत्र के युवाओं को चिट्टे की लत से बचाने के लिए जहां काफी संगठन खेलकूद प्रतियोगियाओं को बढ़ावा दे रहे हैं तो वहीं कुछ लोग उक्त तरीके अपनाकर चिट्टे पर तीखा प्रहार करने को सजग दिख रहे हैं, जोकि एक बहुत ही अच्छी पहल होती दिख रही है।



## सालगिरह मुबारक



नगरोटा बगवां के धनीराम और प्रवेश कुमारी को शादी की 49वीं सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



पालमपुर के अजीत पठानिया व सुदेश पठानिया को को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## पौंग झील में पर्यटक शीघ्र उठाएंगे साहसिक खेलों का लुत्फ : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जल क्रीड़ा ऑपरेटर का किया चयन**

पौंग बांध में शीघ्र ही जल क्रीड़ा से संबंधित गतिविधियां आरंभ हो जाएंगी।पौंग बांध क्षेत्र में अब पर्यटक मोटरबोट की सवारी, क्रूज, नौका अनुभव और रोमांचकारी राइड का लुत्फ उठा सकें। इस के लिए जिला जल क्रीडा एंव संबद्व गतिविधियां सोयायटी ने जल क्रीड़ा ऑपरेटर का चयन की औपचारिकताएं पूर्ण कर ली हैं तथा जल क्रीड़ा आपरेटर को शीघ्र ही गतिविधियां आरंभ करने निर्देश भी दे दिए गए हैं ताकि पौंग बांध को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा सके। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट होने के चलते प्रशासन द्वारा इसे लेकर निर्धारित समय पर गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पौंग बांध क्षेत्र में भी पर्यटन को विकसित करने की अपार संभावनाएं हैं तथा सरकार के निर्देशानुसार यहां पर्यटन विकास को लेकर प्रशासन द्वारा गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग के अधिकारियों को भी पौंग बांध क्षेत्र में पर्यटन की दृष्टि से आधारभूत संरचना विकसित करने की कार्य योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए भी कहा गया है। उन्होंने कहा कि पर्यटन के साथ-साथ यहां स्वरोजगार के अपार अवसर उपलब्ध करवाने की संभावनाएं हैं, जिनको लेकर प्रशासन द्वारा एक सम्पूर्ण खाका तैयार किया है। डीसी ने कहा कि पौंग बांध क्षेत्र और यहां के पानी को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए भी हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

## टांडा अस्पताल में नशे के खिलाफ एकजुट हुए केमिस्ट एंड ड्रग्जिस्ट्स

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा इकाई की केमिस्ट एवं ड्रग्जिस्ट्स संगठन द्वारा 16 फरवरी को नशे के खिलाफ 'एक अभियान, हम भी सरकार के साथ' सफलतापूर्वक हुआ। इसका आयोजन हिमाचल प्रदेश केमिस्ट एसोसिएशन जिला कांगड़ा द्वारा टांडा मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में सुबह 10 बजे हुआ। इसमें जिला कांगड़ा के सभी दवाई विक्रेता जैसे की थोक विक्रेता एवं परचून दवाई विक्रेता सम्मलित हुए। इस कार्यक्रम में जिला सहायक ड्रग कंट्रोलर निशांत सरीन एवं उनके साथ जिला कांगड़ा के सभी ड्रग इंस्पेक्टर टेरस से कुशल कुमार, ड्रग इंस्पेक्टर देहरा पारुल ठाकुर, ड्रग इंस्पेक्टर धर्मशाला मिनाक्षी जयसवाल, ड्रग इंस्पेक्टर कांगड़ा शालू शर्मा उपस्थित रहे। एडिशनल ड्रग कंट्रोलर निशांत सरीन ने बताया कि इस तरह का कार्यक्रम वह पहले भी जिला चंबा में कर चुके हैं।

## प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमराई : रविंद्र धीमान

### 27 दिन से गायब था युवक, क्या करता रहा शासन और प्रशासन

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी**

जब से प्रदेश में कांग्रेस सरकार सत्तासीन हुई है तब से प्रदेश में कानून-व्यवस्था का बेहद बुरा हाल हो चुका है। आए दिन हत्याएं, चौरी, डकैती व चिट्टे के मामले बढ़ना आम बात हो गई है। चिट्टे जैसे मामलों में नेताओं के रिश्तेदारों के नाम आना पूरे प्रदेश के लिए चिंता का विषय है। प्रदेश में कानून व्यवस्था का नंगा नाच हो रहा है। पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था डगमगा गई है। यह बात जयसिंहपुर के पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने पंचरुखी के बटाहण क्षेत्र के एक 27 वर्षीय युवक की ज्वालामुखी के जंगलों में मिली संदिग्ध परिस्थितियों में लाश को लेकर पंचरुखी में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। प्रेस कॉन्फ्रेंस में रविंद्र धीमान ने शासन व प्रशासन की कार्यशाली पर प्रश्न उठाते हुए कहा कि 27 दिन से युवक गायब था तो क्या शासन व प्रशासन गहरी नींद में सोया था? जो इस युवक को 27 दिनों में ढूंढ नहीं पाया। रविंद्र धीमान ने कहा कि जब से जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस का राज आया है तो कानून व्यवस्था चरमरा गया है।

धीमान ने कहा कि प्रदेश सरकार के मंत्री यादवेंद्र गोमा के घर से 200 मीटर दूर मृतक के परिवारजनों व लोगों द्वारा किए गए धरना-प्रदर्शन में न वह खुद आए, न उनके परिवार से कोई आया। रविंद्र धीमान ने शासन व प्रशासन से निवेदन करते हुए कहा कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच हो व परिवार की हर संभव सहायता की जाए।





### हत्या के आरोप में तीन गिरफ्तार : डीएसपी

**पंचरुखी।** डीएसपी पालमपुर लोकेंद्र नेगी ने रविवार को बताया कि मृतक के परिजनों ने जिन तीन लोगों पर बेटे की हत्या करने की आशंका जताई है, उन्हें शनिवार देर शाम को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी है। एक पुलिस कर्मी, जो कि आरोपी महिला का देवर बताया जा रहा है, उसको भी लाइन हाजिर कर दिया है। उन्होंने कहा कि मामले में निष्पक्ष तरीके से जांच की जाएगी। वहीं रविवार को मृतक पंकज का अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंतिम संस्कार मे पूर्व विधायक रवि धीमान, भाजपा महामंत्री राजेश राणु, मंजीत डोगरा, व सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## राजेंद्र को चुना मंदिर कमेटी का प्रधान

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** उस्तेहर गांव में स्थित शीतला माता मंदिर में गांववासियों ने एक बैठक का आयोजन किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि मंदिर में उचित रख रखाव व मंदिर के सुधार के लिए एक कमेटी का गठन किया जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि गांव को जागरूक करने बारे व नशा मुक्त गांव बनाने हेतु निर्णय लिए गए बैठक में सदस्यों द्वारा मंदिर प्रांगण को साफ सुथरा रखने हेतु क्या-क्या कार्य किए जाने हैं के बारे में चर्चा की गई। बैठक में गठित की गई कमेटी में राजेंद्र कुमार प्रधान, मोहित अवस्थी उपप्रधान, विनेश कुमार सचिव, मनीष अवस्थी कोषाध्यक्ष, बलविंदर कटोच, सदस्यों में ऋषि अवस्थी अमन अवस्थी एवं राहुल धीमान को चुना गया।

## ढगवार में बंद पड़ी कूहल खुलवाने के लिए निशु मोंगरा ने लगवाई जेसीबी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

ढगवार गांव में मिल्क प्लांट के काम के चलते मांझी खड्ड से निकलने वाली कूहल बुरी तरह टूटी है। अब इस कूहल की बहाली के प्रयास शुरू हो गए हैं। रविवार सुबह 11 बजे एपीएमसी कांगड़ा और हिमाचल कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन निशु मोंगरा ने जेसीबी लगाकर इस कूहल को बहाल करने का काम शुरू करवा दिया। मौके पर पहुंचे निशु मोंगरा ने काम का जायजा लिया तथा वहां जुटे सैकड़ों किसानों को आश्वस्त किया कि इस कूहल को पक्का करके बहाल करवाया जाएगा। मौके पर जुटे किसानों ने बताया कि यह कूहल इच्छी के अलावा मनेड, बगली, घणा, अनसोली, कंदरेहड़, पटौला, जमानाबाद, अब्दुल्लापुर, सहौड़ा, मंगरेहड़ समेत दर्जनों गांवों में सिंचाई सुविधा देती है। इस कूहल का पानी घुरलू नाला से होकर बगली, घणा, अनसोली आदि गांवों की जमीन को सिंचित करता है, तो दूसरा हिस्सा फिर से घुरलू नाला के जरिए बड़ी कूहल में तब्दील होता है। इस क्षेत्र की यह सबसे बड़ी कूहल है। दूसरी ओर उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने कहा है कि कूहल को बहाल करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, किसानों ने बताया कि कूहल के बंद होने से गोभी, मटर, मूली, साग, शलगम, गेहूं, चुकंदर आदि नकदी सब्जियां सूखने के कगार पर हैं। गेहूं में पीलापन दिखने लगा है।



> **ढगवार** में छोटी मांझी कूहल को जेसीबी से खुलवाया जा रहा है। उसके बाद इसे पक्का करवाया जाएगा। किसानों को कोई असुविधा नहीं होने देंगे।
>
> **-निशु मोंगरा, चेयरमैन एपीएमसी व ओबीसी विभाग**

## मोबाइल ऐप के माध्यम से एकत्रित होगा 8वीं आर्थिक जनगणना का डाटा : एडीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा में 8वीं आर्थिक गणना 2025-26 से संबंधित विशेष बैठक का आयोजन अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें जिला स्तरीय समन्वय समीति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। अनुसंधान अधिकारी जिला कांगड़ा स्वर्ण लता ने बताया कि गणना का क्षेत्रीय कार्य 1 मई 2025 से शुरू हो जाएगा और ये कार्य राष्ट्रीय स्तर पर हो रहा है। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि राज्य स्तरीय समन्वय समिति की ओर से जारी निर्देशानुसार जिले में गणना का कार्य सुचारू रूप से सम्भव हो पाएगा। उन्होंने इस गणना के लिए विभिन्न बिंदुओं को विशेष रूप से अलग-2 चर्चा कर सभी अधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इस गणना में घरेलू उद्यमों समेत सभी प्रतिष्ठानों को शामिल किया जाएगा। इसके साथ-साथ इसमें डेटा कैप्चर, सत्यापन रिपोर्ट निर्माण और प्रसार के लिए एक आई टी आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आर्थिक जनगणना 2025-26 के लिए इसके अतिरिक्त एन्यूमेरेटर के तौर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व आशा वर्कर और सुपरवाइजर के लिए पटवारी, पंचायत सहायक व पंचायत सचिव की तैनाती कर दी जाएगी तथा इस गणना में सारा डाटा मोबाइल ऐप के माध्यम से एकत्रित किया जाएगा।

## यूथ फिटनेस अकादमी डरोह में दे रही फ्री ट्रेनिंग

**अनंत ज्ञान, डरोह।** यूथ फिटनेस अकादमी होला के डायरेक्टर संजय कुमार ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि वह होला में यूथ फिटनेस अकादमी के द्वारा गांव के आसपास के नौजवानों को निशुल्क ट्रेनिंग दे रहे थे। इस बीच जहां ट्रेनिंग के लिए उन्होंने जो मैदान अपनी ओर पैसे खर्च कर बनाया था, वह पिछली बरसात में मौल खड्ड में बाढ़ आने से बह गया, जिसके चलते उन्हें वहां स्थानीय नौजवानों को अभ्यास करवाने में दिक्कत आने लगी। उन्होंने पीटीसी डरोह के पास एक मैदान में 50 बच्चों को निशुल्क अभ्यास करवाना शुरु किया, जोकि होला से लगभग आठ किलोमीटर दूर है। वह वहां पिछले दो महीनों से पुलिस भर्ती व अग्निवीर भर्ती के लिए बच्चों को ट्रेनिंग दे रहे हैं। रविवार को उन्होंने अपनी ओर से इस भर्ती के लिए बच्चों का ट्रायल लिया, जिसमें सभी नौजवान सफल हुए। उन्होंने अपनी ओर से उन्हें रिफ्रेशमेंट भी दी। आपको बता दें कि पुलिस की भर्ती 20 फरवरी से धर्मशाला में शुरू होने वाली है, इसी के लिए तैयारी हो रही है। संजय कुमार सेना से सेवानिवृत्त है और वह अपने गांव या आस पास के इलाके के नौजवानों को सेना व पुलिस में भर्ती होने के लिए निशुल्क ट्रेनिंग देते हैं।

## बुजुर्ग ने बचाई खाई में गिरे दो मेमनों की जान

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** बारी कलां पंचायत के बनगल गांव में एक 70वर्षीय वृद्ध ने अपनी जान पर खेलकर बहादुरी का परिचय देकर शंकरी गहरी खाई में गिरे दो मेमनों को निकाल कर उनकी जान बचा ली। गौरतलब है कि उक्त मेमनों को खाई से निकालने में दो दिन लग गए । उक्त मेमने (बकरी के बच्चे) रोजाना की तरह घास चरने के चक्कर बनगल गांव के पास लगभग 50 मीटर शंकरी (तंग) गहरी खाई में गिर गए थे । वहां से उन्हें निकालना बहुत बड़ा जोखिम था, लेकिन सुराणी के टिप निवासी 70 वर्षीय कश्मीर सिंह ने बहादुरी का परिचय देते हुए उक्त पशुधन को बचा लिया। बारी कलां पंचायत प्रधान सतवीर सिंह, पूर्व पंचायत प्रधान रत्न चंद, खुंडियां भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय राणा आदि ने जांबाज वृद्ध कश्मीर सिंह के साहस की प्रशंसा की है। प्रधान सतवीर सिंह ठाकुर ने कहा कि पंचायत उक्त युवक कश्मीर सिंह को सम्मानित करेगी।

## देहरा के विकास में होशियार सिंह बने बाधा : मनोज

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** प्रदेश कांग्रेस युवा महासचिव मनोज शर्मा सन्नी ने पूर्व विधायक होशियार सिंह पर देहरा में हो रहे विकास में बाधा डालने के आरोप लगाए हैं। पत्रकार वार्ता के दौरान मनोज शर्मा सन्नी ने बताया कि पूर्व विधायक होशियार चुनाव हारने के बाद ही छह महीने के लिए विदेश भाग गए और आते ही उपमंडल देहरा में हो रहे विकासात्मक कार्य को देखकर बौखला गए हैं। मनोज शर्मा ने पूर्व विधायक होशियार सिंह से पूछा है कि देहरा में पुलिस जिला बना, देहरा में लोक निर्माण विभाग के दफ्तर आपग्रेड कर एससी ऑफिस बना, उसी तर्ज पर विद्युत विभाग और आईपीएच विभाग के मंडलों को अपग्रेड करना और 200 करोड़ से बनखंडी में बन रहा जू, इतने सारे कामों से क्या उनको विकास नजर नहीं आ रहा?

## फतेहपुर में मनाई जाएगी महाराणा प्रताप जयंती

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** राजपूत सर्वहित कल्याण सभा फतेहपुर की बैठक रविवार को रेस्ट हाउस फतेहपुर में प्रधान जगदेव पठानिया की अध्यक्षता में हुई। इसमें सभा चेयरमैन राघव पठानिया विशेष उपस्थित रहे। इसमें सर्वप्रथम सभा की सदस्यता बढ़ाने पर जोर दिया गया और सर्वसम्मति से आगामी 29 मई को महाराणा प्रताप की जयंती मनाने की रुपरेखा तैयार की गई। सभा चेयरमैन राघव पठानिया ने कहा कि बैठक में आगामी 29 मई को महाराणा प्रताप जयंती फतेहपुर में मनाने का निर्णय लिया गया है।

## खेलों से नाता ही युवाओं को नशे से रखेगा दूर : पठानिया

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

उप सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि खेलों से नाता ही युवाओं को नशे से दूर रख सकता है। रविवार को चंबी में चंबी यूथ एवं स्पोर्ट्स एकेडमी द्वारा आयोजित मैराथन प्रतियोगिता का शुभारंभ करने के उपरांत उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार, खिलाड़ियों को उचित सम्मान प्रदान करने के साथ-साथ खेलों तथा खिलाड़ियों के लिए आधारभूत ढांचे के विकास के लिये गंभीरता से प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व प्रदेश के इतिहास में पहली बार हिमाचल प्रदेश सरकार ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को मिलने वाली पुरस्कार राशि को बढ़ाया है।

उन्होंने कहा कि ओलंपिक, शीतकालीन ओलंपिक और पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 5 करोड़ रुपये, सिल्वर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 3 करोड़ और कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 2 करोड़ रुपए प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि ओलंपिक्स, कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों की कैश राशि को मुख्यमंत्री ने 300 से 400 प्रतिशत की वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य से बाहर खेलने वाले खिलाड़ियों को एसी 3 टायर ट्रेन और एयरलाइन की सुविधा भी देती है।

## केंद्रीय बजट और योजनाएं विकसित भारत के लिए बेहतरीन : नरेश बंसल

**अनंत ज्ञान , धर्मशाला।** उत्तराखंड के राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए कहा कि बजट को हर वर्ग के अनुकूल रखा गया है। उन्होंने केंद्रीय बजट व योजनाओं को विकसित भारत के लिए बेहतरीन बताया। इनोवेशन, परफॉर्म व निवेश महत्वपूर्ण कारक शामिल रहेंगे। धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद नरेश बंसल ने कहा कि एक फरवरी को विकसित भारत के संकल्प को लेकर बजट प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री ने राजकोषीय अनुशासन के लिए वित्तीय घाटे को नियंत्रित करने में सफल रही है। उधारी 14 लाख रही है, जिसमें कम बढोतरी हुई है। उन्होंने कहा हिमाचल प्रदेश को 2009 से 14 तक 108 करोड़ था, जोकि अब 2025-26 में 716 करोड़ हुआ है। फोरलेन के कार्य चल रहे हैं, चार अमृत स्टेशन, 24 रेल फ्लाई ओवर व रेलवे लाईन पर कार्य किया जा रहा है।

## अवैध माइनिंग करने पर एक जेसीबी और 6 ट्रैक्टर जब्त



**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

पुलिस जिला नूरपुर अशोक रत्न द्वारा एक विशेष मुहिम के तहत खनन माफिया पर लगातार शिकंजा करते हुए रविवार सुबह गांव घोड़न के पास पुलिस ने एक जेसीबी मशीन तथा 6 ट्रैक्टर चालक, जो कि अवैध खनन कर रहे थे, को जब पकड़ा तो उनके पास कोई भी जरूरी कागजात या अनुमति सरकार द्वारा नहीं ली गई थी। सके चलते इन सभी के खिलाफ मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वहीं, इस संबंध में जानकारी देते हुए डीएसपी इंदौरा संजीव यादव ने बताया कि इस महीने 2 जेसीबी मशीन तथा 12 ट्रैक्टरों के चालान काटे गए हैं तथा यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। अवैध खनन पर एसपी द्वारा विशेष मुहिम के तहत यह कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

**चेकअप** | लायंस क्लब पठानकोट के तत्वावधान में निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन

## ग्रीनलैंड स्कूल सूरजपुर में जांचा 550 लोगों का स्वास्थ्य

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल सूरजपुर क्षेत्र में बच्चों को उच्च शिक्षा उपलब्ध करवाने के साथ ही सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग ले रहा है। शनिवार को स्कूल के चेयरमैन रणवीर सिंह, सचिव कंवलजीत सिंह व प्रिंसिपल अनुमीत कौर की देखरेख में स्कूल प्रागंण में निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया।

लायंस क्लब पठानकोट के तत्वावधान में आयोजित कैंप में दांतों के माहिर डॉक्टर हिमांशु भंडारी, हड्डियों के रोग विशेषज्ञ डॉक्टर तरसेम सिंह, डॉ. अत्री अस्पताल से डॉक्टर एमएल अत्री व स्किन रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विकास ठाकुर की ओर से लगभग 550 मरीजों का चेकअप किया गया। चेयरमैन रणवीर सिंह ने बताया कि ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल क्षेत्र में बच्चों को उच्च क्वालिटी की शिक्षा उपलब्ध करवा ही रहा है, वहीं क्षेत्र निवासियों के हित में जरूरतमंदों के लिए हर वर्ष इस तरह के मेडिकल कैंप आयोजित कर रहा है, ताकि लोगों को निशुल्क स्वस्थ सुविधाएं उपलब्ध मिल सकें। प्रिंसिपल अनुमीत कौर ने बताया कि मौके पर बच्चों को स्वस्थ रहने संबंधी जरूरी टिप्स भी दिए गए, जिसमें खाने/पीने में सुधार करने, सैर करने, योग को अपनाना शामिल है।



अंत में उन्हांने लायंस क्लब पठानकोट के अध्यक्ष डॉक्टर एमएल अत्री व उनकी टीम की ओर से समाज हित कार्यक्रम में दिए गए सहयोग के लिए उनका धन्यवाद किया तथा उन्हें बुके देकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर लायंस क्लब पठानकोट के समूह सदस्य, स्कूल स्टाफ, स्कूल के स्टूडेंट्स व अभिभावक भी मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### किसान कांग्रेस कमेटी में नियुक्त हुए उपाध्यक्ष

**दशमी रावत, रोहड़ू।** ब्लॉक किसान कांग्रेस कमेटी रोहड़ू का राज यशवंत मच्छान को अध्यक्ष नियुक्त करने के बाद अब फरवरी माह में आठ उपाध्यक्षों की नियुक्ति हुई है, जिसमें जोगिंद्रनेगी (जक्तवाणी), सिकंद्र सिंह (मंघारा), सुनील घेष्टा (बाघी), प्रशांत दुघड़ाण (खाबल), विकास सोनी (टिक्करी), रितेश लटियाण (पेजा), सुमेंद्र सिंह रावत (डोडरा क्वार) व अनुप चौहान (करासा) को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त उपाध्यक्षों ने बताया कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने जो अहम जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है वे उस पर पूरी ईमानदारी एवं मेहनत के साथ कार्य करते हुए खरा उतरने की कोशिश करेंगे।

### 1.53 ग्राम चिट्टा व 17.56 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** उपमंडल रोहड़ू के पुलिस थाना चिड़गांव के अंतर्गत शनिवार देर शाम को पुलिस टीम ने गश्त के दौरान बडियारा बाजार में पंजाब निवासी अभिषेक गुलेरिया (25) के बैग से 1.53 ग्राम चिट्टा व 17.56 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस थाना चिड़गांव में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया है कि एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाही जारी है।

### पत्रकारों के हितों के लिए कदम उठा रहे : डीपी चौधरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भारतीय पत्रकार कल्याण मंच रजि. राष्ट्रीय मुख्यालय कुरुक्षेत्र की ओर से राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए पत्रकारों का एक टूर कुरुक्षेत्र के पिपली पैराकीट विश्राम गृह से हिमाचल प्रदेश के लिए रवाना हुआ। इस खास अवसर पर पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जिला परिषद कुरूक्षेत्र के वाईस चेयरमैन डीपी चौधरी ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर पत्रकारों के टूर को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन आश्री, चंडीगढ़ से हरियाणा के वरिष्ठ पत्रकार, भारतीय पत्रकार कल्याण मंच हरियाणा प्रांत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं चंडीगढ़ स्तिथ हरियाणा सरकार के सचिवालय में हरियाणा की कवरेज करने वाले मंच से जुड़े मीडिया पर्सन्स के प्रभारी ओमप्रकाश राय, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष जसबीर दुग्गल, राष्ट्रीय सचिव सतनाम सिंह, प्रदेश के ज्वाईंट सैक्रेटरी अजय ठाकुर समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। हरी झंडी देने से पहले पत्रकारों से बातचीत करते हुए वाइस चेयरमैन डीपी चौधरी ने कहा कि भारतीय पत्रकार कल्याण मंच पत्रकारों को ओर ज्यादा आगे बढ़ने का मौका दे रहा है। भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन आश्री, चंडीगढ़ स्तिथ हरियाणा सरकार के सचिवालय में हरियाणा की कवरेज करने वाले मंच से जुड़े प्रभारी ओमप्रकाश राय, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष जसबीर दुग्गल ने बताया कि भारतीय पत्रकार कल्याण मंच की तरफ से करीब 27 वर्षों से पत्रकारों के प्रशिक्षण के लिए यह टूर ले जाया जाता है। जिसमें पूरे भारत के अलग-अलग राज्यों के पत्रकार हिस्सा लेकर अपने अनुभव भी सांझे करते हैं।

### विद्यार्थियों के लिए एचपीयू ने की कोर्सिज की सूची जारी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) ने स्नातकोत्तर (पीजी) कोर्सिज में प्रवेश प्राप्त विद्यार्थियों के लिए जैनरिक इलैक्टिव कोर्सिज की सूची जारी कर दी है। स्नातकोत्तर द्वितीय सैमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए रखे गए जैनरिक इलैक्टिव कोर्सिज में कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) व रूरल डिवैल्पमैंट, सोशल डैमोग्राफी, पर्यावरण व सामाजिक कार्य, फंडामैंटल कंसैप्ट्स इन इकॉनोमिक्स (एमएबीई के साथ संयुक्त), फंडामैंटल कंसैप्ट्स इन इकॉनोमिक्स (एमए के साथ संयुक्त), पॉजिटिव साइकालॉजी, टूरिज्म प्रोड्क्टस ऑफ हिमाचल प्रदेश, इंडियन आर्केलॉजी, हिमाचल प्रदेश के पहलु, हिमाचल प्रदेश का भूगोल, एडवांस्ड अकादमिक राइटिंग, योगा व ह्यूमन वैल्यू, तबला वादन की बुनियादी तकनीक, मीडिया लेखन व हिन्दी पत्रकारिता (जैनेरिक-1), जनसंख्या अध्ययन के सिद्धांत, कन्वर्जन्स मीडिया के बेसिक, ऑर्गेनाइजेशनल बिहेवियर एंड डिवैल्पमैंट, फंडामैंटल ऑफ मैनेजमैंट, इंडिया एंड द वर्ल्ड, श्रीमद् भगवद् गीता (द्वितीय व सप्तदश अध्याय), हैल्थ एंड फिटनैस मैनेजमैंट, पेडागोजी ऑफ सोशल साइंस, फंडामैंटल ऑफ सिक्योरिटी स्टडीज व फोटोग्राफी/बेसिक्स ऑफ प्रिंटिंग मेकिंग आदि शामिल हैं। इसके अलावा स्नातकोत्तर के लिए भी कोर्स शामिल हैं।

शिमला में दो चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के भावी माता-पिता को करवाया दत्तक ग्रहण, डीसी बोले-

# बच्चों के नवजीवन को मिल रहा आकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सरकार के प्रयासों के कारण चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट को भावी माता-पिता के दत्तक ग्रहण करवाने में सफलता हासिल हो रही है। शिशु गृह टूटीकंडी शिमला में दो चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट को उनके भावी माता-पिता को दत्तक ग्रहण उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने करवाया है। एक चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट को उत्तराखंड के दंपती ने गोद लिया है। वहीं दूसरे को उत्तर प्रदेश के दंपती ने गोद लिया है।

प्रदेश सरकार के सार्थक प्रयासों से बच्चों के नवजीवन को आकार मिल रहा है। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने समाज के समृद्ध लोगों से अपील की है कि वे शिशु गृह और आश्रमों में पल रहे किशोर बच्चों को अपनाने के लिए आगे आएं ताकि इन बच्चों का सुखद और उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के कमजोर व गरीब वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है। राज्य में 4000 असहाय बच्चों की अब प्रदेश सरकार ही माता और



सरकार ही पिता है। इन बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में अपनाया गया है। वर्तमान सरकार ने इन बच्चों के कल्याण के लिए मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना आरंभ की है। इस समय जिला में 13 बाल-बालिका संस्थान चलाए जा रहे हैं।

इसके अतिरिक्त प्रदेश सरकार द्वारा विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा व दिव्यांग अभिभावकों के 0-27 वर्ष के बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य व पोषण के लिए इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना भी आरंभ की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी शिमला ममता पॉल ने बताया कि बच्चा गोद लेने के लिए जिन माता पिता ने आवेदन किया होता है, उन्हें मेरिट के आधार पर दत्तक ग्रहण करवाया जाता है।

### केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के तहत होती है प्रक्रिया

**भारत** में भारतीय नागरिक, एनआरआई और विदेशी नागरिक हर कोई बच्चे को गोद ले सकता है, लेकिन उसके लिए सबसे पहले उन्हें केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण द्वारा बनाए गए नियमों को पूरा करना जरूरी है। शादीशुद्धा परिवार के अलावा इसके साथ ही सिंगल पैरेंट या कपल दोनों ही बच्चे को गोद ले सकते हैं। हालांकि मैरिड कपल के लिए कुछ नियम निर्धारित किए गए हैं।

#### ये नियम हैं जरूरी

- अगर कोई शादीशुदा जोड़ा बच्चा गोद ले रहा है तो उस कपल की शादी को कम से कम 2 साल का समय होना चाहिए।
- गोद लेने वाले बच्चे के माता-पिता को जानलेवा बीमारी नहीं होनी चाहिए।
- बच्चे और माता-पिता की उम्र में कम से कम 25 साल का फर्क होना चाहिए।
- बच्चे को गोद लेने के लिए माता-पिता दोनों की रजामंदी होनी चाहिए।
- अगर कोई महिला किसी बच्चे को गोद लेना चाहती है तो वह लड़का या लड़की में से किसी को भी आसानी से गोद ले सकती हैं।
- पुरुष बच्चे को केवल लड़का ही गोद दिया जाता है।
- कपल लड़का या लड़की में से किसी को भी गोद ले सकता है।
- माता-पिता की बच्चा गोद लेते समय आर्थिक स्थिति सही होनी चाहिए।

#### बच्चा गोद लेने के लिए शुल्क करवाना होता है जमा

**भारत** में बच्चा गोद लेने की कानूनी प्रक्रिया हिंदू दत्तक और भरण पोषण अधिनियम 1956 और किशोर न्याय (बच्चों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 के तहत पूरी की जाती है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अधीन केंद्रीय दत्तक-ग्रहण संसाधन प्राधिकरण इस प्रक्रिया की देखरेख करता है। हिमाचल प्रदेश में स्पेशलाइज्ड एडॉप्शन एजेंसी कार्यरत है। इसी के माध्यम से बच्चा गोद लेने की प्रक्रिया पूरी होती है। आवेदनकर्ता को होम स्टडी रिपोर्ट के समय 6 हजार रुपए फीस अदा करनी होती है। वहीं बच्चा गोद लेने के बाद माता-पिता को 50 हजार रुपए शुल्क एजेंसी के पास जमा करवाना होता है।

# हिमाचल में दनदना रहा खनन माफिया : जयराम

**अनंत ज्ञान, शिमला**



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में हर तरह का माफिया दनदना रहा है और आम आदमी का जीना मुश्किल हो गया है। आज अखबारों में जो खबरें छपी हैं उससे साफ जाहिर हैं कि सरकार का इकबाल खत्म हो गया है और माफिया राज हावी है।

एसपी ऑफिस के सौ-दो सौ मीटर के दायरे में माफिया युद्ध स्तर पर खनन कर रहे हैं और पुलिस की हिम्मत नहीं हो रही है कि उनपर कार्रवाई कर दें। ग्रामीणों द्वारा शिकायत किए जाने के बाद भी पुलिस नहीं आती है। सरकार के संरक्षण में इस तरह की अराजकता फैल रही है। प्रदेश सरकार पूरी तरह से फेल और माफिया पूरी तरह से प्रदेश में लूट मार मचा रहा है। ऐसे दृश्य किसी भी प्रदेश के लिए अच्छे नहीं हैं। क्या प्रदेश के संसाधनों को इस तरह से माफियाओं द्वारा लूटा जाएगा और सरकार खड़े रहकर तमाशा देखेगी और बाद में मीडिया में आकर झूठे प्रवचन देगी।

जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार ने माफियाओं के संरक्षण देने के साथ ही साथ पुलिस का मनोबल तोड़ दिया है, इसी का परिणाम है कि खनन माफिया अब एसपी ऑफिस के पास आकर खनन कर रहे हैं और पुलिस सिर्फ मूक दर्शक बनी हुई है। मुझे यह कहते हुए हैरानी नहीं हो रही है कि आने वाले समय में यह माफिया पुलिस अधीक्षक का ऑफिस भी खोदकर ले जा सकते हैं। व्यवस्था परिवर्तन वाली सुख् की सरकार में अवैध खनन युद्ध स्तर पर हो रहा हैं। दर्जनों की संख्या में पोकलैंड, जेसीबी और टिप्पर दिन रात खनन कर रहे हैं। प्रदेश के संसाधनों पर इस तरह की लूट भाजपा स्वीकार नहीं करेगी। मुख्यमंत्री इस मामले में गंभीरता से कार्रवाई करें।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन में व्यवस्था को इतना लाचार बनाने का श्रेय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को जाता है। बीतें दिनों बद्दी पुलिस द्वारा खनन माफिया पर कार्रवाई की गई। जो बात माफिया और सरकार दोनों को नागवार गुजरी ।

## मंत्रिमंडल की बैठक में नेरवा को मिला अग्निशमन केंद्र

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा**

मंत्रिमंडल की बैठक में चौपाल विधानसभा क्षेत्र के केंद्र बिंदु नेरवा में अग्निशमन केंद्र खोलने को लेकर मंजूरी मिल गई।

उल्लेखनीय है कि तहसील नेरवा की 25 पंचायतों के लोग पिछले कई सालों से नेरवा में अग्निशमन केंद्र खोलने की मांग कर रहे थे। सालों के इंतजार के बाद अग्निशमन केंद्र खोलने की मंजूरी मिलने से लोगों में खुशी की लहर है। अब अग्निकांड की घटनाओं में लोगों की संपत्ति को बचाया जा सकेगा। इससे पूर्व कहीं भी अग्निकांड की घटना होने पर अग्निशमन केंद्र चौपाल से फायर ब्रिगेड भेजी जाती थी, परंतु फायर ब्रिगेड को चौपाल से नेरवा पहुंचने में ही करीब एक घंटा लग जाता था एवं जब तक फायर ब्रिगेड टीम घटनास्थल पर पहुंचती थी तब तक कीमती संपत्ति जलकर राख हो चुकी होती थी।

अब नेरवा में फायर ब्रिगेड स्टेशन खुलने से अग्निकांड की घनाओं में कुछ हद तक लोगों की संपत्ति को बचाया जा सकेगा । यही नहीं नेरवा में फायर ब्रिगेड स्टेशन खुलने से कुपवी की आधा दर्जन पंचायतों को भी इसका लाभ मिलेगा। इस दौरान पंचायत नेरवा के अध्यक्ष बबिता तंगड़ाईक, व्यापार मंडल नेरवा के अध्यक्ष राजीव, नगर पंचायत नेरवा के मनोनीत पार्षद नरेंद्र, संदीप एवं बबलू कंवर, प्रधान बबिता रमचाईक आदि ने आभार व्यक्त किया है।(अनंत ज्ञान)

## एमसी ने 18 तहबाजारियों पर कसा शिकंजा

**अनंत ज्ञान, शिमला**



प्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देशों के तहत नगर निगम शिमला के अधिकारियों के द्वारा शिमला शहर में आए दिन तहबाजारियों पर शिकंजा कसा जा रहा है। रविवार को एमसी की टीम ने निरीक्षण के दौरान 18 तहबाजारियों का सामान जब्त किया है।

जानकारी के अनुसार एमसी की टीम ने 3 दौर में डीसी ऑफिस से लेकर शेर-ए-पंजाब तक निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान लोअर बाजार में कई तहबाजारी निगम की गाड़ी को आता देख भागने का प्रयास करने लगे, जिस पर टीम ने बिना लाइसेंस के सामान बेच रहे 9 तहबाजारियों का सामान जब्त कर लिया। ये सभी बाहरी राज्यों से सामान बेचने के लिए पहुंचे हुए थे। वहीं एमसी की टीम ने आईजीएमसी के पास से 3 तथा रामबाजार से 6 तहबाजारियों का सामान जब्त किया है।

बता दें कि लोअर बाजार में संडे मार्केट के चलते काफी भीड़ देखने को मिलती है, ऐसे में लोअर बाजार में सिर्फ लाइसेंस होने पर ही तहबाजारियों को बैठने की अनुमति है, लेकिन कई लोग बाहरी राज्यों से सामान बेचने के लिए पहुंच जाते हैं। ये सड़क पर ही सामान बचते हैं जिस कारण लोगों को आवाजाही में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में कई बार बाजार में एंबुलेंस भी फंस चुकी है।

इस कारण मरीज को अस्पताल तक पहुंचाने में परेशानी उठानी पड़ती है, ऐसे में नगर निगम द्वारा समय-समय पर अवैध रूप से सामान बेचने वाले तहबाजारियों पर कार्रवाई की जाती है।

## प्याज के दामों में फिर आया उछाल

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में प्याज के दामों में फिर से उछाल आया है। पिछले 3 दिनों से प्याज के दाम बढ़कर 50 रुपए प्रतिकिलो चल रहे हैं। हालांकि पिछले कुछ दिनों से प्याज के दाम गिर गए थे और इनके दाम 25 रुपए प्रतिकिलो तक पहुंच गए थे, लेकिन अब फिर से प्याज के दामों में बढ़ौतरी हुई है।

पिछले वर्ष से लहसुन के 400 रुपए प्रतिकिलो चल रहे दामों में हल्की नरमी आई है। 80 रुपए की गिरावट के चलते पुराने लहसुन के दाम अब 320 रुपए प्रतिकिलो चल रहे हैं। हालांकि मार्केट में लहसुन की नई फसल की खेप पहुंची हुई है, जिसके दाम 200 रुपए प्रतिकिलो चल रहे हैं। हालांकि कुछ सब्जियों के दाम अभी भी सूर्ख है।

## नईम मोहम्मद बने बिलासपुर जिला राफ्टिंग एसोसिएशन के चेयरमैन




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

गत दिवस हिमाचल प्रदेश राफ्टिंग एसोसिएशन एवं बिलासपुर जिला राफ्टिंग एसोसिएशन कि संयुक्त बैठक का आयोजन बिलासपुर वॉटर स्पोर्ट्स सेंटर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश राफ्टिंग एसोसिएशन के राज्य महासचिव इम्तियाज खान ने की, जबकि द इंडियन राफ्टिंग फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शौकत पाल सिकंद ने शिरकत की।

बैठक में सरस्वती से डियारा सेक्टर के समाज सेवक एवं ट्रांसपोर्टर नईम मोहम्मद को बिलासपुर जिला राफ्टिंग एसोसिएशन का चेयरमैन चुना गया। द इंडियन राफ्टिंग फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शौकत पाल सिकंद ने दिया नईम मोहम्मद को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस मौके पर नवनियुक्त राफ्टिंग एसोसिएशन ऑफ जिला बिलासपुर के चेयरमैन नईम मोहम्मद ने कहा कि जिला बिलासपुर एवं हिमाचल प्रदेश के गांव स्तर छुपी प्रतिभाओं को राफ्टिंग गेम्स में राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तरीय मंच प्रदान करने के लिए प्रयास किए जाएंगे। नईम मोहम्मद ने कहा कि वर्ल्ड राफ्टिंग फेडरेशन द्वारा अधिकृत द इंडियन राफ्टिंग फाउंडेशन एवं हिमाचल प्रदेश राफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा 20 से 25 मार्च 2025 को जिला कुल्लू पिरडी राफ्टिंग सेंटर में 17 वीं राष्ट्रीय रिवर राफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जाए। राष्ट्रीय राफ्टिंग चैंपियनशिप में भारत के विभिन्न राज्यों की लगभग 18 टीमें भाग लेंगी। राष्ट्रीय रिवर राफ्टिंग चैंपियनशिप में राफ्टिंग स्प्रिंट, सलालम, आरएक्स, डाउन रिवर रेस, पुरुष महिला एवं मिक्स कैटेगरी के इवेंट करवाए जाएंगे।

बिलासपुर शहर व आसपास पेयजल किल्लत से जूझ रहे लोग : जम्वाल

# कई स्थानों पर तीसरे-चौथे दिन पानी की आपूर्ति होने पर घेरी प्रदेश सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने बिलासपुर शहर समेत विधानसभा क्षेत्र के कई इलाकों में पेयजल समस्या को लेकर प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि गर्मी का मौसम शुरू होने से पहले ही लोगों को पानी के संकट से जूझना पड़ रहा है। कई स्थानों पर तीसरे-चौथे दिन पानी की आपूर्ति हो रही है। लोगों को मजबूरन जेब से पैसे खर्च करके पानी के टैंकर खरीदने पड़ रहे हैं। जब अभी यह हाल है तो गर्मी में स्थिति का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को चाहिए कि वे गर्मी के मौसम में संभावित पेयजल संकट के समाधान के लिए समय रहते तैयारियां शुरू कर दें, ताकि लोगों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

निर्माणाधीन पेजयल योजनाओं का काम भी जल्द पूरा किया जाए। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि पिछले साल पेयजल समस्या गर्मी के मौसम से पहले ही शुरू हो गई थी। बरसात के मौसम में बारिश



भी अपेक्षाकृत कम हुई थी, जिसकी वजह से सर्दियों में भी पानी का संकट लोगों को सताता रहा। अब सर्दी का मौसम भी खत्म होने जा रहा है, लेकिन पानी की समस्या जस की तस है। लोगों के घरों में लगे नल कई-कई दिनों तक सूखे रहते हैं। कई स्थानों पर तीसरे-चैथे दिन पानी मिल रहा है। पीने, खाना पकाने, नहाने और कपड़े धोने समेत अन्य जरूरी कार्यों के लिए पानी की व्यवस्था करना लोगों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। बिलासपुर शहर समेत विधानसभा क्षेत्र के कई इलाकों में अनियमित पेयजल आपूर्ति की वजह से लोगों को जेब से पैसे खर्च करके टैंकर मंगवाने पड़ रहे हैं। इससे उनकी जेब पर बेवजह चपत लग रही है। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि बारिश कम होने के कारण जलस्रोतों का स्तर घटता जा रहा है। इससे आने वाले गर्मी के मौसम में पेयजल संकट और अधिक गहराने की आशंका है। प्रदेश सरकार भले ही पानी के इस संभावित संकट की ओर से आंखें मूंदे बैठी हो, लेकिन जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को इस समस्या से निपटने के लिए समय रहते तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। पंजगाई, द्रोबड़, बरमाणा, बैरी व धारटटोह आदि क्षेत्रों के लिए कोलडैम से 14 करोड़ रुपए की लागत से पेयजल योजना का निर्माण किया गया है। यह अभी यह पूरी तरह से फंक्शनल नहीं हुई है। इसे जल्द से जल्द सुचारु तरीके से शुरू किया जाए।

इसके अलावा धार, बरमाणा, कैंचीमोड़, सोलग-जुरासी, बिनौला व रघुनाथपुरा में सबमर्सिबल हैंडपंप भी जल्द चलाए जाएं, ताकि गर्मी के मौसम में लोगों को उनका सहारा सके। इसी तरह हवाण, तल्याणा, चलैहली व भलस्वाए आदि पंचायतों के लिए भटोली के पास से उठाऊ पेयजल योजना का काम भी जल्द पूरा किया जाए।

## हिमाचल प्रदेश की सीनियर पुरुष कबड्डी टीम का चयन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हिमाचल प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन द्वारा सीनियर पुरुषों की 71वीं राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप के लिए हिमाचल टीम की घोषणा कर दी गई है। इस बात की जानकारी देते हुए प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के महासचिव कृष्ण लाल ने चयनित खिलाड़ियों की सूची को प्रेस को जारी करते हुए बताया कि यह टीम 20 से 23 फरवरी तक ओडिशा राज्य के कटक में एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित की जाने वाली 71वीं राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश का नेतृत्व करेगी। उन्होंने बताया कि इस टीम का चयन सिरमौर के पांवटा साहिब में खेली गई राज्य स्तरीय कबड्डी चैंपियनशिप में भाग लेने वाली विभिन्न टीमों के खिलाड़ियों में से उनके प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। चयनकर्ताओं में अर्जुन अवॉर्डी एवं पदमश्री सम्मान प्राप्त अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी अजय ठाकुर सहित एन आई एस कोच शामिल थे।

**ओडिशा के कटक में होने वाली 71वीं राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप में लेगी भाग**

उधर, एसोसिएशन के प्रधान राज कुमार ब्रांटा, प्रदेश रेफरी बोर्ड कन्वीनर विजय पाल चंदेल व मीडिया प्रभारी बी एल धर्माणी ने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई है कि लड़कियों की टीम की तरह हमारी यह टीम भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का नाम रोशन करेगी।

### प्रीत सिंह चंदेल को चुना टीम का कप्तान

**टीम** में संजीव कुमार, हेमराज, नितिन चंदेल, शिवांश ठाकुर, रोहित राणा, प्रवीण ठाकुर, सतनाम सिंह, विशाल पटियाल, प्रीत सिंह चंदेल, मयंक सैनी, अनिल व नरेश कुमार को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रीत सिंह चंदेल को टीम का कैप्टन बनाया गया है, जबकि पूर्ण कटोच टीम के मैनेजर होंगे व संजीव कुमार कोच की भूमिका में साथ जाएंगे।

## बिलासपुर कॉलेज में कल होंगी खेलें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 18 फरवरी को महाविद्यालय के खेल मैदान में किया जा रहा है । इसका उद्घाटन सुबह 10 बजे किया जाएगा। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कटवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन हर वर्ष किया जाता है और इसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाता है जिससे विद्यार्थियों मे खेलकूद के प्रति रुचि बढ़ाई जा सके । उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान 100, 200, 400, 800 और 1500 मीटर दौड़ करवाई जाएगी उसके साथ हाई जंप, लॉन्ग जंप , शॉटपुट , डिस्कस थ्रो और tug-of-war जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी प्रतिभागियों के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की खेलकूद की गतिविधियों का आयोजन करने से न केवल विद्यार्थियों का शारीरिक बल्कि मानसिक विकास भी होता है। उन्होंने ये भी कहा कि सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा और इस दिन सभी विद्यार्थियों का महाविद्यालय में आना अनिवार्य है।

## डॉ. राजन सिंह ने संभाली बिलासपुर में जिला आयुष विभाग की कमान

**गोपाल कपिल, झंडूता**

स्वास्थ्य के क्षेत्र में जिला बिलासपुर को एक ऐसे युवा अधिकारी मिले हैं, जिन्होंने जिला सिरमौर में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को आगे बढ़ाने में काफी कार्य किया था। इससे पूर्व डॉ. राजन सिंह जिला सिरमौर में आयुष अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। वह जिला सिरमौर के नाहन से ताल्लुक रखते हैं। उन्होंने हाल ही में जिला आयुष अधिकारी, बिलासपुर का पद भार संभाला है। बिलासपुर में पद भार संभालने के बाद उपायुक्त बिलासपुर से शिष्टाचार भेंट करने के साथ ही तमाम जिला के आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारियों व स्टाफ के साथ बैठक कर फीड बैंक लेने के बाद अब डॉ. राजन सिह जिला आयुष अधिकारी ने बिलासपुर में बताया कि अभी उनका फोकस जिला आयुष सोसायटी के गठन पर एवं जिला भर के आयुष स्वास्थ्य पर फोकस रहेगा।

जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय बिलासपुर एवं कंदरौर के साथ-साथ आयुर्वेदिक चिकित्सालय में पंचकर्मा चिकित्सा पद्धति के साथ साथ क्षारसूत्र विधि से पाइल्स, भगंदर एवं फिस्चुला रोगों की सफल चिकित्सा की संभावन को नए आयाम दिए



जाएंगे। क्षार सूत्र विधि से मरीजों के पाइल्स के आप्रेशनों में आशातीत सफलता मिलती है। इस विधि से किए गए ऑपरेशन शत-प्रतिशत सफल रहते हैं। हालांकि ऐसे ऑपरेशनों के लिए क्षार सूत्र में प्रशिक्षित डाक्टरों एवं आधारभूत संरचना की आवश्यकता रहती है। जिला सिरमौर में स्वास्थ्य केंद्रों में चेरासर्जिकल प्रोसिजर, अग्निकर्म, मर्म चिकित्सा एवं योग उपचार आदि को गांव-गांव तक पहुंचाने के बाद अब राजन सिंह जिला आयुष अधिकारी बिलासपुर का लक्ष्य यहां भी ग्रामीण स्तर तक इन विशेष पैरासनिकल प्रोसिजर से उपचार को पहुंचाना रहेगा। (अनंत ज्ञान)

## प्रतियोगी परीक्षाओं को पास करने के दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की करियर काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए एक स्पेशल लेक्चर का आयोजन किया गया। इस लेक्चर में लगभग विभिन्न संकायों के 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल रहे। उन्होंने कहा कि छात्र अपने लक्ष्य को समक्ष रखकर प्रयास करें और सफल व्यक्ति के अनुभवों को सुनें, इससे हमें प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर विनय शर्मा ने बताया कि किस तरह से विद्यार्थी इस परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं । मुख्य वक्ता ने दो बार आईएएस की परीक्षा पास की है और उन्होंने दो बार इंटरव्यू भी दिया है। उन्होंने अपने अनुभव को विद्यार्थियों के साथ साझा किया और विभिन्न कॉम्पिटेटिव एग्जाम्स की तैयारी के लिए अलग-अलग तरह के टिप्स दिए।

**सम्मान** गायत्री शक्ति पीठ बिलासपुर में जिला स्तरीय समारोह आयोजित

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की चार विजेता छात्राएं की सम्मानित

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2024 में घुमारवीं क्षेत्र के स्कूलों में अपने-अपने वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली नवलोक आदर्श विद्यालय खनसरा मैहरी की चार छात्राओं को गायत्री शक्ति पीठ बिलासपुर में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में भारतीय प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त अधिकारी एवं अखिल विश्व गायत्री परिवार हिमाचल प्रदेश के संयोजक वीके भटनागर द्वारा सम्मानित किया गया। जानकारी देते हुए विद्यालय के परीक्षा प्रभारी अनूप कुमार शर्मा ने बताया कि इन




छात्राओं में नौवीं कक्षा की वंशिका शर्मा पुत्री अनिल कुमार को घुमारवीं तहसील में प्रथम, तमन्ना पुत्री संजय खान को द्वितीय जबकि छठी कक्षा की अनन्या शर्मा पुत्री राजेंद्र कुमार को तहसील स्तर पर ही द्वितीय एवं रिद्धि चंदेल पुत्री रवि कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।

वहीं विद्यालय के प्रबंध निदेशक बीएल धर्माणी ने बताया कि विद्यालय के छात्र छात्राएं प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में जिला व राज्य स्तर पर भी सम्मान प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने ने बताया कि ऐसी प्रतियोगिताएं न केवल बच्चों के सामान्य ज्ञान में वृद्धि कर उन्हें भारतीय संस्कृति से परिचित करवाती हैं, बल्कि उनमें प्रतियोगिता की भावना भी जगाती हैं। उन्होंने सम्मानित होने वाले बच्चों के साथ उनके अभिभावकों व अध्यापकों भी बधाई दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### गांव बटोत में लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर



**अनंत ज्ञान, चंबा।** एनएचपीसी चमेरा पावर स्टेशन के सीएसआर एवं एसडी योजना के तहत परियोजना प्रभावित गांव बटोत में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजिल व्यास, समूह महाप्रबंधक ने अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय जनता की उपस्थिति में फीता काटकर शिविर का विधिवत उद्घाटन किया। इस चिकित्सा शिविर में डॉ. इन्दु गोयल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, और डॉ. अमितानंद जोशी, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी द्वारा 230 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर के दौरान रक्त जांच, बीपी, शुगर, जोड़ों का दर्द, थायरॉयड एवं अन्य शारीरिक समस्याओं की जांच की गई तथा मरीजों को आवश्यक निःशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं।

### केहर सिंह ने 84 मंदिर परिसर में की पूजा-अर्चना

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** वन विकास निगम के उपाध्यक्ष कैबिनेट रैंक केहर सिंह खाची अपने चंबा प्रवास के दूसरे दिन आज जनजातीय क्षेत्र भरमौर पहुंचे। वन विकास निगम के उपाध्यक्ष का भरमौर पहुंचने पर वन मंडल के विभागीय अधिकारियों व स्थानीय लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने इस दौरान प्रसिद्ध धार्मिक स्थल 84 मंदिर परिसर में पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने भरमौर के ऐतिहासिक चौरासी मंदिर परिसर में शीश नवाकर मंदिर परिसर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को सराहा। इस दौरान उन्होंने चौरासी मंदिर परिसर के संरक्षण और भरमौर क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन भी दिया।

### चौपाल पुलिस ने 200 ग्राम चरस सहित धरा युवक

**अनंत ज्ञान, चौपाल/ नेरवा।** चौपाल पुलिस ने यातायात चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को करीब 200 ग्राम चरस के साथ हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार एएसआई चौपाल थाना सुखदेव सिंह पुलिस टीम के साथ गैस एजेंसी चौपाल के समीप गश्त करते हुए यातायात चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान चौपाल की तरफ से आ रही बस को रोककर सवारियों के सामान की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान सीट नंबर 25 पर बैठे श्याम सिंह पुत्र तुलिया राम गांव चौड़, डाकघर टिकरी, तहसील नेरवा की गोद में रखे बैग की तलाशी लेने पर उससे 199.050 ग्राम चरस (भांग) बरामद की गई। पुलिस टीम द्वारा व्यक्ति को हिरासत में लेकर चौपाल थाना में एनडी एंड पीएस की धारा 20 के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी गई है । डीएसपी चौपाल सुशांत शर्मा ने मामले की पुष्टि की है

### चौंतड़ा में जल शक्ति विभाग की नई योजना पर विवाद

**अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर।** ग्राम पंचायत चौंतड़ा के वार्ड नंबर 5 कोहरा में जल शक्ति विभाग द्वारा दो वर्ष पूर्व बनाई गई सरकारी कुहल को तोड़कर नई योजना के तहत निर्माण कार्य शुरू किया गया है। स्थानीय लोगों ने आपत्ति जताई है। ग्रामीणों का कहना है कि दो साल पहले बनाई गई सरकारी कुहल पूरी तरह से ठीक थी और इससे क्षेत्र में सिंचाई सुविधा सुचारू रूप से चल रही थी। अब बिना किसी ठोस कारण के इसे तोड़कर दोबारा निर्माण किया जा रहा है, जिससे सरकारी धन की बर्बादी हो रही है। स्थानीय निवासी राजेंद्र कुमार, सुनीता देवी और महेश ठाकुर का कहना है कि यदि पुरानी कुहल में कोई समस्या थी तो उसकी मरम्मत की जानी चाहिए थी, न कि उसे पूरी तरह से तोड़कर दोबारा नया निर्माण शुरू किया जाता। ग्रामीणों ने जल शक्ति विभाग से मांग की है कि इस मामले की जांच की जाए। वहीं, जल शक्ति विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नई योजना के तहत क्षेत्र में जल आपूर्ति को अधिक सुचारू बनाने के लिए यह कार्य किया जा रहा है। विभाग का दावा है कि नई व्यवस्था से किसानों को अधिक लाभ मिलेगा और जल संरक्षण भी बेहतर होगा।

## वन संपदा के संरक्षण और संवर्धन के सार्थक प्रयास आवश्यक : केहर सिंह

# राज्य सरकार की पर्यटन विकास को प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान, चंबा**

वन विकास निगम के उपाध्यक्ष कैबिनेट-रैंक केहर सिंह खाची ने कहा कि जिला चंबा वन संपदा के लिहाज से प्रदेश भर में सबसे समृद्ध है। इसके संरक्षण और संवर्धन के लिए सार्थक प्रयास भी आवश्यक हैं, ताकि बहुमूल्य वन संपदा को संरक्षित रखा जा सके। वह आज यहां मीडिया कर्मियों के साथ संवाद करते हुए बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि जिला चंबा में वन विकास निगम की पांच इकाइयां कार्यशील हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विगत वर्षों से घाटे में चल रहे निगम को सार्थक प्रयासों से उभारा गया है। निगम में मानव संसाधन क्षमता को बढ़ाने के लिए एक विशेष योजना के अंतर्गत कर्मियों की नियुक्ति करने का भी प्रावधान किया गया है।

केहर सिंह खाची ने साथ में यह भी कहा कि प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में राज्य सरकार आवश्यक कदम उठा रही है। उन्होंने लोगों से भी यह आह्वान किया कि सभी प्राकृतिक संसाधनों का



केहर सिंह खाची को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

संरक्षण भी प्राथमिकताओं में रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने पर्यटन विकास को विशेष प्राथमिकता प्रदान की है। इसके चलते स्थानीय स्तर पर युवाओं को भी रोजगार के बेहतर विकल्प उपलब्ध हो रहे हैं। इससे पहले केहर सिंह खाची से राज्य वन विकास निगम से पंजीकृत ठेकेदार संघ ने अपनी समस्याओं को लेकर परिधि गृह में मुलाकात कर विस्तार से अपनी समस्याओं को उनके समक्ष रखा।

केहर सिंह खाची ने संघ को उनकी विभिन्न समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान का आश्वासन दिया।

इस दौरान उपाध्यक्ष को ठेकेदार संघ के प्रतिनिधियों ने शॉल-टोपी व प्रसिद्ध चंबा थाल भेंट कर सम्मानित किया। इसके पश्चात केहर सिंह खाची ने अपने परिवार सहित चंबा के ऐतिहासिक चौगान में स्थापित सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी भी ली। इस अवसर पर मुख्य वन अरण्यपाल अभिलाष दामोदर, वन मंडल अधिकारी कृतज्ञ कुमार, मंडलीय प्रबंधक राज्य वन निगम चंबा रघुराम मानव, वन पर्यवेक्षक सुनील कुमार सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## चिट्टे से युवाओं का जीवन हो रहा बर्बाद

**मुकेश कुमार, डलहौजी।** नशे के जाल में फंसने से युवा पीढ़ी को बचाने व सामाजिक कार्यों के उद्देश्य से प्रदेश स्तर पर गठित की गई संस्था हिमालय हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन के प्रनिधिमंडल ने एसपी चंबा अभिषेक यादव व एएसपी चंबा शिवानी मेहला के साथ मुलाकात की।

संस्था के प्रदेश अध्यक्ष परवेज अली बट्ट की अगुवाई में संस्था के प्रदेश महासचिव प्रकाश चंद टंडन, कार्यकारिणी सदस्य प्रवेश ठाकुर, सलीम व विशाल कुमार के प्रतिनिधिमंडल ने एसपी चंबा व एएसपी चंबा की संस्था के उदेश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

परवेज अली बट्ट ने कहा की समूचे प्रदेश के साथ जिला में भी चिट्टे का प्रचालन काफी ज्यादा बढ़ जाने से युवा पीढ़ी चिट्टे की आदी बन रही है। जिस कारण चिट्टे के आदी युवाओं व उनके परिवारों का जीवन बर्बाद हो रहा है। संस्था द्वारा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किए जाने के चिट्टे के चंगुल में आ चुकी युवा पीढ़ी को इससे बचाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

वहीं एसपी चंबा अभिषेक यादव व एएसपी चंबा शिवानी मेहला ने संस्था के उद्देश्यों की सराहना करते हुए संस्था को पुलिस विभाग की ओर से हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

# बाथरी बाजार में शौचालय न होने से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**



विकासखंड भटियात के अंतर्गत ग्राम पंचायत बाथरी के मुख्य बाजार में एक भी सार्वजनिक शौचालय न होने की वजह से बाजार में खरीदारी करने लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बताते चलें की ग्राम पंचायत द्वारा मुख्य बाजार के साथ लगते एनएच 154ए के एक और सार्वजनिक शौचालय जरूर निर्मित करवाया गया था किंतु जैसे ही एनएच 154 ए के चौड़े होने का कार्य शुरू हुआ वैसे ही वह एनएच के निर्माण की भेंट चढ़ गया, किंतु मौजूदा समय में बाहर से आने वाले लोगों को इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

इस बारे में जब ग्राम पंचायत प्रधान ने बताया कि ग्राम पंचायत के पास जगह नहीं है ओर जो बाजार के साथ लगती जो जगह है वहां स्थानीय लोगों द्वारा आपत्ती जताई जा रही है किंतु फिर भी ग्राम पंचायत बाथरी कोशिश कर रही है इस समस्या का जल्द ही हल किया जाए ।

उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा इस बारे में एनएच प्राधिकरण से भी कई बार संपर्क साधा गया है किंतु अब तक कोई सकारात्मक रुख देखने को नहीं मिला है किंतु न प्राधिकरण से उन्हें पूर्ण उम्मीद है कि जल्द ही वह इस कार्य पर अपनी सहमति जताते हुए इस समस्या का समाधान करवाएंगे। तो वहीं स्थानीय व्यापारियों एवं लोगों की माने तो यह एक विकट समस्या है जिसका निपटारा ग्राम पंचायत बाथरी को जल्द करवाना चाहिए। क्योंकि बाथरी बाजार क्षेत्र का व्यस्त रहने वाला बाजार है जहां सोना चांदी की आभूषणों हेतु लोग दूर-दूर से बाथरी का रुख करते हैं।

यह एक हैरानी का विषय है कि इतनी सुदृढ़ पंचायत होने के बावजूद भी एकमात्र सार्वजनिक शौचालय का ना होना अपने आप में कई सवालिया निशान उठाता है? जबकि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा की लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं जिसके अंतर्गत सार्वजनिक शौचालय के लिए पैसा तुरंत दिया जाता है।

## नि :शुल्क मेडिकल कैंप में 250 लोगों ने करवाया चेकअप

**आरके सहगल, चंबा**

अमनदीप ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल पठानकोट के द्वारा यह एक दिवसीय फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें हॉस्पिटल की तरफ से डॉक्टर साहिल रोमेत्रा जनरल मेडिसिन, डॉ. विकास एम डी मेडिसिन, डॉ. अभिषेक महाजन गेस्ट्रो, डॉ. नवजोत ऑर्थो ने लोगों का स्वास्थ्य जांचा।

इस मौके पर हड्डीयों एवं जोड़ों के दर्द को विशेषज्ञ, पेट ओर जिगर को रोगों के चिकित्सक, जनरल मैडिसिन, जनरल के चिकित्स्कों ने करीब 250 लोगों का स्वास्थ्य जांचा ओर मुफ्त दवाइयां वितरित की गई । कैंप के आयोजन में जिला परिषद सदस्य मनोज कुमार, बकानी जांघी की ब्लॉक समिति सदस्य ममता देवी जिला स्थानीय पंचायत प्रधान रंजीता देवी, गुराड की प्रधान कंचन देवी, धिमला की प्रधान निशा देवी तथा बकानी की प्रधान सुनो देवी ने मुख्य भूमिका निभाई, अमनदीप ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल की तरफ से भविष्य में इस तरह की फ्री मेडिकल कैंप आयोजित करने की बात कही गई ताकि लोगों को घर द्वार स्वास्थ्य सुविधाएं मिलती रहे ।

## कुठेड़ स्कूल में मेधावी किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चुवाड़ी की अग्रणी पाठशाला राजकीय प्राथमिक पाठशाला कुठेड़ एक में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में क्षेत्र की सेवानिवृत्त शिक्षिकाओं बृज बाला चाम्बियाल, चांद रानी व ज्योति पटियाल ने विशेष अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

इस दौरान विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। पांचवी कक्षा की वसवी और अनन्य को प्रथम व द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। चौथी कक्षा में मीशा और शिवन्या ने प्रथम





व द्वितीय स्थान हासिल किया। तीसरी कक्षा की शिवंशी और नव्या को प्रथम व द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में गांव के सभी लोगों ने भाग लिया। केंद्रीय मुख्य शिक्षक अरविंद शर्मा, कुलवंत धीमान, चुनी लाल जी,लेक्चरर कॉमर्स सुभाष चंद इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्कूल मुख्य अध्यापक नवनीत शर्मा ने सभी को बेज व स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस अवसर पर स्कूल शिक्षक आशीष बहल व अन्य गणमान्य में रीतू, सुनील कुमारी, संजय, सलोचना, आरती, पूजना, सृष्टा, ज्योति, अनु, इत्यादि उपस्थित रही।

## भौर में आरोपी से हेरोइन बरामद

**उमेश, सुंदरनगर।** भौर में धनोटू पुलिस थाना टीम ने एक आरोपी से 0.50 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पुलिस थाना धनोटू की टीम हेड कांस्टेबल चंद्रकांत के नेतृत्व में गश्त के दौरान भौर क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस की गाड़ी देखकर व्यक्ति ने सड़क के किनारे एक पैकेट को फैंका। पुलिस ने पैकेट की जांच में उससे 0.50 ग्राम हेरोइन बरामद की। आरोपी की शिनाख्त बसुदेव पुत्र लांगू राम निवासी गांव खंडला के रूप में हुई है।

## राशि मिस और हिमांशु बने मिस्टर फेयरवेल

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

महादेव पब्लिक स्कूल में छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में स्कूल के चेयमैन संजय चौधरी मुख्यातिथि रहे। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

विदाई ले रहे छात्र छात्राओं को विभिन्न टाईटल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मिस्टर फेयरवेल हिमांशु, मिस फेयरवेल राशि चौहान बने। मिस्टर हैंडसम आयुष चौहान,मिस चार्मिंग मानसी जामवाल, मिस्टर पर्सनेलिटी सक्षम कुमार और मिस पर्सनेलिटी जाह्नवी ठाकुर को चुना गया।

संजय चौधरी ने बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए जरूरी बातें कही। उन्होंने कहा कि





कार्यक्रम के दौरान मौजूद विद्यार्थी व अन्य।

### महादेव स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन

जीवन में कोई भी लक्ष्य हो कड़ी मेहनत करने से अवश्य हासिल होगा। जो भी करने की सोचो उसके लिए दिन रात एक कर लो सफलता अवश्य मिलेगी। इसी के साथ उन्होंने बच्चों को जीवन में नशे से दूर रहने के लिए कहा ।

## नागरिक अस्पताल बाथरी के साथ हो रहा सौतेला व्यवहार : पंकज

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**



नागरिक अस्पताल बाथरी के मौजूदा हालातों को देखते हुए स्थानीय क्षेत्रवासियों में भारी रोष व्याप्त है। भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष पंकज कश्यप ने प्रदेश सरकार को चेताया है कि उन्होंने डलहौजी को कई डॉक्टरों की नियुक्ति तो कर दी किंतु बाथरी हॉस्पिटल के साथ सोतेला व्यवहार आखिर क्यों। क्या सरकार को पता नहीं की राष्ट्रीय उच्च मार्ग एनएच 154 ए पर स्थित नागरिक हॉस्पिटल बाथरी में अच्छे डॉक्टर एवं अच्छी सुविधाओं का होना अत्यंत आवश्यक है जोकि मौजूदा समय में बिलकुल भी देखने को नहीं मिल रही है हालांकि रोजाना सैकड़ों मैरिज इलाज के लिए बाथरी आते हैं जो निराशा ही होते हैं।

अस्पताल के पास ना तो एंबुलेंस सुविधा है न अल्ट्रासाउंड मशीन है और जो एक्स-रे मशीन है उसे पर भी टेक्नीशियन कभी-कबार ही देखने को मिलता है। लोगों को इसकी सुविधा के लिए भारी भरकम पैसा अपनी जेब से खर्च कर चंबा या फिर बाहरी राज्य पठानकोट पंजाब का रुख करना पड़ता है, इसलिए भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष पंकज कश्यप ने सरकार को चेताया है कि इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो सहित धरना प्रदर्शन करेंगे।

## समाजसेवा में भुवनेश का अनुकरणीय योगदान

**अनंत ज्ञान, चंबा**



राज्यपाल द्वारा सम्मानित किए जाने की फाइल फोटो।

चंबा जिला के मैहला गांव से संबंध रखने वाले भुवनेश सिंह कटोच ने न केवल खेल के क्षेत्र में बल्कि सामाजिक जागरूकता के लिए भी उत्कृष्ट कार्य किए हैं। भुवनेश कटोच एक शारीरिक शिक्षक होने के साथ-साथ योग प्रशिक्षक भी हैं और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से योग शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं।

उनके मार्गदर्शन में हिमाचल के खिलाड़ी जूनियर, सीनियर और सब-जूनियर वर्ग में राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत रहे हैं। उनके प्रशिक्षित खिलाड़ी सन्नी कुमार और विपन कुमार (ब्लैक बेल्ट) भी राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इसके अलावा बिलासपुर से संजीव शर्मा और मंडी से प्रेम स्वरूप भी उनके नेतृत्व में कार्य कर रहे हैं। भुवनेश कटोच खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भी हिमाचल प्रदेश का डंका बजा चुके हैं और दो बार तकनीकी अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इसके अलावा पिछले 8-9 वर्षों से वे मिंजर मेला कबड्डी प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका निभा रहे हैं।

खेल के साथ-साथ भुवनेश कटोच समाजसेवा में भी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। वे योग शिविरों का आयोजन कर लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। इसके अलावा, उन्होंने 48 बार रक्तदान किया है और सामाजिक मुद्दों पर हमेशा लोगों की आवाज बनकर खड़े रहते हैं। कुरान्ह कूड़ा संयंत्र में हो रही आगजनी की घटनाओं से लेकर पहाड़ियों से गिरते पत्थरों तक, वे हर समस्या के समाधान में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। उनके द्वारा स्थापित क्लीन मैहला-हेल्दी मैहला समूह गांव में कचरा प्रबंधन और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने में भूमिका निभा रहा है।

### सूडोकु नवताल- 7344

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | | | 3 | | 6 | 1 | |
| 6 | 7 | | 9 | | 4 | | 2 | |
| 2 | | | | | 1 | | | 4 |
| | 3 | 9 | | | 7 | | | |
| | 6 | 2 | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 6 | | | 9 | 3 | |
| 3 | | | 5 | | | | | 7 |
| | 4 | | 1 | | 6 | | 8 | 3 |
| | 8 | 5 | | 7 | | | 9 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7343 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |

## अध्यापकों को नई तकनीकों का प्रयोग करने के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

अभिलाषी शिक्षण संस्थान में टेकोनोलॉजी फॉर टीचिंग एंड लर्निंग विषय पर एक गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया।

गेस्ट लेक्चर में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. अजय कुमार अत्री ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। उन्होंने भावी-अध्यापकों को वर्तमान परिस्थितियों के संदर्भ में अध्यापन में नई तकनीकों का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि हमें जीवन में व्यावहारिक ज्ञान को अपनाना चाहिए व भावनात्मक संतुलन बनाये रखना चाहिए।

उन्होंने भावी अध्यापकों से मानवीय मूल्यों को अपनाने का आग्रह भी किया। इस मौके पर महाविद्यालय के शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग भी शामिल हुए।



गेस्ट लेक्चर के दौरान वक्ता अजय कुमार के साथ भावी अध्यापक के साथ महाविद्यालय का स्टाफ सामूहिक चित्र में।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

17 फरवरी, 2025, सोमवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** माघ, **तिथि** पंचमी (04:56): **नक्षत्र** चित्रा (पूर्ण रात्रि), **पक्ष :** कृष्ण, **योग :** शूल (08:54) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:12-12:57), **राहुकाल** (08:22 -09:46)।

### विशेष दिन

- 17 फरवरी : परफ्यूम डे आज।
- 17 फरवरी 2025 :ताज महोत्सव आज।

**मेष:** आप की दिनचर्या में बदलाव आयेगा। अपने लक्ष्य को ध्यान में रखकर प्रयत्न करें। नौकरी में पदोन्नति के योग बन रहे है।

**वृषभ:** अपनों के व्यवहार से मन दुखी होगा। किसी भी काम को करने से पहले रणनीति तय करें। पारिवरिक समस्याओं का समाधान संभव है।

**मिथुन:** व्यवसाय में परिवर्तन करने का मन होगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। योजनाएं फलीभूत होंगी। लेनदेन, कर्ज, खर्च की पूर्णता होगी। पैसा मिलने से परेशानी बढ़ेगी।

**कर्क:** आप की मेहनत के अनुरूप आप को फल न मिलने से मन दुखी होगा। व्यापारिक प्रतिस्पर्धा में यश, सफलता मिलने के योग है।

**सिंह :** कार्यस्थल पर सकारात्मक विचारों के कारण प्रगति के अवसर आएंगे। धन प्राप्ति के योग हैं। व्यर्थ के विवादों से दूर रहें।

**कन्या :** दोस्तों से मन की बात होगी। पारिवारिक मामले अशांत रखेंगे। कार्यक्षेत्र में काम का बोझ अधिक रहेगा। आर्थिक तंगी चिंता में डालेगी।

**तुला:** दिन श्रेष्ठ है। व्यावसायिक संबंधों का लाभ मिलेगा। बुद्धि से कार्य में सफलता के योग। पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि से संतोष रहेगा।

**वृश्चिक:** जीवनसाथी की मदद से कार्य पुरे होंगे। अपनी जिम्मेदारी को ठीक तरह से निभाने का प्रयास करें। निवेश लाभदायी रह सकेगा।

**धनु:** व्यावसायिक अनुकूलता रहेगी। निवेश करने में जल्दबाजी न करें। आर्थिक मामलों में सुधार की संभावना है। प्रगति वर्धक समाचार मिलेंगे।

**मकर :** दिन की शुरुआत में आलस हावी रहेगा। दोस्तों के साथ मोज-मस्ती में समय बीतेगा। शुभ कार्यों में शामिल होने से सुयश एवं सम्मान मिलेगा।

**कुंभ :** राजनितिक दबाव के कार्य अवरुद्ध हो सकते है। आज आर्थिक विशेष लाभ होने की संभावना है। परिजनों से अनुकूल समाचार मिलेंगे।

**मीन :** प्रताड़ित हो सकते है। अपने उदेश्य की पूर्ति के प्रयास में आलस्य व विलंब नहीं करें। भूमि, आवास की समस्याओं का समाधान होगा।

**हैरत** नाले से होकर पिछले पांच माह से गुजर रहे वाहन चालक हो रहे परेशान

# दोंथल नाले की क्षतिग्रस्त पुलिया नहीं हुई ठीक

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

बीते वर्ष सितंबर माह में भारी बारिश के कारण जोगिंद्रनगर-कुराटी-ढ़गौण सड़क पर स्थित दोंथल नाले में बनी पुलिया का एक हिस्सा धंसकर क्षतिग्रस्त हो गया था। इस कारण वाहनों की आवाजाही बाधित हो गई थी। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने अस्थायी रूप से नाले से होकर सड़क मार्ग को बहाल किया था, लेकिन पांच माह बाद भी पुलिया की मरम्मत का कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाया है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि वे आज भी नाले से होकर गुजरने वाले वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करने को मजबूर हैं।



क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि जल्द ही पुलिया की मरम्मत नहीं हुई, तो आगामी बरसात में गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि बारिश के दौरान नाला उफान पर रहता है और सड़क मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो सकता है। क्षेत्रवासियों ने लोक निर्माण विभाग से जल्द कार्रवाई करने की अपील की है, ताकि बरसात से पहले इस पुलिया का पुनर्निर्माण हो सके और सड़क मार्ग बाधित न हो।(अनंत ज्ञान)

### जिला परिषद सदस्य विजय भाटिया ने किया निरीक्षण

**जिला** परिषद सदस्य विजय भाटिया ने क्षतिग्रस्त पुलिया का निरीक्षण किया और लोक निर्माण विभाग तथा सरकार से इसे जल्द से जल्द ठीक कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते मरम्मत नहीं हुई, तो आने वाले समय में स्थानीय लोगों और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**व अदालत श्री प्रिंस धीमान कार्यकारी दंडाधिकारी एवं नायब तहसीलदार जोगिंद्रनगर जिला मंडी हि.प्र.**

मि.नं. 02 तारीख मरजुआ 06-01-2025 तारीख पेशी 25-02-2025

श्री रंजीत सिंह पुत्र श्री चरण दास निवासी ढेलू तहसील जोगिंद्रनगर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश ...प्रार्थी

बनाम

आम जनता प्रत्यार्थी

**अखबरी इश्तहार**

आवेदन पत्र जेर धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969

श्री रंजीत सिंह पुत्र श्री चरण दास निवासी ढेलू तहसील जोगिंद्रनगर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश ने इस कार्यालय/न्यायालय में आवेदन पत्र गुजार कर अनुरोध किया है कि प्रार्थी के पिता की मृत्यु दिनांक 15-01-1981 को हुई है। परंतु प्रार्थी के पिता की मृत्यु तिथि का पंजीकरण ग्राम पंचायत ढेलू के जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण रजिस्टर में दर्ज नहीं हुआ है। अत: प्रार्थी ने उसके पिता की मृत्यु तिथि का पंजीकरण ग्राम पंचायत ढेलू के जन्म एवं मृत्यु रजिस्टर में दर्ज करने की प्रार्थना की है। अत: सर्वसाधारण को इस अखबारी इश्तहार के माध्यम से सूचित किया है कि यदि इस बारे में किसी व्यक्ति को उजर/एतराज हो तो दिनांक 25-02-2025 को प्रात: 10:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय/न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। यदि उपरोक्त तिथि को किसी भी व्यक्ति का कोई उजर/एतराज इस न्यायालय में प्राप्त नहीं होता, तो इस न्यायालय में प्रतिवादी के खिलाफ एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

आज दिनांक 10-02-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर से जारी हुआ।

**प्रिंस धीमान**
**कार्यकारी दंडाधिकारी/नायब तहसीलदार जोगिंद्रनगर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश**

# ओपिनियन



**सोचो** जैसा बुद्धिमान लोग सोचते हैं, लेकिन बात वैसे करो जैसे साधारण लोग करते हैं। -अरस्तु

## संपादकीय

## भगदड़ से सबक

भगदड़ का नाम सुनने से दिल कांपने लगता है। घबराहट और बेचैनी अचानक बढ़ जाती है। भगदड़ एक ऐसी स्थिति है, जिसमें लोगों की भीड़ अचानक से भागने लगती है। ऐसी परिस्थिति में कई बार गंभीर दुर्घटनाएं और जनहानि हो जाती है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो जाने से हर कोई भयभीत है। ऐसा लगता है इस हादसे से रेलवे प्रशासन और यात्रियों ने सबक नहीं सीखा है। स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने वाले यात्रियों की भारी भीड़ में कोई कमी नहीं आ रही है। भारी भीड़ के बीच ट्रेन में आपातकालीन खिड़की के माध्यम से ट्रेन में घुसने की कोशिशें भी हो रही हैं। हालांकि, अब रेलवे प्रशासन ने दिल्ली से प्रयागराज के लिए चार और स्पेशल ट्रेनें चलाने का ऐलान कर दिया है, ताकि भीड़ कुछ छंट जाए, लेकिन सवाल यह है कि अगर यही प्रयास पहले कर लिए होते तो बेगुनाहों को मौत के मुंह में जाने से बचाया जा सकता था। देश के अलग-अलग हिस्सों में अक्सर भगदड़ की घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन प्रशासन है कि इन घटनाओं के बावजूद सबक नहीं लेता।

प्रयागराज महाकुंभ में भी भगदड़ मचने से करीब 30 लोग बेमौत मारे गए थे। दिल्ली में जो हादसा हुआ है, उसमें यह बात सामने आ रही है कि प्रयागराज महाकुंभ जाने के लिए ट्रेन पकड़ने पहुंचे यात्रियों की भीड़ अनियंत्रित हो गई थी। इस वजह से यह हादसा हुआ। धार्मिक उत्सव के दौरान हुई इस तरह की भगदड़ की घटना नई नहीं है, पहले भी ऐसी कई घटनाएं घट चुकी हैं और कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। हालांकि, असल कारणों का पता तभी चलेगा, जब जांच की पूरी रिपोर्ट सामने आएगी। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 13 और 14 पर रात को उस समय भगदड़ मच गई, जब कथित तौर पर यात्रियों के बीच प्रयागराज जा रही दो ट्रेनों के रद्द होने की अफवाह फैल गई। रेलवे स्टेशन पर भीड़ प्रबंधन की कोई तैयारी नहीं थी। तीन ट्रेनों के जाने में विलंब से प्लेटफार्म पर यात्रियों की संख्या भी काफी बढ़ गई थी, जो संभाले नहीं संभल रही थी। एक और वजह भी उजागर हो रही है कि भीड़ बढ़ने की चिंता नहीं की गई और जनरल टिकटों को बेचना जारी रखा। इसके अलावा सीढ़ियों व उसके आसपास बैठे लोगों को हटाने के लिए कोई कोशिश नहीं की गई। एक समझदारी वाली बात सिर्फ यह हुई कि घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचा दिया, वरना मरने वालों का आंकड़ा और बढ़ सकता था। बहरहाल, रेलवे ने उच्चस्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं।


रेलवे ने प्रयागराज और आसपास के आठ मुख्य स्टेशनों पर एक प्रोटोकॉल बनाया है। स्टेशनों पर एक साइड से प्रवेश और दूसरी साइड से निकासी की व्यवस्था कर दी है। इससे लोगों का मूवमेंट नहीं होता। लोगों की संख्या को देखते हुए लगातार विशेष गाड़ियों का संचालन भी किया जा रहा है। दिल्ली रेलवे स्टेशन पर संगम स्नान के लिए उमड़ी भीड़ के कारण हुई भगदड़ का असर प्रयागराज आए श्रद्धालुओं पर भी पड़ रहा है। भगदड़ के कारण प्रयागराज से दिल्ली जाने वाली कुछ ट्रेनों को निरस्त कर दिया गया है, जिससे हजारों श्रद्धालु फंस गए हैं। जो श्रद्धालु संगम में स्नान करने आए थे और जिनका रिजर्वेशन था, उन्हें अचानक मैसेज मिला कि उनकी ट्रेन कैंसिल हो गई है। ऐसी परिस्थितियों में श्रद्धालुओं में प्रबंधन के खिलाफ रोष होना स्वाभाविक है। बहरहाल, भगदड़ से सबक लेने के लिए सबसे पहले भीड़ प्रबंधन पर ही ज्यादा फोकस करना बेहद लाजिमी होता है।

यदि इस काम को तसल्ली से पूरा कर लिया जाए और बार-बार रिहर्सल कर ली जाए तो इमरजेंसी में काफी सहूलियत हो जाती है। भगदड़ को रोकने के लिए भीड़ प्रबंधन की तकनीकों का उपयोग करना चाहिए। इसमें भीड़ को नियंत्रित करने, उन्हें शांत करने और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर ले जाने के लिए प्रशिक्षित कर्मियों की आवश्यकता होती है। सुरक्षा उपाय सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए। भगदड़ को रोकने के लिए सुरक्षा उपायों का उपयोग करना चाहिए। इसमें बैरिकेड्स, सुरक्षा कैमरे और अन्य सुरक्षा उपकरणों का उपयोग शामिल होता है। तकनीक का जितना ज्यादा इस्तेमाल किया जाएगा, उतनी ही आसानी से काम समय रहते पूरे होते चले जाएंगे। भगदड़ को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाने चाहिएं। इसमें लोगों को भगदड़ के खतरों के बारे में जागरूक करना, उन्हें सुरक्षा उपायों के बारे में बताना और उन्हें भगदड़ की स्थिति में कैसे प्रतिक्रिया करनी चाहिए, इसके बारे में विस्तार से जानकारी देनी चाहिए। प्रशिक्षण और अभ्यास की आवश्यकता तो हमेशा रहती है। इन उपायों को अपनाकर भगदड़ को रोका जा सकता है और जनहानि को कम किया जा सकता है। ■


### आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## तेलंगाना राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री

**कल्वाकुंतला** चंद्रशेखर राव तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री हैं। वे 'तेलंगाना राष्ट्र समिति' के प्रमुख हैं। तेलंगाना राज्य का प्रथम मुख्यमंत्री बनने का गौरव इन्हें प्राप्त है। के. चंद्रशेखर राव को अलग तेलंगाना राष्ट्र आंदोलन के प्रमुख कार्यकर्ता के रूप में जाना जाता है। चंद्रशेखर जी 15वीं लोकसभा के सदस्य रहे हैं। केंद्र में श्रम और नियोजन मंत्री के पद को भी वे सुशोभित कर चुके हैं। के. चंद्रशेखर राव का जन्म आंध्र प्रदेश में मेदक जिले के चिंतामदका नामक ग्राम में हुआ था। हैदराबाद के 'उस्मानिया विश्वविद्यालय' से तेलुगू साहित्य में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। के. चंद्रशेखर राव ने वर्ष 1970 में अपने कॉलेज और विश्वविद्यालय से पढ़ाई के साथ ही राजनीति की शुरुआत कर दी थी। चंद्रशेखर जी का विवाह शोभा से हुआ, जिससे उन्हें दो संतान हुईं। एक पुत्र, जिनका नाम कल्वाकुंतला तारक रामाराव है, वह विधानसभा के सदस्य हैं। पुत्री का नाम कल्वाकुंतला कविता है, जो सामाजिक कार्यकर्ता हैं। राव 1985 में 'तेलुगू देशम पार्टी' में शामिल हुए और विधायक चुने गए। 15वीं लोकसभा के सदस्य के. चंद्रशेखर राव आंध्र प्रदेश के करीमनगर लोकसभा क्षेत्र का ही प्रतिनिधित्व करते हैं। 2 जून, 2014 को वे तेलंगाना के प्रथम मुख्यमंत्री बने। ■



कल्वाकुंतला चंद्रशेखर राव
जन्म : 17 फरवरी, 1954



कविता

## सुबह हो गई जागो प्यारे

सुभाष चंद कासव, राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक

*सुबह हो गई जागो प्यारे, कहां खो रहे नींद में सारे।*
*सूरज सर पर चमक रहा, नव निर्माण अब बुला रहा।*
*बिस्तर छोड़ सब उठ जाओ,*
*हरि नाम अब तुम सब गाओ।*
*हाथ मुंह धोकर करो प्रणाम,*
*हो सके तो कर लो रोज स्नान।*
*हो रोगों का नित काम तमाम,*
*जब व्यायाम सुबह का सुंदर काम।*
*स्फूर्ति, ताजगी जो तन में चाहे, रोज सुबह जब सैर पर जाए।*
*बच्चों तुम सब हो होशियार, जीवन से नित करना प्यार।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार अमेरिका



यह अच्छी बात है कि भारत और अमेरिका ने 2030 तक 'मिशन-500' के तहत 500 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का संकल्प लिया है। निश्चित रूप से यह एक साहसिक लक्ष्य है। दुनिया के सबसे पुराने और सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों यानी अमेरिका और भारत के बीच विशेष संबंध स्थापित हो रहे हैं। दोनों देश सुरक्षा व्यापार और दोस्ती की नई इबारत लिखने जा रहे हैं। एक वक्त ऐसा भी था जब अमेरिका भारतीय बाजार को गिराना चाहता था, लेकिन अब वही अमेरिका भारतीय व्यापार को उठाने की दोबारा हिम्मत जुटा रहा है। यह सब संभव हो पाया है हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व के कारण। पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच गहरी दोस्ती के चर्चे तो पूरी दुनिया में हैं। ट्रंप ने इसकी झलक दिखलाई भी है। ट्रंप के बुलावे पर ही पीएम मोदी अमेरिका गए थे।

ट्रंप ने भी खुले मन से मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। खातिरदारी और आतिथ्य सत्कार में कोई कसर नहीं छोड़ी। ट्रंप ने मोदी की शानदार मेजबानी का नया उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने अपने पुराने दोस्त का इस तरह से स्वागत किया जिसे देखकर पूरी दुनिया दांतों तले अंगुली दबाने पर मजबूर हो गई। ट्रंप ने न केवल अपने पुराने दोस्त का झप्पी डालकर स्वागत किया, बल्कि जब वे समझौतों पर हस्ताक्षर कर रहे थे तो उन्होंने खुद कुर्सी खींचकर पीएम मोदी को कुर्सी पर बिठाया। यह आचरण दर्शाता है कि ट्रंप मोदी का कितना सम्मान करते हैं। हालांकि, यह एक शिष्टाचार भी हो सकता है, लेकिन ट्रंप जैसे नेता से यह उम्मीद करना बेमानी होगा, क्योंकि जो व्यक्ति किसी बड़ी हस्ती को धक्का देकर आगे बढ़ सकता है वह भला आखिर इतना भी विनम्र क्यों होगा? यह महज सिर्फ इसलिए कि मोदी ट्रंप को वाकई अपना गहरा दोस्त मानते हैं। तभी तो उन्होंने मोदी से मुलाकात के दौरान कहा-वी मिस यू लॉट। ट्रंप की ओर से मोदी को एक पुस्तक के रूप में गिफ्ट देना और उसमें लिखना-मिस्टर प्राइम मिनिस्टर यू आर ग्रेट बेशक भारत के दुश्मन देशों को नहीं सुहाता हो, लेकिन इतना तय है कि ट्रंप-मोदी की दोस्ती कुछ नया गुल जरूर खिलाएगी। अमेरिका ने चीन को पीछे छोड़कर भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार होने का तमगा हासिल कर लिया है।

दरअसल, अमेरिका भारतीय माल और सेवाओं का सबसे बड़ा बाजार है। अमेरिका के साथ भारत का आयात और निर्यात दोनों बढ़ रहा है, जबकि चीन के आयात और निर्यात में लगातार गिरावट आ रही है। निश्चित रूप से चीन इससे चिढ़ेगा जरूर, लेकिन वह कर भी क्या सकता है वो भी तब जब अमेरिका जैसा शक्तिशाली देश भारत के साथ हो तो उसे भी शांति से बैठना ही पड़ेगा। दोनों देशों के बीच बढ़ते आर्थिक संबंधों के कारण 2022-23 में अमेरिका ने भारत के साथ सबसे ज्यादा व्यापार किया है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत और अमेरिका के बीच 2022-23 में द्विपक्षीय व्यापार 7.65 प्रतिशत बढ़कर 128.55 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया था, जबकि 2021-22 में यह 119.48 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। वहीं, वित्त वर्ष 2023-24 में दोनों देशों के बीच 119.7 अरब डॉलर का व्यापार हुआ जो चीन से भी अधिक है। अमेरिका के अलावा भारत दुनिया के चार और देशों के साथ प्रमुख रूप से व्यापार करता है।

**यथार्थ**



लेखक : समरजीत
संपादक, अनंत ज्ञान

दूसरे स्थान पर चीन है जिसके साथ भारत ने 118.2 अरब डॉलर का व्यापार किया। तीसरे स्थान पर रूस है, जिसके साथ 83.7 तथा चौथे पर संयुक्त अरब अमीरात के साथ महज 43 अरब डॉलर का व्यापार हुआ। एक समय ऐसा भी था जब भारत यूएई के साथ ही सबसे ज्यादा व्यापार करता था, लेकिन अब समय बदल चुका है। ये आंकड़े इस बात की गवाही देते हैं कि भारत का रुझान अब चीन को पीछे छोड़कर अमेरिका के साथ व्यापार करने की ओर ज्यादा हो गया है, क्योंकि चीन ने भारत को सीमाओं के मोर्चे पर लंबे समय तक उलझाकर रखा था। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले समय में यह चलन बना रह सकता है, क्योंकि भारत और अमेरिका अब खुले तौर पर आर्थिक संबंधों को बढ़ाने की कोशिशें में जुटे हुए हैं। भारत-अमेरिका के बीच व्यापार संबंध काफी मजबूत हैं। अमेरिका लगातार भारत का सबसे बड़ा निर्यात केंद्र बना हुआ है।

भारत अमेरिका को इलेक्ट्रॉनिक्स और सॉफ्टवेयर, फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा और परिधान, वाहन और ऑटोमोबाइल संबंधी उत्पादों का निर्यात करता है। वहीं, अमेरिका से तेल और पेट्रोलियम उत्पाद, एयरक्राफ्ट और विमान संबंधी उत्पाद, कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक्स के अलावा कृषि उत्पादों जैसे कि सोयाबीन और मक्का का आयात भारत के लिए किया जाता है। इन उत्पादों के अलावा, भारत और अमेरिका के बीच कई अन्य उत्पादों और सेवाओं का भी व्यापार होता है। भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय संबंधों में रणनीतिक गहराई इस बात की द्योतक है कि दोनों देश वैश्विक राजनीति, व्यापारिक रिश्तों और सुरक्षा सहयोग को तवज्जो देते हैं, जिसके परिणामस्वरूप संबंधों में और विश्वसनीयता और प्रगाढ़ता आना स्वाभाविक है।

ट्रंप-मोदी की मुलाकात ने दोनों देशों के रिश्तों में न केवल नए आयाम जोड़े, बल्कि भविष्य के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए। एक तरफ व्यापार, रक्षा और वैश्विक मुद्दों पर सहमति जताई गई तो वहीं, आतंकवाद, जीवाश्म ईंधन और परमाणु ऊर्जा की सुरक्षा और निवेश के अलावा भारत की मानव पूंजी का लाभ उठाने में सहयोग को मजबूत करने के प्रयासों को भी बल दिया गया। प्रौद्योगिकी, रक्षा और हरित ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करने से विशेष रूप से भारत के निर्यात क्षेत्रों को लाभ होगा और इसके साथ ही वैश्विक प्रतिस्पर्धा भी बढ़ेगी। भारत में नए उद्योगों और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलना भी शुभ संकेत है। हालांकि, ट्रंप ने भी स्पष्ट किया कि यदि अमेरिका उन देशों पर समान टैरिफ लगाएगा, जो अमेरिका पर शुल्क लगाते हैं। ऐसे देशों से व्यापारिक संबंधों में एक नई दिशा देखने को मिल सकती है। 'रेसिप्रोकल टैरिफ' यानी पारस्परिक शुल्क की नीति ने भारत को एक चुनौती दी है, क्योंकि भारत के अमेरिकी आयात पर शुल्क में पिछले कुछ सालों में बढ़ोतरी हुई है। अमेरिका की यह नीति व्यापारिक संतुलन को फिर से पुन: स्थापित करने की ओर न केवल एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है, बल्कि यह भारतीय अर्थव्यवस्था पर क्या असर डालेगा, यह समझना भी भविष्य में काफी महत्वपूर्ण होगा।

ट्रंप ने भारत को एफ-35 स्टील्थ फाइटर जेट बेचने की इच्छा जताई, जो अमेरिकी रक्षा उद्योग का एक प्रमुख उत्पाद है। इस प्रकार के रक्षा समझौतों से भारत को आधुनिकतम तकनीकी सहयोग प्राप्त होगा, जिससे उसकी सैन्य क्षमता में आशातीत वृद्धि हो सकती है। यह कदम भारत और अमेरिका के बीच सुरक्षा संबंधों को और भी मजबूत करेगा, विशेष रूप से एशिया में चीन की बढ़ती आक्रामकता के मद्देनजर यह लाजिमी था। भारत के लिए यह एक सुनहरा अवसर हो सकता है, क्योंकि उसे अमेरिका से नई सैन्य तकनीक प्राप्त होगी, जो चीन और पाकिस्तान जैसे प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ उसकी सुरक्षा को सुदृढ़ करेगा। मुंबई 2008 के आतंकी हमलों में शामिल खूंखार आतंकी तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किए जाने की घोषणा ने भी हमें कूटनीतिक जीत दिलाई है।

आतंकवाद के संदर्भ में यह घटना भारत और अमेरिका के बीच आतंकवाद के खिलाफ सहयोग की दिशा को स्पष्ट करती है, जो दोनों देशों के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। आतंकवाद के खिलाफ दोनों देशों का एकजुट होकर लड़ना कई मायनों में सही प्रतीत होता है। मोदी ने अपने दौरे के दौरान रूस-यूक्रेन युद्ध पर भारत का दृष्टिकोण स्पष्ट किया कि हम शांति के पक्ष में हैं। भारत तो कब से रूस और यूक्रेन के बीच शांति स्थापित करने का हिमायती रहा है। इन प्रयासों के चलते मोदी हाल ही में रूस के दो बार दौरे कर चुके हैं। दोनों नेताओं ने लोगों के बीच आपसी संपर्क बढ़ाने व बहुपक्षीय सहयोग पर भी जोर दिया है। द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत पर सहमति से दोनों देशों के बीच नए व्यापार और निवेश के अवसरों का मार्ग प्रशस्त होगा। यह यात्रा गहन आर्थिक सहयोग, व्यापार का विस्तार, निवेश को बढ़ावा देने और दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ये घटनाक्रम जहां एक ओर भारतीय निर्यातकों को नए अवसर प्रदान करेंगे तो वहीं, दूसरी ओर इसके कई गहरे निहितार्थ भी हैं। भारत-अमेरिका के व्यापारिक रिश्ते दोनों देशों के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। दोनों देशों के व्यापारिक रिश्ते आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं, ऐसी उम्मीद की जानी चाहिए।

निवेश और रोजगार के अवसर सृजित होते रहने चाहिए। अगर अमेरिकी और भारतीय कंपनियां एक-दूसरे के देशों में निवेश करती हैं तो इससे निश्चित रूप से और रोजगार के अवसर प्रदान होंगे। भारत-अमेरिका के व्यापारिक रिश्ते प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को बढ़ावा देते रहें यही सदइच्छा है। इसके अलावा आतंकवाद, साइबर सुरक्षा और अन्य वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी बढ़ावा मिलता रहना चाहिए, जिससे दोनों देशों के लोगों को एक-दूसरे की संस्कृति के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि सब ठीक रहे, तालमेल बना रहे और दोनों देश खूब तरक्की करें। 'मिशन-500' का लक्ष्य तभी हासिल को सकता है जब भारत-अमेरिका में बेहतर अंटरस्टैंडिंग बनी रहेगी।

रिस्पांस करें: **editoranantgyaan@gmail.com**

# दिल्ली हादसा : भगदड़ से श्मशानघाट बन गया रेलवे स्टेशन, जिम्मेदार कौन ?

भगदड़ मचने से रेलवे स्टेशन श्मशानघाट बन गया दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भीड़ में भगदड़ मचने से एक बार फिर लाशों के ढेर लग गए चारों तरफ लाशें ही लाशें बिखर गई। महाकुंभ जा रहे 18 लोगों की मौत हो गई।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

देश में भगदड़ की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं और बेकसूर लोग बेमौत मर रहे हैं जिसका ताजा घटनाक्रम 15 फरवरी शनिवार देर रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मचने से 18 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। अभी कुंभ की घटना की स्याही भी नहीं सुखी थी कि दिल्ली में यह हादसा हो गया। कुछ दिन पहले संगम स्थल पर हुआ था। प्रयागराज में कुंभ मेले में भगदड़ मचने से दर्जनों लोग मारे गए थे और सैकड़ों घायल हो गए थे। रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में मरने वालों की संख्या में वृद्धि हो सकती है। ऐसा हादसा इससे पहले हाथरस में सत्संग में भगदड़ मचने से 120 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। कुछ वर्ष पहले विजयदशमी के दिन रावण दहन के अवसर पर बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में देखने को मिला था जहां बिजली का तार टूटने की अफवाह से भगदड़ मचने के कारण 33 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी और 100 से ज्यादा घायल हो गए थे। काश प्रशासन ने पिछली घटनाओं से सबक सीखा होता तो यह हादसा न होता। देश में भगदड़ मचने का यह कोई पहला हादसा नहीं है इससे पहले सैकड़ों हादसे हो चुके हैं और हजारों लोग बेमौत मारे जा चुके हैं, मगर यह हादसे कम नहीं हो रहे हैं। इन घटनाओं को हादसा नहीं हत्याएं कहना गलत नहीं होगा। इस रावण दहन के अवसर पर गांधी मैदान में पांच लाख लोग आए थे, लेकिन प्रशासन ने केवल एक ही द्वार खोल रखा था। कुंभ में भगदड़ के कारण जिंदा लोग पल भर में लाशों में बदल गए। देश में मंदिरों में मेले व अन्य पर्व अब आस्था स्थल न होकर मरणस्थल बनते जा रहे हैं। कुंभ में चारों तरफ लाशों के ढेर ही नजर आ रहे थे। लोगों का सामान चारों तरफ बिखरा पड़ा था।

भगदड़ में सैकड़ों महिलाएं, बच्चे व बुजुर्ग पैरों तले कुचल दिए गए, लोग बदहवाश होकर अपनों को ढूंढ रहे थे। मगर उनके अपने मौत की नींद सो चुके थे। चारों तरफ चप्पलें व जूते नजर आ रहे थे। इसे प्रशासन की लापरवाही की संज्ञा दी जाए, तो



कोई आतिश्योक्ति नहीं होगी। प्रशासन को पता था कि लाखों की तादाद में लोग व बच्चे आएगें तो सुरक्षा के इंतजाम क्यों नहीं किए गए। सरकार ने भले ही हादसे की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए है, मगर जो काल का गाल बन गए उसकी भरपाई कैसे होगी। अब प्रशासन मृतकों को लाखो रुपया मुआवजा दे रही है अगर पहले से ही सुरक्षा के इंतजाम किए होते तो यह हादसा रुक सकता था।

मुआवजा समस्या का हल नहीं है। सरकारों द्वारा जो पैसा मुआवजे के रूप में दिया जाता है उससे व्यवस्था को सुधारने में लगाया होता तो आज यह नौबत न आती। आकड़ों पर नजर डाले तो आत्मा सिहर उठती है। 3 फरवरी 1954 को कुंभ मेले में भगदड़ मचने से 800 लोगों की मौत हुई थी। 1986 में भी कुंभ में भगदड़ मचने से 200 लोग मारे गए थे। 2006 में भी सिंध नदी में 50 तीर्थयात्री बह गए थे। 10 फरवरी 2013 को इलाहाबाद में कुंभ मेले 36 लोगों की मौत हुई थी और 39 लोग घायल हुए थे।


26 जनवरी 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले के मंधेरी मंदिर में 350 लोगों की दर्दनाक मौत हुई थी। नवंबर 2006 में उड़ीसा के शंदरपुरी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में आरती के समय भगदड़ में चार लोगों की मौत हो गई थी और दर्जनों घायल हुए थे। झारखंड के देवधर के एक आश्रम में भगदड़ से 9 लोगों की मौत हो गई थी, 30 सितंबर 2008 को जोधपुर में चामुंडा देवी मंदिर में 250 लोगों की मौत हुई थी। 3 अगस्त 2008 को हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध शक्तिपीठ नैना देवी में भगदड़ मचने से 162 लोग मारे गए थे तथा 300 घायल हुए थे। घटना के समय मंदिर में 20 से 25 हजार लोग मौजूद थे। मरने वालों में 104 लोग अकेले पंजाब के रहने वाले थे। 14 जनवरी 2011 को केरल के सबरीमाला मंदिर में भगदड़ में 106 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी और 100 से अधिक घायल हो गए थे। नंवबर 2012 में बिहार में छठ पूजा के दौरान गंगा नदी के घाट पर बना बांस का पुल टूटने से लोगों में भगदड़ मचने से 20 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी।

बार-बार हादसे हो रहे है, मगर सरकारें मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रही है। प्रशासन तब जागता है जब लाशों के ढेर लग जाते हैं। प्रशासन को इन हादसों को अनदेखा नहीं करना चाहिए। इस घटना ने प्रशासन की बदइंतजामी की पोल खोल दी हैं। इस हादसे में कई अनाथ हो गए तो माताएं व बहनों का सुहाग उजड़ गया। ऐसे हादसे ताउम्र रोते हुए छोड़ जाते हैं। छोटे बच्चे दर-दर की ठोंकरें खातें हैं। केंद्र सरकार को इन हादसों पर संज्ञान लेना चाहिए तथा दोषियों के खिलाफ कारवाई करनी चाहिए और प्रत्येक मंदिरों व आस्था स्थलों में आपदा से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन समितियां गठित करनी चाहिए। मंदिरों में हर वर्ष करोड़ों रुपया चढ़ावा चढ़ता है, मगर श्रद्धालुओं की सुरक्षा रामभरोसे ही चल रही है। मंदिर कमेटियों को भी इन हादसों से सीख लेनी चाहिए, ताकि आने वाले समय में इन हृदयविदारक हादसों को रोका जा सके। अगर अब भी सबक न सीखा तो श्रद्धालुओं को मंदिरों में मौत की सौगातें मिलती रहेगी और आस्था स्थल व रेलवे स्टेशन श्मशानघाट बनते रहेगें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# महाकुंभ आस्था, अध्यात्म और व्यवस्था का अद्भुत संगम

महाकुंभ केवल गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम पर एक भव्य स्नान का अवसर नहीं है। यह करोड़ों भारतीयों की आस्था, श्रद्धा और आध्यात्म का विलक्षण संगम भी है। यह आयोजन न केवल सरकार और प्रशासन की उत्कृष्ट व्यवस्था का प्रमाण है, बल्कि स्थानीय जनता के सहयोग और धैर्य का भी परिचायक है। आपको जितने लोग सामने से व्यवस्था सम्हालते हुए दिखते हैं उनसे कहीं अधिक लोग पर्दे के पीछे कार्यरत हैं।



लेखक : मनीष वर्मा 'मनु'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

किसी एक व्यक्ति के वश की बात नहीं है इतने बड़े आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराना। संगम स्नान से पूर्व मन में कई आशंकाएं थीं—क्या व्यवस्था सुचारु होगी? क्या इतनी विशाल भीड़ में सुरक्षा सुनिश्चित हो पाएगी? लेकिन वहां पहुंचने के बाद सारी शंकाएं निर्मूल सिद्ध हुईं। प्रशासन की कुशल व्यवस्था ने हर स्तर पर अनुशासन बनाए रखा। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात, सेना पुलिस और अर्धसैनिक बलों की सतर्क उपस्थिति स्वयंसेवी संस्थाओं और प्रयागराज के स्थानीय नागरिकों ने सहयोग की मिसाल पेश की। लाखों-करोड़ों श्रद्धालुओं की आवाजाही के बावजूद अनुशासन और व्यवस्था बनी रही। हालांकि, अर्धरात्रि में हुई भगदड़ एक दुखद घटना थी, जिसने कुछ परिवारों को अपार पीड़ा दी। यह एक त्रासदी थी, जिसके प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करना आवश्यक है। इसे आप संयोग कहें या दुर्योग या फिर प्रारब्ध पर छोड़ दें। जो कुछ भी हुआ।

कारण चाहे कुछ भी रहा हो बहुत दुखदाई था। हम कब एक जान की भी कीमत समझेंगे। मेला स्थल पर हर समय लगभग 40-50 लाख लोगों की उपस्थिति और एक अनुमान के मुताबिक अब तक कुल मिलाकर 50 करोड़ से अधिक लोगों का आगमन! इतने श्रद्धालुओं का संगम स्नान—यह संख्या कई देशों की कुल जनसंख्या से भी अधिक है। श्रद्धालुओं



में अधिकतर मध्यम और निम्न मध्यम वर्गीय लोग, जो अपनी आस्था, श्रद्धा और विश्वास के ध्वजवाहक हैं।

प्रयागराज आने वाली हर सड़क पर अभूतपूर्व ट्रैफिक जाम। लगभग आठ से दस घंटे जाम में रहने के वावजूद लोगों के उत्साह में कोई कमी नहीं। क्या बच्चे, क्या बुजुर्ग सभी संगम स्नान के प्रति उत्साह से लबरेज। उच्च वर्ग के लोगों ने तो अपने लिए वीआईपी मार्ग बना लिए थे, जो कहीं न कहीं भेदभाव का अहसास करा रहे थे। अब वक्त आ गया है सरकारी तौर पर हम यह तय कर दें कौन वीआईपी है और कौन नहीं। एक वर्गीकरण जरूरी है। संगम की ओर जाने वाले मार्गों पर अनुशासित भीड़, जिससे प्रशासन को भीड़ प्रबंधन में सहायता मिली। महाकुंभ की आत्मा उसके अखाड़े हैं। नागा साधु और उनके 25-30 छोटे-बड़े अखाड़े महाकुंभ की धार्मिकता, आस्था और विश्वास को एक नया आयाम देते हैं। नागा साधुओं की बेबाकी और अक्खड़पन, उनकी अलग दुनिया, उनके अनूठे विचार और जीवनशैली इस मेले को विशिष्ट बनाते हैं। यह एक धर्म संसद की तरह कार्य करता है, जहां भारतीय संस्कृति और आध्यात्म का अनोखा संगम देखने को मिलता है।

यहां कई मिथक टूटते हैं, वर्जनाएं समाप्त होती हैं और आध्यात्म का एक नया स्वरूप सामने आता है। महाकुंभ सिर्फ प्रयागराज के संगम तट पर स्नान कर लेने तक सीमित नहीं है। यह एक अनुभव है, एक आध्यात्मिक यात्रा है, जो सदियों से चली आ रही है। यह एक अद्भुत गाथा है, जिसने पाश्चात्य संस्कृति में भी अपनी पैठ बनाई है। यही कारण है कि महाकुंभ में विदेशी श्रद्धालुओं की उपस्थिति भी एक अच्छी तादाद में देखी गई। बाजारवाद से शिकायत हो सकती है, लेकिन जहां लोग होंगे, वहां बाजार भी सजेगा। इस बात में कोई अतिश्योक्ति नहीं। यह एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। महाकुंभ हर तरह की वर्जनाओं और सीमाओं से परे है। यह श्रद्धा, आस्था और विश्वास का उत्सव है, जहां किसी भी तर्क-वितर्क की गुंजाइश नहीं होती। इसे खुले मन से स्वीकार करें, क्योंकि यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता का सबसे बड़ा उत्सव है। एक गाथा है जो पीढ़ियों से अनवरत जारी है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### धीरज बने ग्रीन वैली ट्रक आपरेटर यूनियन के प्रधान



**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** द ग्रीन वैली ट्रक आपरेटर यूनियन कलसर में प्रधान पद के लिए चुनाव करवाए गए जिसमें 47 मत हासिल कर धीरज कुमार उर्फ राहुल अध्यक्ष बने। चुनाव संयोजक अनिल बैंस ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया बिहारी लाल शर्मा की अध्यक्षता में पूर्ण करवाई गई। प्रधान पद के लिए दो उम्मीदवार थे जिन्हें कुल 86 सदस्यों में से 80 सदस्यों ने मतदान किया जिसमें पूर्व प्रधान नंदलाल उर्फ नरेश को 33 मत पड़े और धीरज कुमार को 47 मत पड़े चुनाव अधिकारी द्वारा धीरज कुमार उर्फ राहुल को विजय घोषित किया गया।

### स्वयंसेवकों ने भरौण गांव में की सफाई

**अनंत ज्ञान, मंडी।** वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन स्वयंसेवकों ने अपने गोद लिए गए गांव भरौण पंचायत के कांगड़ी माता मंदिर की सफाई की। स्वयंसेवकों ने मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया। आज के दिन की शुरुआत डॉ. रामा जयम (आईआईटी कमांड की डॉक्टर) द्वारा एक घंटे की बॉडी और माइंड रिलैक्सिंग एक्सरसाइज से हुई। सभी स्वयंसेवकों ने इस सत्र का गहरा अनुभव किया और इसे अत्यंत लाभदायक बताया। इसके पश्चात, सात दिवसीय वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सुपर अजय पिताजी के सान्निध्य में सभी स्वयंसेवकों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की जोन इंचार्ज, राजयोगिनी बीके शीला दीदी जी ने स्वयंसेवकों को ईश्वरीय सौगात भेंट की और जीवन में नैतिक मूल्यों को अपनाने, नशे से दूर रहने तथा एक आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा दी।

### हल्यातर पंचायत के सैनिक की हार्ट अटैक से मौत

**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** उत्तराखंड के देहरादून में ड्यूटी के दौरान जिला मंडी बल्ह क्षेत्र की ग्राम पंचायत हल्यातर के 26 वर्षीय जवान बसंत सिंह का हार्ट अटैक से निधन हो गया। सैनिक के निधन का समाचार मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं क्षेत्र में भी शोक की लहर है। सैनिक अपने पीछे अपनी पत्नी व डेढ़ वर्षीय बेटे शौर्य को अकेला छोड़ चल बसा।सैनिक के पार्थिव शरीर का उनके पैतृक गांव बुरहाली में सोमवार प्रातः 5 बजे के करीब पहुंचने का अनुमान है। जहां उनका सैन्य सम्मान के साथ दाह संस्कार किया जाएगा। जानकारी देते हुये ग्राम पंचायत उप प्रधान जगत पाल ने बताया की गत शनिवार देर रात 11 बजे के करीब उन्हें सेना द्वारा मोबाइल फोन के माध्यम से सुचना दी गई की आपके पंचायत से संबंधित सैनिक बसंत सिंह पुत्र नंद लाल जो 10 डोगरा रेजिमेंट देहरादून में तैनात था की ह्रदय गति रुकने से मौत हो गई है। तमाम कोशिशों के बावजूद उन्हें नहीं बचाया जा सका।

### एनसीसी के सी सर्टिफिकेट के लिए परीक्षा



**मंडी।** एनसीसी प्रमाण पत्र परीक्षा संपन्न होने के बाद हिमाचल प्रदेश एनसीसी कुल्लू के कैडेट फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन, जूनियर वारंट ऑफिसर राकेश समहोत्रा, जूनियर वारंट ऑफिसर ऋषि, जीसीआई पूजा व कॉरपोरल हर्षित के साथ सामूहिक चित्र में।

### लिखित परीक्षा के लिए बोर्ड ऑफ ऑफिसर्स का गठन

**अनंत ज्ञान, मंडी।** वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी में दो दिवसीय राष्ट्रीय कैडेट कोर 'सी' प्रमाण पत्र परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में एनसीसी परीक्षा के प्रथम दिन एनसीसी आर्मी विंग, एयर विंग और नेवल विंग के कैडेटों के लिए प्रायोगिक (प्रैक्टिकल) परीक्षा आयोजित की गई व दूसरे दिन लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। हिमाचल प्रदेश एनसीसी कुल्लू के फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन ने कहा कि एनसीसी सी प्रमाण पत्र परीक्षा में हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वाड्रन एनसीसी कुल्लू के 59 कैडेटों ने भाग लिया। हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वाड्रन एनसीसी कुल्लू के कैडेटों की प्रायोगिक व लिखित परीक्षा के लिए बोर्ड आफ ऑफिसर्स का गठन किया गया। एयर स्क्वाड्रन एनसीसी चंडीगढ़ के विंग कमांडर अंकित सूद प्रजाइडिंग ऑफिसर, 5 हिमाचल प्रदेश (1) कंपनी एनसीसी धर्मशाला के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष मोदी, 1, एयर स्क्वाड्रन एनसीसी कुल्लू के फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन लाल क्रांति सिंह, जूनियर वारंट ऑफिसर राकेश समहोत्रा व जीसीआई पूजा बतौर बोर्ड आफ ऑफिसर्स के सदस्य के रूप में शामिल रहे। एनसीसी प्रमाण पत्र परीक्षा 15 और 16 फरवरी 2025 को वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में आयोजित की गई।।इस अवसर पर 2 हिमाचल प्रदेश एनसीसी बटालियन मंडी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सुनील भट्ट, विंग कमांडर अंकित सूद , लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष मोदी, फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन, कैप्टन यशवंत, सब लेफ्टिनेंट राजेश, सीटीओ डॉ बलवीर सिंह, सीटीओ डॉ कविता, जूनियर वारंट ऑफिसर राकेश समहोत्रा, जूनियर वारंट ऑफिसर ऋषि कुमार, जीसीआई पूजा, सूबेदार मेजर संजय कुमार, सूबेदार शमशेर सिंह, सहित सैकड़ो कैडेटों ने भाग लिया।

### प्रिंस धीमान तहसीलदार पद पर सदर मंडी में देंगे सेवाएं

**अभिषेक, जोगिंदरनगर।** जोगिंद्रनगर में नायब तहसीलदार के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे प्रिंस धीमान को पदोन्नति मिली है। अब वे तहसीलदार पद पर सदर मंडी में अपनी नई जिम्मेदारी संभालेंगे। प्रिंस धीमान ने जोगिंद्रनगर में अपने कार्यकाल के दौरान प्रशासनिक दक्षता और जनता के प्रति समर्पण का परिचय दिया। उन्होंने भूमि विवादों के निपटारे, राजस्व कार्यों में पारदर्शिता और आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कई सराहनीय कदम उठाए। उनके प्रमोशन की खबर से उनके सहयोगियों और क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। सदर मंडी में तहसीलदार पद पर नियुक्ति के बाद उनसे अपेक्षा की जा रही है कि वे अपने अनुभव और कुशल नेतृत्व से वहां भी प्रशासनिक कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करेंगे। जोगिंद्रनगर के लोगों ने उनके बेहतर भविष्य की कामना की है।

# कुम्मी में चिट्टे के खिलाफ ग्रामीणों ने निकाली रैली

## विधायक इंद्र सिंह बोले-चिट्टे की खेप पकड़वाने वाले को 5000 इनाम

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

बल्ह विधानसभा क्षेत्र की कुम्मी में ग्रामीणों ने विधायक इंद्र सिंह गांधी की अगवाई में चिट्टा माफिया के खिलाफ एक रैली का आयोजन किया जिसमें कुम्मी व आस पास की पंचायतों के ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। रैली में शामिल ग्रामीणों ने चिटटा माफिया के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इस दौरान विधायक इंद्र सिंह गांधी ने प्रदेश में चिट्टा माफिया के पैर पसारने के लिए प्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहराया। इसे लेकर विधायक ने सरकार व प्रशासन को खूब खरी खोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में चिट्टा माफिया बुरी तरह से फैल चुका है। युवा पीढ़ी इसमें फंसती जा रही है तथा अपनी जान तक गवा रही है।

उन्होंने इसके लिए प्रदेश सरकार व प्रशासन की ढुलमुल नीति को जिम्मेदार ठहराया। इंद्र




रैली में शामिल पंचायत प्रतिनिधि समाजसेवी संस्था व कुम्मी पंचायत के ग्रामीण।

सिंह गांधी ने कहा कि प्रदेश सरकार पूरी तरह से फेल हो चुकी है तथा प्रदेश में माफिया राज शुरू हो गया है। खनन माफिया, वन माफिया या फिर चिटटा माफिया के जाल में प्रदेश फंसता जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सब सरकार की गलत नीतियों के कारण हो रहा है।

विधायक ने ग्रामीणों का आह्वान किया कि वे माफिया के खिलाफ एकजुट होकर अपने-अपने गांव में एक प्रहरी के रूप में कार्य करें तथा चिटटा माफिया के खिलाफ मिलजुल कर मुहिम शुरू करें। उन्होंने चिट्टे की खेप पकड़वाने वाले शख्स को अपनी ओर से 5000 की नगद राशि देने की घोषणा भी की। इस अवसर पर बल्ह नेरचौक मंडल भाजपा अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष संजय रावत, महामंत्री भगवान चंद, प्रदेश स्तरीय समाजसेवी संस्था ओरिएंटल फाउंडेशन के उपाध्यक्ष हरीश कुमार, श्री राधा माधव विश्व कल्याण परिवार ग्राम सुधार सभा कुम्मी के सदस्य डॉक्टर ओम राज शर्मा, रिगड पंचायत के प्रधान केदार नाथ, कुम्मी पंचायत के प्रधान दिनेश कुमार सहित कई समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# सरकार और पुलिस की कर्तव्यनिष्ठा से सफल होगा चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान

**अनिल शर्मा, मंडी**



दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र एवं वेब टीवी द्वारा छेड़े गए नशा विरोधी अभियान ने लोगों को नशे के खिलाफ एकजुट होने का संदेश दिया है जिसकी चंहुओर प्रशंसा भी हो रही है और विभिन्न संस्थाएं अपने-अपने स्तर पर अभियान भी चलाने लगी है।

कारवां बढ़ता जा रहा है, लोगों का सहयोग यूं ही जारी रहा तो सरकार और पुलिस की कर्तव्यनिष्ठा से चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान सफल हो जाएगा। गौर हो कि मंडी जिला में बढ़ते नशे के मामले समाज के लिए चिंतनीय बन गए हैं। आए दिन ग्रामीण नशा तस्करों और उपयोगकर्ताओं को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर रहे हैं।

जिलाभर में अब तक ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं। बल्ह विधानसभा क्षेत्र हो या जंजैहली यहां ग्रामीणों ने मोर्चा संभाल रखा है। सुंदरनगर के पोलटेक्निकल कॉलेज के नशे की सैंकड़ों सीरिंज मिलना इस बात की ओर इशारा कर रही है कि अब हर तीसरा युवा नशे का आदी हो चुका है। कुल्लू जिला के निरमंड में तो एक युवक ने कुछ पुलिस कर्मियों के ऊपर ही इल्जाम लगा दिए जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। इस सारे घटनाक्रम में पुलिस की भूमिका की जांच होना लाजिमी है क्योंकि जांच से आरोप या तो धुलेंगे या सारे डिपार्टमेंट के लिए कलंक बने कर्मी समाज के सामने आएंगे।

जंजैहली मामले में तो पुलिस ने ग्रामीणों को चिट्टा वाले युवकों तक नहीं पहुंचने दिया और युवकों ने आधे से अधिक चिट्टा फेंक दिया। पुलिस के हाथ लगा मात्र कुछ ग्राम ही। बता दें कि अब लोग न चिट्टा तस्करों न उपयोगकर्ताओं छोड़ने वाले नहीं हैं।

लोग पुलिस की कार्यप्रणाली को भी बारीकी से देखे रहे हैं, यदि पुलिस ने अपना कर्तव्य सही से नहीं निभाया तो आने वाला समय सरकार और पुलिस के लिए चुनौती पूर्ण अवश्य होगा। (अनंत ज्ञान)

नशे के खिलाफ अनंत ज्ञान का महाअभियान

### विद्यार्थियों द्वारा भेजे गए संदेश

- नशा करने वाला व्यक्ति अपने परिवार के लिए बोझ बन जाता है।
**लावन्य, कक्षा नौवीं, डीएवी सीपीएस मंडी।**
- हमारी युवा शक्ति नशे के कारण अपने भविष्य को बर्बाद कर रही है।
**जतिन, कक्षा नौवीं सी, डीएवी सीपीएस मंडी।**

### इस नंबर पर भेजें संदेश

**प्रबुद्ध** पाठक और आम जनमानस भी अनंत ज्ञान के इस अभियान में शामिल होकर 9418980288 व्हाट्सएप नंबर पर संदेश भेज कर विरोध जता कर नशे पर टंकार कर सकते हैं। ये संदेश प्रतिदिन समाचार पत्र में प्रकाशित किए जाएंगे।

# कंसा में हुआ खेलो इंडिया वुमन वुशू स्टेट लीग प्रतियोगिता का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

शनिवार को कंसा खेल मैदान में दो दिवसीय खेलो इंडिया वुमन वुशू स्टेट लीग प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्यातिथि पीएन आजाद महासचिव हिमाचल प्रदेश वुशू संघ एवं उपाध्यक्ष भारतीय वुशू संघ द्वारा किया गया, जिसमें विशेष अतिथि के रूप में विजय चौधरी प्रधानाचार्य आईटीआई बल्ह, रोशन कपूर मैनेजिंग डायरेक्टर हिलआक पब्लिक स्कूल, प्रशांत शर्मा प्रधानाचार्य डीएवी पब्लिक स्कूल डडौर उपस्तिथ रहे ।

प्रतियोगिता में प्रदेश के 7 जिलों के सब-जूनियर, जूनियर व सीनियर 200 महिला खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। सचिन खेम सिंह ने बताया कि इसमें शान्सू व तालू दोनों प्रतियोगिता करवाई जाएगी तथा राज्य स्तरीय खेलो इंडिया वुमन लीग से इनका चयन जोनल वुमन लीग के लिए किया जाएगा, जहां पर भारत सरकार खेल मंत्रालय द्वारा 15 लाख की धनराशी वांटी जायेगी तथा उसके बाद जोनल से महिला खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा जहां पर भारत सरकार ने 60 लाख की राशि महिला खिलाड़ियों को दी जाएगी ।

उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश का बिलासपुर, कुल्लू, कांगड़ा, हमीरपुर, शिमला, सोलन, सिरमौर मंडी जिलों की महिला खिलाड़ी भाग ले रही है।

# चार हजार साल बाद रथ पर विराजमान देवता बाला कामेश्वर

**अनंत ज्ञान, मंडी**

सतदेव बाला कामेश्वर के मंदिर में हाल ही में देवता के रथ का निर्माण किया गया है। जिसकी प्राण प्रतिष्ठा पूर्ण होने के बाद रविवार को पहली बार देवता अपने देवलुओं के संग मंडी शहर के भ्रमण पर निकले। इस दौरान देवता ने राज माधव मंदिर और भूतनाथ मंदिर में हाजरी भरी।



### शिवरात्रि महोत्सव में करेंगे शिरकत

**देवता** के पुजारी गोपाल शर्मा ने बताया कि देवता चार हजार साल बाद रथ पर विराजमान हुए हैं। आज देवता की इच्छा अनुसार ही पहली बार रथ को बाहर लाया गया है। देवता इस बार शिवरात्रि महोत्सव में भी शिरकत करेंगे। देवता धन-धान्य और बारिश के साथ ही संतान देने का वरदान देते हैं।

**भविष्यवाणी**

**देवता** ने गुरु के माध्यम से स्वयं भविष्यवाणी की है कि 4000 साल वर्ष बाद उनका यह रथ बना है। अब देवता भक्तों के कष्ट दूर करेंगे।

### मंडी जनपद में देवता का महत्वपूर्ण स्थान

मंडी जनपद में देवता का महत्वपूर्ण स्थान है। उनकी मर्जी के बिना यहां बारिश तक नहीं हो सकती है। रियासत काल में देवता का राजमहल में महत्वपूर्ण स्थान था लेकिन किसी कारण देवता ने शिवरात्रि महोत्सव में आना बंद कर दिया था। देवता के नाम से क्षेत्र में कई मंदिर स्थापित हैं।

### जितेंद्र ऑल इंडिया ग्रेपलिंग प्रतियोगिता में रेफरी नियुक्त

**उमेश, सुंदरनगर।** इंटरनेशनल रेसलर जितेंद्र चौहान ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ग्रेपलिंग प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका निभाएंगे। जितेंद्र चौहान वर्तमान में उच्च शिक्षा विभाग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सावल में बतौर प्रवक्ता इंग्लिश के तौर पर अपनी सेवाएं दे रहे है।

जितेंद्र चौहान हिमाचल प्रदेश के पहले व एकमात्र ऐसे खिलाड़ी है जो यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के सर्टिफाइड रेफरी है।

इनका चयन उत्तर प्रदेश के रोहिलखंड बरेली में स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले यूनिवर्सिटी में 17 से 22 फरवरी में होने जा रही ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ग्रेपलिंग प्रतियोगिता में रेफरी के रूप में हुआ है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बग्गी का परिसर बना पार्किंग स्थल

**आदर्श, नेरचौक**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बग्गी का परिसर पार्किंग स्थल बनकर रह गया है। अस्पताल परिसर के प्रांगण में आसपास के लोग अपनी गाड़ियां पार्क करके चले जाते हैं। नतीजतन अस्पताल पहुंचने वाले मरीज व उनके तामीरदारों को गाड़ियां खड़ी करने को जगह नहीं मिलती है।

यही नहीं परिसर में गाड़ियां गलत ढंग से खड़ी कर दी जाती है अगर आपातकालीन स्थिति में कोई एंबुलेंस मरीज को लेकर अस्पताल पहुंचती है तो उसे अस्पताल परिसर के अंदर ले जाना मुश्किल हो जाता है। बता दें कि अस्पताल परिसर के प्रांगण में आसपास के स्थानीय



ग्रामीण व दुकानदार अपनी कारें दिन भर के लिए यहां खड़ी कर देते हैं। बेतरतीव ढंग से खड़ी की गई गाड़ियों के कारण मरीज और उनके तामीरदारों को पैदल चलने के लिए भी कई बार स्थान नहीं मिलता है।

इस संबंध में अस्पताल में मौजूद चिकित्सक कई बार लोगों से गाड़ियां परिसर के अंदर खड़ी न करने का आग्रह कर चुके हैं। अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों द्वारा इस संबंध में स्थानीय पंचायत और विभाग के उच्च अधिकारियों को भी अवगत करवा दिया है। बावजूद इसके समस्या जस की तस बनी हुई है। (अनंत ज्ञान)

> अस्पताल परिसर में कोई भी गाड़ी पार्क नहीं कर सकता है। इस संबंध में हमारे पास जानकारी है। अस्पताल परिसर में गाड़ी खड़ी करने वालों से आग्रह हैं कि गाड़ियां खड़ी न करें अन्यथा आने वाले समय में विभाग को कोई सख्त निर्णय इस बारे उठाना पड़ेगा।
> **-डॉ. पीयूष वैद्य , खंड चिकित्सा अधिकारी।**

### मारपीट करने का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** उपमंडल के जय देवी क्षेत्र में सास-ससुर पर मारपीट का आरोप लगा थाना बीएसएल कालोनी में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

जानकारी अनुसार थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी में पूजा देवी पत्नी बालक राम निवासी गांव बगडोर डाकघर जय देवी ने कहा कि वह अपने घर के निकट खेत में थी। उसकी सास वहां आई और गाली गलौज करने लगी। सास ने उसे बालों से खींच कर पकड़ा और खेत में फेंक दिया। उसकी डंडे के साथ पिटाई की। डीएसपी भारत भूषण ने बताया प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी गई है।

# फ्रेंच किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीते 9 पदक



**अनंत ज्ञान, मंडी**

भारतीय एशियाई स्वात फ्रेंच किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में हिमाचल खिलाड़ियों ने 9 पदक जीत कर इतिहास रच दिया है। हिमाचल प्रदेश स्वात संघ की सचिव संतोषी शर्मा व टीम कोच इंडिया ने बताया कि नेशनल फेडरेशन कप-2024 व नेशनल स्वात चैंपियनशिप-2024 के स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को ही शामिल किया गया था।

राष्ट्रीय स्वात संघ के तत्वावधान में 8 से 12 फरवरी तक दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित हुई एशियन स्वात फ्रेंच किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में हिमाचल के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर तीन स्वर्ण पदक, एक रजत पदक, और पांच कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा है ।

# पुराने जर्जर बीडीओ परिसर के भवन को गिराने की मांग

**भीम बसेड़ू, महादेव**

बीडीओ कार्यालय सुंदरनगर परिसर में कूड़े-कचरे का अंबार लगने सहित एक बड़े भाग में झाड़ियां एवं घास फूस उगी पड़ी है जिसे देखकर लग रहा है कि वर्षों से स्वच्छता अभियान को ठेंगा दिखा रहा।

कूड़े-कचरे को लेकर शहर की डंपिंग साइट लगने वाली यह जगह कहीं भयावह बीमारी न ले आए इसलिए अत्यंत जरूरी है कि शीघ्र ही पुराने जर्जर भवन को गिराकर यहां बड़े पैमाने पर साफ-सफाई की जाए। बुद्धिजीवी लोगों का कहना



है कि एक बड़े परिसर में सुंदरनगर का बीडीओ कार्यालय फैला है मगर एक ओर पुराना जर्जर भवन सुरक्षा के मद्देनजर जर्जर हुए भवन को गिरा देना चाहिए। लोगों ने संबंधित विभाग व उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग की है कि सुंदरनगर को नाम के अनुरूप सुंदर सहित साफ एवं स्वच्छ बनाने के निर्देश दें।

# शिवरात्रि फुटबॉल राइजिंग स्टार के नाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

शिवरात्रि फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच राइजिंग स्टार क्लब और मैजिशियन क्लब के मध्य खेला गया।

संघर्षपूर्ण खेल के 20 मिनट में मैजिशियन क्लब को कॉर्नर मिला लेकिन राइजिंग क्लब के गोलकिपर ने शानदार गोलरक्षण कर गोल बचा लिया। खेल के 30वें मिनट में मुकुल ने एक अच्छा पास दिया लेकिन राइजिंग स्टार के फारवर्ड रक्षा पंक्ति को भेद नहीं पाए। पहले हाफ में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। हाफ टाइम के बाद राइजिंग स्टार ने दबाव बनाया और राइजिंग



फुटबॉल प्रतियोगिता के खिलाड़ी व साथ हैं अन्य गणमान्य।

स्टार के खिलाड़ी आकाश ने शानदार हेड लगाकर गोल किया। खेल के अंत तक यह स्कोर बना रहा इस प्रकार से राइजिंग स्टार क्लब ने फुटबॉल प्रतियोगिता पर अपना कब्जा कायम किया।

प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि वासु डोगरा डीएफओ मंडी, अन्य गणमान्य व्यक्तियों में लीला विकास अध्यक्ष जिला फुटबॉल संघ, प्रवीण शर्मा कैशियर, जगदीश राजा, कमल किशोर राजकुमार व नरेंद्र सैनी मौजूद रहे।

### आग लगाने पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना धनोटू में घासनी में आग लगाने पर एक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है।

जानकारी अनुसार थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी में ललिता कुमारी (22) पत्नी जितेंद्र कुमार निवासी गांव जड़ोली डाकघर स्यांजी तहसील बल्ह ने कहा है कि वह और उसके ससुर अपने घर से करीब दो किलोमीटर दूर अपनी घासनी में घास काटने गए थे। वहां जाने पर देखा की उनकी घासनी में आग लगी हुई है। डीएसपी भारत भूषण ने बताया एफआईआर दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई है।

**आजीविका** | स्वयं सहायता शिव शक्ति समूह थमेड़ा का आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता एक सफल कदम

# प्राकृतिक खाद्य उत्पादों से आर्थिक सशक्तिकरण की अनूठी पहल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत प्रदेश भर में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं अपने घरों को आर्थिक सुदृढ़ीकरण की ओर ले जाने में जुटी हुई हैं। इन समूहों के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और अपने परिवार की आजीविका में योगदान दे रही हैं। इसी दिशा में सरकाघाट के स्वयं सहायता शिव शक्ति समूह, थमेड़ा की महिलाएं भी सफलता की नई कहानी लिख रही हैं।

समूह की सदस्य सीमा कुमारी बताती हैं कि 3 जनवरी, 2018 को इस समूह का गठन किया गया था। शुरूआत में उन्हें यह जानकारी नहीं थी कि समूह को कैसे संचालित किया जाता है और इसकी कार्यप्रणाली क्या होती है। फिर, पंचायत में क्षेत्रीय समन्वयक अंजना ठाकुर और खंड विकास कार्यालय, गोपालपुर से आए अधिकारियों ने स्वयं सहायता समूहों की विस्तृत जानकारी दी।

महिलाओं को विभिन्न उत्पादों के निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया, जिससे वे अपने कौशल को विकसित कर सकीं। प्रशिक्षण के बाद महिलाओं ने फूड प्रोसेसिंग का कार्य शुरू किया, जो अब सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है।



### स्थानीय से राष्ट्रीय स्तर तक पहचान

**स्वयं** सहायता शिव शक्ति समूह द्वारा तैयार किए गए खाद्य उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है। ये महिलाएं अपने उत्पादों को दिल्ली फूड कार्निवल, सरस मेले (मंडी, शिमला, चंडीगढ़) और अन्य राष्ट्रीय मेलों में प्रदर्शित करती हैं, जहां इनके उत्पादों की अच्छी बिक्री होती है और अच्छा मुनाफा भी प्राप्त होता है।

### प्राकृतिक और स्वास्थ्यवर्धक खाद्य उत्पादों का निर्माण

**समूह** की एक अन्य सदस्य अंजना शर्मा बताती हैं कि वे आचार, चटनी, मुरब्बा, बड़ियां, शिरा आदि खाद्य उत्पादों का निर्माण करती हैं, जो प्राकृतिक संसाधनों से स्वच्छता के साथ तैयार किए जाते हैं और स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होते हैं। इसके अलावा, समूह मिलेट्स (कोदरा, रागी, ज्वार, बाजरा) से तैयार लड्डू और मिठाइयों का उत्पादन भी कर रहा है।

### सरकार और प्रशासन का सहयोग

**समूह** की महिलाएं खंड विकास अधिकारी, गोपालपुर और क्षेत्रीय समन्वयक, अंजना ठाकुर का विशेष आभार व्यक्त करती हैं, जिन्होंने प्रशिक्षण दिलवाया और सहयोग प्रदान किया। इनके मार्गदर्शन से ही वे आज आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने में सक्षम हो पाई हैं। समूह की महिलाओं ने हिमाचल प्रदेश सरकार का भी धन्यवाद किया, जिन्होंने महिलाओं को हिम ईरा वेबसाइट पोर्टल के माध्यम से एक बेहतर मंच प्रदान किया, जिससे उनके उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध हुआ।

# चालक व परिचालक ने दिव्यांग से किया गलत व्यवहार

**अनंत ज्ञान, पडोह**

मंडी से चैल चौक जा रही बस जो शाम को 4:30 बजे मंडी से चलती है और 5:30 पंडोह से चलती है । उसी बस में मंडी से सवार हेमंत कुमार जिसका 50 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग हैंडिकैप्ड है जिसने छपराहन नामक स्थान पर उतरना था। जब हेमंत बस पर चढ़ा और तीसरी सीट पर बैठा तो बस में तैनात चालक राकेश कुमार ने उसे वहां से खड़े होने के लिए कहा। चालक ने उसे जलील किया धक्के मारकर गलत व्यव्हार किया।

हेमंत कुमार ने पंडोह तक टिकट लेकर उस बस पर सफर किय जबकि हेमंत कुमार के पास सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त पास भी बना था। हेमंत कुमार का कहना है कि यह चालक व सह चालक हर दिन

**हिमाचल दिव्यांग कल्याण सभा ने कार्रवाई की उठाई मांग**

कॉलेज के बच्चों और हैंडीकैप्ड लोगों को ताने मारते हैं। सवारियों से बदमीजी से पेश आता है।

चालक ईसी रूट पर एक दशक से अधिक समय से गाड़ी चला रहा है। हिमाचल दिव्यांग कल्याण सभा के मुख्य महासचिव राधाकृष्ण वर्मा ने इस घटना की निंदा की, वहीं परिवहन के डीएम से माग की है कि इस चालक को तुरंत निलंबित किया जाए। उन्होंने मांग की है कि इस पर कानूनी कार्रवाई की जाए और इसको यहां से ट्रांसफर किया जाए।

आपको बता दें की मंडी से चल चौक इलेक्ट्रिकल बस चलती है चल चौक से यह हिमाचल पथ परिवहन निगम की पहली बस है जो सुबह चल चौक से मंडी की तरफ चलती है और शाम को अंतिम बस है जो मंडी से 4:30 बजे चलती है और पंडोह से 5:30 बजे चलती है ।

यह बस सिर्फ इलेक्ट्रिकल है यह 25 सीटर बस है । लोगों ने मांग की है कि इसके स्थान पर ऑर्डिनरी बस लगाई जाए। वहीं बस चालक राकेश कुमार ने कहा कि हमने सवारी को पीछे बैठने के लिए कहा था। आज रविवार की छोटी होने से परिवहन के आरएमडीएम मोबाइल नही उठा रहे है जिस कारण बात नही हो सकी। वर्मा ने बताया कि इस बारे मुख्यमंत्री उप-मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जांच की माग की जाएगी, ताकि किसी अन्य दिव्यांग के साथ ऐसी घटना न हो।

# बाथड़ी में दीवार के नीचे दबने से मजदूर की मौत

**अनंत ज्ञान, ऊना**

पुलिस थाना टाहलीवाल के तहत बाथड़ी में पुराने घर को तोड़ते हुए शनिवार को एक दीवार गिर गई। हादसे में 40 वर्षीय मजदूर दीवार में दब गया, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक मजदूर की पहचान राजकुमार पुत्र तारा चंद निवासी बाथड़ी के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक राजकुमार निवासी बाथड़ी शनिवार को गांव की ही रजनी वाला के घर में पुराने मकान को तोड़ने का काम कर रहा था। मकान तोड़ते हुए एक दीवार गिर गई, जिसकी चपेट में राजकुमार आ गया। चिल्लाने की आवाज सुनकर मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने घायल राजकुमार को बाहर निकाला और क्षेत्रीय अस्पताल ऊना लेकर भागे।

अस्पताल में पहुंचने पर डॉक्टरों ने राजकुमार को मृत घोषित कर दिया। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, साथ ही मामले को लेकर जांच की जा रही है।

## कोषागार भवन के पास अवैध निर्माण हटाया जाए

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला हिम अचल पेंशनर संघ का एक प्रतिनिधिमंडल कोषागार के नए भवन के निर्माण के संबंध में जिलाधीश से मिला था। संघ ने निर्माण कार्य में तेजी लाने का आग्रह भी किया था। जिलाधीश के आश्वासन के उपरांत वहां से झुग्गी झोपड़ियां वालों को तो उठा दिया गया है, परंतु उन्होंने वहां पर एक अस्थायी मंदिर बना रखा है, जिसे वह नहीं उठा रहे हैं। यह मंदिर सरकारी जगह में है और इसे सरकारी जमीन पर बनाया गया है। संघ ने प्रशासन से मांग की है कि इस मंदिर के अवैध ढांचे को भी वहां से उठाया जाए ताकि ठेकेदार वहां पर फीलिंग करके एक रैंप तैयार कर सकें। बुजुर्ग पेंशनर्स को कोषागार तक जाने में बहुत कठिनाई हो रही है, इसलिए प्रशासन इस संबंध में विशेष ध्यान दे और समस्या का समाधान करे। यह मांग पेंशनर संघ के पदाधिकारी रोशन लाल चौधरी ओमपाल कंवर राजकुमार शर्मा के पैटर्न और रमेश भारद्वाज, देशराज मैहता ने की है।

# प्रदेश सरकार जनता की भलाई के लिए कर रही निरंतर कार्य : विवेक

### छपरोह में 'आपका विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम में विधायक विवेक ने सुनीं जनसमस्याएं

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**



'आपका विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम में विवेक शर्मा व ग्रामीण।

कुटलैहड़ की जनता से सीधा संवाद और उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के लिए कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में 'आपका विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को छपरोह गांव में एक विशेष जनसंवाद शिविर का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। विधायक ने सभी समस्याओं को सुना और मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

विवेक शर्मा ने कहा प्रदेश सरकार जनता की भलाई के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हमारी प्राथमिकता यही है कि लोगों की समस्याओं का समाधान उनके घर-द्वार पर ही हो, ताकि उन्हें सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। विधायक विवेक शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार ने बीते दो वर्षों में कई जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं, जिनका लाभ जनता तक पहुंचाने के लिए अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। गरीब परिवारों के लिए शुरू की गई योजनाओं में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं, उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन, मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को मकान उपलब्ध कराना, किसानों के लिए सब्सिडी योजनाएं और स्वरोजगार बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम शामिल हैं।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि सरकार और प्रशासन कुटलैहड़ क्षेत्र में अधूरे विकास कार्यों को पूरा करने और नई परियोजनाओं को गति देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में जल्द ही नई सड़कों का निर्माण होगा, जिससे आवागमन की समस्या दूर होगी, साथ ही, स्थानीय युवाओं के लिए स्वरोजगार और नौकरी के अवसर बढ़ाने के लिए नई योजनाओं को लागू किया जाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) को बेहतर सुविधाओं से लैस किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर नए स्वास्थ्य केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे। इस अवसर पर एसडीएम सोनू गोयल, तहसीलदार अमित कुमार, खंड विकास अधिकारी सुशील कुमार, थाना प्रभारी रोहित चौधरी, कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, जलशक्ति विभाग, बिजली बोर्ड एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी पंचायत प्रतिनिधि एवं अन्य पार्टी नेता मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## ग्रामीणों ने सराहा विधायक का प्रयास

कुटलैहड़ की पंचायत छपरोह के ग्रामीणों ने विधायक विवेक शर्मा के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि इससे उनकी समस्याएं सीधे प्रशासन तक पहुंच रही हैं और त्वरित समाधान हो रहा है। बुजुर्ग रामलाल ने कहा कि हमारे क्षेत्र में पेयजल की समस्या बहुत बड़ी थी, जिसे लेकर हमने विधायक से शिकायत की। उन्होंने तुरंत जलशक्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्या का जल्द समाधान किया जाए।

# पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन खंड बंगाणा के अशोक बने अध्यक्ष



**विनोद शर्मा, लठियाणी**

हिमाचल पेंशनर्स वेलफेयर एशोसिएशन जिला ऊना के खंड बंगाणा की बैठक आशीर्वाद होटल बंगाणा में आयोजित की गई। बैठक में पेंशनरों को आ रही समस्याओं के बारे में विचार-विमर्श किया गया। इस बैठक में 2016-2022 तक सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन की बकाया राशि की जल्दी देने के लिए सरकार से मांग की गई।

बैठक में 2025-2028 के लिए एशोसिएशन के नए पदाधिकारियों का चयन भी हुआ। सर्वसम्मति से एसोसिएशन पदाधिकारी चुने गए। इसमें प्रधान अशोक ठाकुर, सचिव शिवकुमार कश्यप, कोषाध्यक्ष मदन लाल शर्मा, संरक्षक बाल कृष्ण शर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान रणजीत सिंह, उपप्रधान सुरेंद्र राणा, सहायक सचिव किशोरी लाल, प्रचार सचिव अमरजीत शर्मा, प्रेस सचिव कृष्ण दत्त शर्मा, लेखाकार कमल देव शर्मा, सलाहकार बलवंत सिंह, जिला प्रतिनिधि राजेन्द्र सिंह,सदस्य चैन सिंह, कश्मीर सिंह को बनाया गया।

नवनिर्वाचित प्रधान अशोक ठाकुर ने बताया कि अपना जो मुझे जिम्मेदारी सौंपी है, उसे मैं ईमानदारी से निभाऊंगा लेकिन आप सभी के सहयोग से जो पेंशनरों के मुश्किलें आ रही हैं, उसका समाधान करने का भरसक प्रयास करूंगा, लेकिन इसके लिए हम सभी को मिलजुल कर अपनी मांगों को अधिकारियों एवं सरकार को अवगत करवाया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

# त्रिमूर्ति शिव संदेश रथयात्रा का रक्कड़ से शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



त्रिमूर्ति शिव संदेश रथयात्रा के शुभारंभ पर संस्थान से जुड़े गणमान्य।

89वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती (महाशिवरात्रि) पर्व पर प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विवि द्वारात्रिमूर्ति शिव संदेश रथ यात्रा का शुभारंभ रविवार को रक्कड़ कॉलोनी ऊना केंद्र से किया गया। इस अवसर पर ऊना जिले की प्रभारी ब्रह्मकुमारी आशा दीदी, ब्रह्मकुमारी बबिता बहन (मैहतपुर), हरजीत बहन (सवारी टकोली), रितू बहन (अंब), किरण बहन, अवदेश भाई सहित बड़ी संख्या में भाई-बहनों ने भाग लिया। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारीज केंद्र पर ध्वजारोहण किया गया।

शिव संदेश रथ पर दाव्दश ज्योतिलिंग व अमरनाथ गुफा की झांकी का प्रदर्शन किया गया है। यह संदेश रथ जिलेभर के विभिन्न स्थानों पर महाशिवरात्रि का संदेश देगी जो कि 16 सें 26 फरवरी तक दस दिन तक चलेगी। इसका समापन गगरेट स्थित शिवबाड़ी मंदिर में शिवरात्री पर्व पर होगा।

इससे पूर्व इस केंद्र पर आध्यात्मिक आयोजन में शिव बाबा से जुड़े ज्ञान से अपने को पवित्र बनाकर अपनी प्रवर्ती को दूसरों के प्रति हमेशा कल्याणकारी स्वभाव में डालने का अभ्यास करना है। चाहे आपके प्रति दूसरा विरोध भाव से ग्रसित हों। इस अवसर पर आशा दीदी ने महाशिवरात्रि पर्व की व्याख्या में कहा कि महाशिवरात्रि परमात्मा के दिव्य अवतरण का यादगार महापर्व है।

परमात्मा ने श्रीमद् भगवद् गीता में किए वादे के अनुसार परमात्मा कहते हैं कि जब जब सृष्टि पर धर्म की अति ग्लानि हो जाती हैं। अधर्म और पाप कर्म बढ़ जाते हैं, तब मैं भारत सहित पूरी सृष्टि का उत्थान करने और दुनिया की सृजन करने साकार रूप में लोगों के सम्मुख प्रकट होता हूं। मैं इस धरा पर अवतरित होकर सज्जन साधु लोगों की रक्षा, दुष्टों का विनाश और एक सत्कर्म की स्थापना करता हूं। चारों युगों में कल्प के अंत में एक बार ही मेरा इस धरा पर अवतरण होता हैं।

उन्होंने बताया कि विश्व की सभी महान, विभूतियों के जन्मोत्सव मनाए जाते हैं, लेकिन परमात्मा शिव की जयंती को जन्मदिन न कहकर शिवरात्रि कहा जाता है। इसका अर्थ है परमात्मा जन्म मरण से न्यारे हैं। उनका किसी महापुरुष या देवता की तरह शारीरिक जन्म नहीं होता है। उनकी जयंती कर्तव्य वाचक रूप में मनाई जाती है।

# गुरु रविदास ने जातपात और छुआछूत के खिलाफ आवाज उठाई : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के दुख निवारण गुरु आदी द्वारा बल्ह खालसा में आयोजित चार दिवसीय धार्मिक समागम का समापन भव्य कीर्तन दरबार और भंडारे के साथ हुआ। यह समागम संत गुरु रविदास जी के 648वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 12 फरवरी को आरंभ हुआ था, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



रविवार को समापन अवसर पर भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। गुरुद्वारा प्रबंधक बाबा कमलदास महाराज ने भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक भुट्टो का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें सम्मानित किया। समागम के दौरान विभिन्न धार्मिक प्रवचन, कीर्तन, अरदास और लंगर सेवा का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दूर से संगत पहुंचीं। भाजपा नेता देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि संत गुरु रविदास ने समाज में फैली कुरीतियों, विशेषकर जात-पात और छुआछूत जैसी प्रथाओं के खिलाफ आवाज उठाई। गुरु आदिद्वारा बल्ह खालसा में धार्मिक समागम के अंतिम दिन की शुरुआत भव्य कीर्तन दरबार से हुई, जिसमें प्रसिद्ध रागी जत्थों ने गुरु रविदास जी के भजन और गुरबाणी का गायन किया।

बाबा कमलदास महाराज ने समापन अवसर पर सभी श्रद्धालुओं, सेवादारों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा बढ़ता है और आध्यात्मिक जागरूकता को बल मिलता है। इस मौके पर सेवादार राजीव कुमार, सूरम सिंह, रामेश्वर तिवारी, अभय सिंह, सुदर्शन शर्मा, सुच्चा सिंह, करतार सिंह, बड़े स्तर के नेता अधिकारी पूर्व अधिकारी एवं हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# रोबोटिक्स तकनीकों के बारे में किया जागरूक

**विवेक शर्मा, अंब**



डीसी जतिन लाल व गुरुकुल ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर राजेश गौतम कार्यक्रम के दौरान।

गुरुकुल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल पक्का परोह में रविवार को कृत्रिम बुद्धिमता और रोबोटिक्स कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी तकनीकी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और नवीनतम रोबोटिक्स तकनीकों के बारे में अभिभावकों और अतिथियों को अवगत करवाया। इस मौके पर जिलाधीश ऊना जतिन लाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने विभिन्न प्रकार के रोबोट्स का निर्माण और प्रदर्शन किया, जिससे उनकी नवाचार और सृजनात्मकता को बढ़ावा मिला। इसके अलावा, विशेषज्ञों द्वारा दिए गए व्याख्यानों और वर्कशॉप्स से छात्रों को रोबोटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में नई जानकारियां प्राप्त हुईं।

विद्यालय में 'राधा' नाम की मानवरूपी रोबोट ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग के प्रदर्शन से सबको अपनी तरफ आकर्षित कर लिया। बच्चों ने ब्लाइंड स्टिक, सेवन सेंगेमेंट डिस्प्ले ,रोबोट डांस, फेन विद पुश बटन, ग्लोइंग लेड़ विद पुश बटन, स्टोरी टेलिंग, एजुकेशनल डांस, लाइव टीचिंग ऑफ साइंस, सोकर रोबोट, स्मार्ट डस्टबिन, कथक डांस, करियर विद करेक्टर्स, स्ट्रीट प्ले रोबो क्विज, पजलस बाई रोबो, ड्रोन शो आदि गतिविधियों में भाग लिया। जिलाधीश ऊना जतिन लाल ने भी बच्चों को उनके कार्य के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों ने बहुत ही मेहनत करके अपनी रचनात्मकता और बुद्धि कौशल का परिचय दिया।

विद्यालय के निदेशक राजेश गौतम ने इस अवसर पर कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अनुभव रहा, जिससे उनकी वैज्ञानिक सोच और तकनीकी कौशल को नई दिशा मिली। कार्यक्रम के अंत में विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया और सभी प्रतिभागियों की सराहना की गई। यह आयोजन छात्रों के भविष्य के लिए प्रेरणादायक सिद्ध हुआ और विद्यालय प्रबंधन ने आगे भी इस तरह के तकनीकी कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।

इस मौके पर गुरुकुल पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर ज्योति गौतम पूर्व प्रधानाचार्य, प्रीतम सिंह, सुमन, रिटायर्ड प्रिंसिपल पीसी शर्मा, गुरुकल पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल शिवानी गुलेरिआ, प्रिंसिपल अकादमिक शिखा लठ, डीन प्रियंका शर्मा, प्रिंसिपल गुरुकुल इंटरनेशनल डॉक्टर संतोष कुमारी, प्रिंसिपल डायरेक्टर डीपी राय व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# सनातन धर्म मंच ने की नियुक्तियां कंचन बनी महिला विंग की महासचिव

**अनंत ज्ञान, हरोली**

राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश रनौत ने प्रदेश प्रभारी नरेंद्र सिंह राणा व प्रदेश महिला विंग अध्यक्षा पूजा वालिया ने मंच की चिंतपूर्णी प्रखंड अध्यक्ष सीमा गोस्वामी की सहमति से चिंतपूर्णी प्रखंड से कंचन रायजादा को प्रदेश महिला विंग की महासचिव नियुक्ति किया है।

कंचन रायजादा की महिला विंग की महासचिव पद पर नियुक्ति का मंच के प्रदेश सचिव प्रभात सिंह जम्वाल, जिला ऊना अध्यक्ष बृज पाल सिंह, जिला सचिव सुरजीत सिंह लम्बरदार, जिला उपाध्यक्ष जरनैल सिंह, जिला ऊना महिला अध्यक्षा ममता कश्यप, जिला ऊना महिला सचिव गिरजा जोशी, ऊना प्रखंड महिला अध्यक्षा मोना मनकोटिया, गगरेट प्रखंड महिला अध्यक्षा सोमा देवी, हरोली प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा देवी, कुटलैहड़ प्रखंड महिला अध्यक्षा पूनम शर्मा, चिंतपूर्णी प्रखंड महिला अध्यक्षा सीमा गोस्वामी, ऊना प्रखंड अध्यक्ष रमन कुमार, गगरेट प्रखंड अध्यक्ष पवन ठाकुर, हरोली प्रखंड अध्यक्ष राजेश पुरी, कुटलैहड़ प्रखंड अध्यक्ष मनोहर लाल शर्मा, चिंतपूर्णी प्रखंड अध्यक्ष प्रभात ठाकुर, महासचिव मोहन लाल दत्ता, उपाध्यक्ष कुलदीप डोगरा, सुमनेश शर्मा, विरेंद्र शर्मा, संदीप कुमार, सचिव प्रदीप कुमार डडवाल, अश्विनी कुमार राणा, पीडी शर्मा आदि ने स्वागत किया और बधाई दी है। प्रदेश प्रभारी नरेंद्र सिंह राणा ने कहा कि राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच धार्मिक स्थलों की रक्षा करेगा।

समाज में जातिगत भेदभाव मिटाने का कार्य करेगा। सनातन धर्म की रक्षा व असमाजिक तत्वों द्वारा समाज में फैलाए जा रहे नशे की दलदल से युवा पीढ़ी को बाहर निकालने का कार्य करेगा।

# संगोष्ठी में बजट 2025-26 पर रखे विचार



बजट 2025-26 विषय पर परिचर्चा में हिस्सा लेने वाले छात्र।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा के अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान विभाग और स्व-वित्त विभागों द्वारा 'बजट 2025-26' विषय पर एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर थे। कार्यक्रम की शुरुआत में आयोजकों प्रोफेसर सिकंदर नेगी, प्रोफेसर निक्किता गुप्ता और मुकेश ने मुख्य अतिथि डॉ. रमेश ठाकुर का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मंच का संचालन दिव्यांशु शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि डॉ. रमेश ठाकुर ने अपने संबोधन में बजट के महत्व को विस्तार से समझाया, जिसमें व्यक्तिगत क्षेत्र से लेकर देश की आर्थिक नीतियों तक बजट का प्रभाव बताया गया।

उन्होंने यह भी बताया कि एक सशक्त बजट कैसे सामाजिक और आर्थिक विकास को सुनिश्चित करने में मदद करता है। संगोष्ठी में प्रमुख प्रतिभागियों के रूप में सुश्री प्रियंका, सुश्री नेहा, सुश्री मुस्कान, कोमल, साक्षी और वंशिका ने बजट के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इन युवा प्रतिभागियों ने बजट की रणनीतिक दिशा, सामाजिक कल्याण, और आर्थिक सुधारों से संबंधित विचार साझा किए।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकों, प्रोफेसर रेखा, प्रोफेसर अनु अत्री, प्रोफेसर नेगी और प्रोफेसर मुकेश ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज की और संगोष्ठी के विषय पर चर्चाओं में सक्रिय रूप से भाग लिया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए बजट को समझने और उसकी सामाजिक-आर्थिक प्रभावों पर विचार करने का एक महत्वपूर्ण अवसर रहा।

## गगरेट क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही : कालिया


**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश के गगरेट विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को तेजी से पूरा किया जा रहा है। गगरेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक राकेश कालिया ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ग को समान दृष्टि से कार्यों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि गगरेट विधानसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है, जिसके तहत भंजाल में 5 मेगावाट सौर परियोजना को मुख्यमंत्री द्वारा उद्घाटन किया गया है। इसके अलावा, पानी और सिंचाई की समस्या को दूर करने के लिए नलकूप लगवाए गए हैं और लंबित पड़े संपर्क मार्गों को सड़क से जोड़ने के लिए विशेष अभियान के तहत सड़कों का निर्माण किया जा रहा है।

# आवारा कुत्तों के लिए निशुल्क रेबीज टीकाकरण अभियान कल

**अनंत ज्ञान, अंब**

जिले में गर्मी के मौसम ने दस्तक देनी शुरू कर दी है। मौसम के शबाब पर पहुंचते ही पालतू व आवारा कुत्तों में रेबीज की बीमारी फैलने शुरू हो जाती है जो कि आम जनमानस के लिए बड़ी समस्या के रूप सामने आती है। इसी को ध्यान में रखते हुए सीजन शुरू होने से पहले ही कुत्तों में फैलने वाली इस पागलपन और रेबीज की बीमारी को रोकने के लिए नगर पंचायत अंब ने कवायद शुरू कर दी है।



इसके लिए नगर पंचायत द्वारा पशुपालन विभाग के साथ मिल कर 18 फरवरी को एक निशुल्क रेबीज टीकाकरण कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक वेटरनरी हॉस्पिटल अंब में पालतू व आवारा कुत्तों का निशुल्क टीकाकरण किया जाएगा। नगर पंचायत ने इसके लिए लोगों को जागरूक करने के लिए सोशल मीडिया पर भी मुहिम छेड़ दी है। उन्होंने नगरवासियों से इस जागरूकता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने व अपने पालतू कुत्तों को स्वयं पशु अस्पताल लाकर टीकाकरण करवाने की अपील की है।

इस संदर्भ में बात करते हुए नगर पंचायत अंब की चेयरपर्सन इंदू धीमान ने बताया कि गर्मियों के मौसम में कुत्तों में पागलपन के कई मामले सामने आती है। नगर पंचायत के पास डॉग कैचर की कोई व्यवस्था नहीं है, इसी के चलते इस बीमारी से बचने के लिए पशुपालन विभाग के साथ मिलकर यह एहतियाती कदम उठाया जा रहा है। नगर पंचायत इस में नगर वासियों से पूर्ण सहयोग की उम्मीद करती है।

**आयोजन** दोनों टीमों को मिले बराबर अंक, विजय और आर्यावर्त ने लगाया शतक

# बिलासपुर और कुल्लू के बीच मैच बिना किसी नतीजे के हुआ समाप्त

**संजीव पुरी, ऊना**



जिला स्तरीय सीनियर तीन दिवसीय प्रतियोगिता के तहत कुल्लू का मुकाबला बिलासपुर के साथ आरंभ हुआ था, जिसमें कुल्लू ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में चार विकेट खोकर 530 रन बनाए और अपनी पारी को घोषित कर दिया।

इसमें कुल्लू के बल्लेबाज विजय ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 186 रन बनाए, अपनी पारी में 22 चौके लगाए, सागर मलहान ने 88 रन बनाए, अपनी पारी में 8 चौके, 4 सिक्सर लगाए, घनश्याम ने 62 रन बनाए और अपनी पारी में 3 चौके लगाए, अभिनंदन ने नाबाद 86 रन बनाए, दक्ष नारायण ने 83 रन बनाए।

बिलासपुर के गेंदबाज अनिकेत भारद्वाज ने 2 खिलाड़ियों को आउट किया, रोहित ठाकुर और संचित शर्मा ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। बिलासपुर के बल्लेबाज अरनव भारद्वाज ने 22 रन बनाए, संचित शर्मा 41 नाबाद रन बनाए। आदित्य कटारिया ने 46 रन बनाए, आर्यावर्त शर्मा ने शतक लगाया और टीम के लिए 116 रन का योगदान दिया और अपनी पारी में 11 चौके और एक छक्का लगाया। दिग्विजय सिंह ने 61 रन बनाए। दक्ष नारायण ने 2 खिलाड़ियों को आउट किया, जबकि सुशांत सिंह ठाकुर ने भी 2 खिलाड़ियों को आउट किया।

शिवांश कपूर ने 1 खिलाड़ियों को आउट किया, यशोदन ने 2 खिलाड़ियों को आउट किया, जबकि बिलासपुर के दो खिलाड़ी रन आउट हुए। बिलासपुर की टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 9 विकेट पर 350 रन बनाए। मैच में पहली इवनिंग समाप्त होने के कारण मैच बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गया। दोनों टीमों को बराबर अंक बांटे गए।

## पंजावर में जांचा ग्रामीणों का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पंजावर में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के तहत निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 69 ग्रामीणों की जांच की गई। शिविर में 6 मरीज हाई बीपी, 5 शुगर और 15 जोड़ों के दर्द से पीड़ित पाए गए। आशा वर्करों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से शिविर सफल रहा। ग्रामीणों ने सांसद अनुराग ठाकुर की इस पहल की सराहना की, जिससे लोगों को घर के पास ही बेहतरीन इलाज मिल रहा है।

## घर-घर जगाएंगे स्वच्छता की अलख

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** नगर पंचायत गगरेट को स्वच्छ व समृद्ध बनाने के लिए नगर पंचायत गगरेट के समस्त पार्षद व कर्मचारी अब घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे।

# गोसेवा से ही मानव के जीवन में सुख-समृद्धि आती है : सुरेश

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**



क्षेत्र के गोंदपुर बनेहड़ा के श्री राधे कृष्ण मंदिर में आयोजित दिव्य गो भागवत कथा का आज विधिवत एवं भक्तिमय समापन हो गया। 14 से 16 फरवरी तक चली इस पावन कथा में श्री चंद्रकान्त जी महाराज, गोसेवा प्रमुख, पंजाब ने श्रद्धालुओं को गोमाता के महत्व, भक्ति, सेवा और सनातन संस्कृति का दिव्य संदेश दिया। विशेषकर पंच बिंदुओं समरसता, पर्यावरण रक्षा, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्यों के बारे समझाया। समापन दिवस पर भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था।

चंद्रकांत जी महाराज के ओजस्वी वचनों और मधुर भजनों ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। 'गाय हमारी माता है, यह स्वर्ग से भी पावन नाता है' जैसे भजन सुनकर श्रद्धालु भक्ति रस में डूब गए। पूरे पंडाल में 'राधेकृष्ण', 'गोमाता की जय' के जयघोष गूंज उठे। कथा समापन के अवसर पर हवन-पूजन और महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें सभी भक्तों ने पूर्ण आस्था के साथ भाग लिया। गोमाता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रधान सुरेश पंडित ने कहा कि गोसेवा से ही जीवन में सुख-समृद्धि आती है। उन्होंने सभी को गोरक्षा और सेवा का संकल्प दिलाया।

कथा के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। आयोजन समिति के महेश शर्मा ने बताया कि पूरे क्षेत्र में इस कथा का भक्तिमय प्रभाव लंबे समय तक स्मरणीय रहेगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया और गोसेवा का संदेश फैलाने का आग्रह किया।

इस अवसर पर विभाग गोसेवा प्रमुख नंद किशोर, विभाग बौद्धिक प्रमुख, शिवनाथ, खंड गगरेट संघचालक शिव कुमार, जिला पार्षद सुशील कालिया, भाजपा नेता एवं समाजसेवी विश्वजीत पटियाल, रोपड़ से सुरेश कुमार एवं संजीव कुमार सहित भारी संख्या में गांववासी उपस्थित रहे।

## बाइंडिंग मशीन अटेंडेंट के मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग में बाइंडिंग मशीन अटेंडेंट के 3 पद भरे जाएंगे। इन पदों में ओबीसी श्रेणी में 1 पद, सामान्य श्रेणी में 1 पद और ईडब्ल्यूएस श्रेणी का 1 पद शामिल है। बाइंडिंग मशीन अटेंडेंट पद हेतु आवेदन करने के लिए विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर फॉर्म उपलब्ध है।

जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि बाइंडिंग मशीन अटेंडेंट पद के लिए शैक्षणिक योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड से आठवीं पास और आयु सीमा 18 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि योग्य व इच्छुक अभ्यर्थी 27 फरवरी सायं 5 बजे तक अपने फॉर्म मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग हिमाचल प्रदेश में जमा करवा सकते हैं।

# बैरागी समुदाय ब्रज के होली गीत गाकर कर रहा परंपरा का निर्वहन

## कुल्लू में बसंत पंचमी से होली तक हर साल होती है होली गीतों की धूम

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

कुल्लू में इन दिनों होली पर्व की खूब धूम है। बैरागी समुदाय के लोग होली के पारंपरिक गीतों को गा रहे हैं।

रोजाना जहां पहले शाम के समय रघुनाथपुर स्थित भगवान रघुनाथ जी के मंदिर में पूजा-अर्चना होती है। वहीं, बड़ों के चरणों में गुलाल फेंककर छोटे आशीर्वाद लेते हैं। वहीं, अन्य लोग भी एक-दूसरे को रंग लगाते हैं। उसके बाद बैरागी समुदाय के लोगों की मंडली शहर में जहां-जहां होली के कार्यक्रम होते हैं, वहां पर होली गीतों का गायन होता है। इसी कड़ी में गत रात को कुल्लू के हनुमानीबाग स्थित भगवान नरसिंह के मंदिर में बैरागी समुदाय की ओर से होली संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया,



जिसका मुख्य आकर्षण बैरागी समुदाय द्वारा ब्रज की होली गीत रहे। इस मौके पर होली मंडली कवर जनकपुर आए, शिवके मन मान, रघुनदन खेले होले सहित अन्य पारंपरिक होली के गीत गाए। कुल्लू में बसंत पंचमी से लेकर होली तक 40 दिनों तक होली मनाई जाती है और पारंपरिक ब्रज के होली गीतों का गायन करते हैं। बैरागी समुदाय के लोगों द्वारा मनाई जाने वाली यह होली कई मायनों में बेहद खास है और इस परंपरा के निर्वहन में आपसी रिश्तों की अहमियत भी बहुत मायने रखती है।

इसमें खास बात ये है कि ब्रज की भाषा में जो होली के गीत वृंदावन में सुने जा सकते हैं उसे वृंदावन के बाद सिर्फ कुल्लू में ही सुना और महसूस किया जा सकता है।

कुल्लू में बैरागी समुदाय के लोग अलग-अलग टोलियों में हंसते गाते होली के गीत गा रहे हैं। इसी कड़ी में इस बार भी कुल्लू के सुल्तानपुर में स्थित भगवान रघुनाथ मंदिर में भी इन दिनों होली के पारंपरिक गीतों का गायन हो रहा है। (अनंत ज्ञान)



# फोजल धारा के रूंगा में पहाड़ गिरने से गाड़ियों को भारी नुकसान

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

जिला कुल्लू के गांव रूंगा में पहाड़ गिरने से गाड़ियों को भारी नुकसान हुआ है। सड़क के अंतिम छोर पर गत रात करीब 11.30 बजे पहाड़ी से बड़ी-बड़ी चट्टानें गिरी, जिससे 4 वाहन उसकी चपेट में आ गए। फोजल धारा रूंगा सड़क के अंतिम स्थान पर यह हादसा पेश आया है।

इस स्थान तक ही छोटे वाहन आते हैं व स्थान खुला होने के कारण ग्रामीण अपने वाहन यहां खड़े करते हैं। गत शाम भी कुछ वाहन यहां खड़े थे, जो बड़ी-बड़ी चट्टानों की चपेट में आ गए। वार्ड नंबर-3 के वार्ड सदस्य राज कुमार ने हादसे की सूचना पंचायत प्रधान रामनाथ कान्हा को फोन के माध्यम से दी। प्रधान ने बताया कि गत रात्रि के समय करीब 11:30 बजे यह हादसा हुआ। वहीं, रविवार दोपहर करीब 12.30 बजे एक बार फिर पहाड़ी से चटाने गिरी। सुबह होते ही सभी लोगों ने मौके पर देखा, तो वहां पर गाड़ियों को बहुत क्षति पहुंची थी। उन्होंने कहा कि हादसे में कोई भी जानी नुकसान नहीं हुआ है, मगर गाड़ियों को क्षति पहुंची है, जिसमें बृजलाल पुत्र वीर चंद और संगत राम पुत्र तेजराम व राजकुमार पुत्र प्रेमचंद वीर सिंह पुत्र गोविंद राम गांव रूंगा की गाड़ियों को नुकसान पहुंचा है, जिसमें ज्यादा नुकसान बृजलाल की गाड़ी को हुआ है।

उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग को सड़क ठीक करने का आग्रह किया गया था। वहीं, विभाग ने मुस्तैदी दिखाते हुए सड़क को क्लियर कर दिया है। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग का आभार प्रकट किया है। वहीं, मामले की शिकायत पुलिस थाना पतलीकूहल को भी दे दी गई है।

# नशा तस्करी में पकड़े गए तो बंद होगी पंचायत से मिलने वाली सुविधा

**अनंत ज्ञान मनाली/केलांग**

ग्राम पंचायत शनाग में नशा तस्करों को पनाह देने और नशा तस्करी करने वालों को पंचायत से मिलने वाली सुविधाओं से वंचित किया जाएगा।

नशा तस्करों के खिलाफ पंचायत शनाग सतर्क हो गई है। पंचायत ने ग्रामीणों से संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने का आग्रह किया है। रविवार को प्रस्ताव पारित कर सरकार ने सभी मकान मालिकों, दुकानदारों व ढाबे संचालकों को आदेश दिए कि वे अपने कामगारों का आधार कार्ड व ब्यौरा अपने पास रख लें और पंचायत को भी इसकी विस्तृत जानकारी दें। नशा तस्करी से जुड़े लोगों को पंचायत की तरफ से मिलने वाली सुविधाओं से वंचित किया जाएगा। ग्राम पंचायत प्रधान रोशन लाल ने बताया कि चिट्टा तस्करों पर शिकंजा कसा जाएगा। उन्होंने बताया कि चिट्टा तस्करों की जानकारी देने वाले व्यक्ति को 5000 ईनाम दिया जाएगा।

### एक लाख रुपए जुर्माना

**चिढ़ा,** चरस व अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से युवा पीढ़ी को बचाने के लिए, महिला मंडल थिरोट ने सराहनीय पहल की है। थिरोट पंचायत में नशा बेचते या करते हुए अगर कोई पकड़ा गया, तो उसे महिला मंडल की ओर से एक लाख जुर्माना किया जाएगा। साथ ही पुलिस में भी मामला दर्ज किया जाएगा। थिरोट महिला मंडल ने इस संबंध में प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया है। नशे पर अंकुश लगाने में महिलाओं की यह पहल कारगर साबित होगी। इससे पहले भी थिरोट महिला मंडल ने अवैध वन कटान रोकने का बीड़ा उठाया था। इसके चलते महिला मंडल को 10 हजार रुपए के पुरस्कार की राशि भी मिली थी। थिरोट महिला मंडल की प्रधान राम देवी व उपप्रधान एवं वार्ड पंच संतोष ने कहा कि लाहौल-स्पीति में चरस, चिट्टा आदि नशा अपने पांव न पसारे, इसी मकसद से थिरोट महिला मंडल ने यह पहल की है। पुलिस उपअधीक्षक केलांग राज कुमार ने थिरोट महिला मंडल की पहल की सराहना की है। उन्होंने कहा कि जागरूकता से ही नशे को रोका जा सकता है।

# हरीश शर्मा बने हिमाचल कराटे संघ के कोषाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू जिला कराटे संघ के महासचिव सेंसई हरीश शर्मा को एक बार फिर से कराटे एसोसिएशन ऑफ हिमाचल प्रदेश का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

वहीं कुल्लू से ही संबंध रखने वाले सोनू कुमार को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। सनद रहे कि बैजनाथ जिला कांगड़ा में कराटे एसोसिएशन ऑफ हिमाचल प्रदेश की गवर्निंग बॉडी के चुनाव सफलतापूर्वक आयोजित हुए। यह चुनाव व बैठक बैजनाथ व्यापर मंडल के अध्यक्ष मनोज कपूर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। चुनाव प्रक्रिया को युवा सेवाएं और खेल परिषद के पर्यवेक्षक सनी कुमार, युवा संगठक, राष्ट्रीय कराटे महासंघ कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के नियुक्त पर्यवेक्षक राजेश कुमार और कराटे एसोसिएशन ऑफ हिमाचल प्रदेश के रिटर्निंग ऑफिसर, अधिवक्ता विनोद





सगवाल की देखरेख में संपन्न किया गया। कराटे एसोसिएशन ऑफ हिमाचल प्रदेश से संबंद्ध नौ जिला संघों के सदस्यों ने चुनाव प्रक्रिया में भाग लिया।

हेंशी जनक राज जंबाल को कराटे एसोसिएशन ऑफ हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया, ताकि वे संघ के कार्यों की देखरेख कर सकें और राष्ट्रीय कराटे महासंघ के साथ समन्वय स्थापित कर सकें। इसके अतिरिक्त पवन ठाकुर को कराटे एसोसिएशन ऑफ हिमाचल प्रदेश का मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया। चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी और लोकतांत्रिक तरीके से आयोजित की गई, जिसके परिणामस्वरूप 2025-2027 कार्यकाल के लिए, डॉ. संदीप कुमार (सोलन) को अध्यक्ष पीएस पंवार (शिमला) से वरिष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष, मनोज कुमार (बिलासपुर) व दिनेश कुमार (मंडी) को उपाध्यक्ष दामन जंवाल (कांगड़ा) से महासचिव, दिग्विजय सिंह चंदेल (पांवटा, सिरमौर) व हंसराज (मंडी) से संयुक्त सचिव, हरीश शर्मा (कुल्लू) को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा सोनू कुमार (कुल्लू), विपिन कुमार (चंबा) व संजीव कुमार (हमीरपुर) से कार्यकारी सदस्य चुने गए। हरीश शर्मा व सोनू कुमार ने प्रदेश कराटे संघ के अध्यक्ष हेंशी जनक राज जंबाल व अपने सभी सहयोगियों का आभार जताया और कराटे संघ कुल्लू के सभी पदाधिकारियों ने इनकी नियुक्ति पर खुशी जाहिर की।

# मोहिनी पंचायत में 173 लोगों का जांचा स्वास्थ्य, 345 किए टेस्ट

**अनंत ज्ञान, बंजार**

हंस फाउंडेशन द्वारा मोहिनी पंचायत में चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर कान, नाक, गला, महिला रोग और सामान्य रोग विशेषज्ञों द्वारा 173 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई, जबकि 345 टेस्ट किए गए।

पंचायत के लोगों ने इस शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शिविर का लाभ उठाया। इस शिविर में महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. पल्लवी शर्मा द्वारा महिलाओं की जांच की गई और उनकी परेशानियों के समाधान के साथ उनकी जीवन शैली को बदलने तथा खानपान का विशेष तौर पर ध्यान रखने की सलाह दी। इसके साथ ही ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. वरुण द्वारा गले, कान और नाक की जांच भी की गई। सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. चेतन और डॉ. विजय कुमार द्वारा सामान्य जांच के साथ में लोगों को व्यायाम करने के साथ पौष्टिक और संतुलित आहार के लाभ बताए। इस शिविर को सफल बनाने में पंचायत प्रधान लाल चंद चौहान का भरपूर सहयोग मिला। प्रधान द्वारा द हंस फाउंडेशन का धन्यवाद किया गया साथ में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर आशा जताई कि समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएं और लोगों को जागरूक किया जाए। इस शिविर को सफल बनाने में द हंस फाउंडेशन के कार्यकर्ता सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अमरदीप सिंह, कृति, अजय शर्मा, एलटी जगदीश चंद, चरण जीत, सौरव ठाकुर, अक्षय कुमार, फार्मासिस्ट नीलम, अजय कुमार आदि मौजूद रहे।



# कुल्लू व लाहौल-स्पीति की चोटियों में हल्की बर्फबारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

शीतमरुस्थल जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति और कुल्लू में रविवार को मौसम ने एक बार फिर करवट बदली। दोनों जिलों में जहां दिनभर आसमान पर बादल छाए रहे।

वहीं, जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की ऊंची चोटियों सहित कुल्लू की ऊंची चोटियों में भी बर्फ के फाहे गिरे और निचले क्षेत्रों में दिनभर आसमान में बादल छाए रहे। इससे तापमान में भी भारी गिरावट दर्ज की गई है। लाहौल घाटी में सुबह से बादल छाए हुए थे और दोपहर बाद चोटियों पर अचानक फाहे गिरना शुरू हुए, जो शाम तक जारी रहे। मौसम में आए बदलाव से रोहतांग दर्रा के साथ लाहौल और कुल्लू के ऊंचे इलाकों में सुबह के समय ताजा बर्फबारी हुई। वहीं, मौसम विभाग के अनुसार 18 और 21 फरवरी को लाहौल-स्पीति सहित किन्नौर के अलावा चंबा के ऊंचे इलाकों में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश-बर्फबारी हो सकती है।

# आग लगने से 10 लाख की संपत्ति राख

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** रविवार को नथान गांव में अचानक मोहन लाल के मकान में आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही पतलीकूहल अग्निशमन चौकी से दस्ता आग पर काबू पाने के लिए रवाना हुआ। अग्निशमन के दस्ते ने आग पर स्थानीय लोगों के साथ काबू पाया। मकान में लकड़ी के अधिक होने के कारण आग पर काफी मशक्कत के बाद काबू पाया जा सका। गनीमत रहा की आग दिन को लगी, जिससे किसी को भी जानी नुकसान नहीं पहुंचा। अग्निशमन चौकी पतलीकूहल के अधिकारी सूरज भारद्वाज ने बताया कि चौकी में सुबह 10 बजकर 20 मिनट पर दूरभाष पर नथान गांव के एक मकान में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। आग बुझाने के लिए उन्होंने तुरंत अपनी टीम को मौके के लिए रवाना किया। आग से लगभग 10 लाख रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ और लगभग एक करोड़ की संपत्ति को बचाया गया है।

# कुल्लू बस अड्डे में 100 लोगों ने करवाई नेत्र जांच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बस अड्डा कुल्लू (कुल्लू सेंट्रल मॉल) में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। सीएसए इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड के कुल्लू सेंट्रल के प्रोजेक्ट हेड दीक्षित मल्होत्रा के नेतृत्व में यह पहल सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से स्थानीय समुदाय की भलाई में सुधार करने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

शिविर का शुभारंभ जिला परिषद अध्यक्ष कुल्लू पंकज परमार ने किया। प्रोजेक्ट हेड, कुल्लू सेंट्रल, सीएसए इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड दीक्षित मल्होत्रा ने बताया कि 100 व्यक्तियों ने आंखों की जांच के लिए शिविर में पंजीकरण करवाया और ऑप्टोमेट्रिस्ट की एक समर्पित टीम ने विस्तृत जांच की। अपवर्तक त्रुटियों के 40 मामलों का पता लगाया गया और जरूरतमंद लोगों को मुफ्त चश्मे प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त लगभग 100 व्यक्तियों को विभिन्न नेत्र स्थितियों के इलाज के लिए मुफ्त दवाएं मिलीं, जिससे सभी के लिए बेहतर दृष्टि देखभाल सुनिश्चित हुई। कुल्लू के लिए सीएसए इंफ्राटेक का विजन बुनियादी ढांचे के विकास से परे, सीएसए इंफ्राटेक प्रा. लिमिटेड कुल्लू में रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध है। वर्तमान में लगभग 150 व्यक्ति विभिन्न स्तरों पर कार्यरत हैं। कंपनी न केवल आर्थिक विकास, बल्कि समुदाय के लिए जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने में भी विश्वास रखती है। उन्होंने बताया कि हालही में कंपनी ने चिकित्सा आपात स्थितियों में सहायता के लिए स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करते हुए एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया है।

# एनसीसी कैडेट ने पटियाला में सीखे एयरक्राफ्ट फ्लाइंग गुर

**अनंत ज्ञान, सैंज।** शिक्षा खंड सैंज के पीएमश्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सैंज के एनसीसी कैडेट ने विद्यालय के इतिहास में उपलब्धि का एक नया अध्याय जोड़ दिया है।

दो दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान विद्यालय के नन्हें पायलटों ने एनसीसी के फ्लाइंग ट्रैनिंग के दौरान जहाज उड़ाने का प्रशिक्षण हासिल किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार महाजन ने बताया कि एनसीसी यूनिट नंबर-एक एचपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर में स्कूल के तीन विद्यार्थी कैडेट सार्जेंट सुदर्शन नेगी, कैडेट प्रिया देवी व गायत्री ठाकुर ने भाग लिया तथा शानदार प्रदर्शन के साथ जहाज उड़ाने का अनुभव लिया। फ्लाइंग प्रशिक्षण से लौटे विद्यार्थियों का स्कूल पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उधर स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सोहनलाल ठाकुर ने बताया कि पीएमश्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल सैंज में विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य विभिन्न गतिविधियों के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है।

# वार्षिक गेट-टु गेदर 'शागुण' पिरडी में धूमधाम से मनाया



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

लाहौल-स्पीति शैक्षणिक मंच कुल्लू द्वारा वार्षिक गेट-टु गेदर शागुण का रविवार को कुल्लू स्थित सिटी चांइस होटल पिरडी में धूमधाम से आयोजन किया गया।

इस अवसर पर लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच के प्रधान सतपाल ने मुख्यातिथि सहित सभी उपस्थित गणमान्य सदस्यों का पारंपरिक अंदाज में स्वागत कर आयोजन की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और शैक्षणिक गतिविधियों की मनोहक झलकियां देखने को मिलीं, जिसमें मंच के सदस्यों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लिया। यह आयोजन केवल एक मिलन समारोह नहीं था, बल्कि इसका उद्देश्य मंच के सदस्यों को आपस में जोड़ना, उनकी उपलब्धियों का सम्मान करना और शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति को प्रेरित करना था।

मंच के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों के सहयोग एवं सहभागिता से यह कार्यक्रम अत्यंत सफल और यादगार बन गया। इस अवसर पर मंच की ओर से सभी उपस्थित जनों को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

# श्याम लाल हांडा को एक बार फिर टीचर होम कमेटी की कमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू के ढालपुर स्थित अटल सदन में रविवार को टीचर होम कमेटी की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी का गठन 2025-2030 तक के लिए किया गया।



चुनाव प्रकिया को सफल बनाने के लिए इलेक्शन कानूनगो उमेद नेगी की अध्यक्षता में चुनाव प्रभारी मनोहर लाल ठाकुर सेवानिवृत्त एडीपीओ, दयाल ठाकुर सेवानिवृत्त जेबीटी व प्रधानाचार्य धीरज सागर ने अपनी भूमिका सुनिश्चित की। सर्वप्रथम पूर्व कार्यकारिणी ने अपने विचार सभी के साथ साझा किए। टीचर होम कमेटी को इस मुकाम तक पहुंचाने में सभी साथियों का धन्यवाद किया गया। इसके बाद टीचर होम कमेटी की चुनाव प्रकिया को शुरू किया गया। इलेक्शन कानूनगो उमेद नेगी ने सबसे पहले टीचर होम कमेटी की कार्यशैली की सराहना की। इलेक्शन प्रक्रिया को शुरू करते हुए मनोहर लाल ने अध्यक्ष पद के लिए नाम मांगे। अध्यक्ष पद के लिए श्याम लाल हांडा का नाम पूर्व सचिव करतार ठाकुर ने प्रस्तुत किया और अन्य साथियों ने उनका समर्थन किया।

इस तरह श्याम लाल हांडा को पुनः अध्यक्ष चुना गया। इसके बाद महासचिव पद के लिए करतार ठाकुर ने रविंद्र ठाकुर का नाम प्रस्तुत किया और अन्य साथियों ने समर्थन किया। इस तरह रविंद्र ठाकुर को महासचिव के लिए चुना गया। धर्मेंद्र ठाकुर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया, जबकि जीत राम राणा को कोषाध्यक्ष एवं टेढ़ी सिंह को महा लेखाकार चुना गया। इसके बाद पूरी सभा ने करतार ठाकुर को स्थायी सचिव के लिए सर्वसम्मति से चुना। उसके बाद पूरे हाउस ने नई कार्यकारिणी को विस्तार करने के लिए अधिकृत किया। नवनियुक्त अध्यक्ष श्याम लाल हांडा ने कहा कि टीचर होम कमेटी ने जिला कुल्लू के साथ-साथ पूरे प्रदेश के बच्चों को उचित मंच देने का वादा किया। आजकल कमेटी के सदस्य नवोदय विद्यालय 6वीं कक्षा प्रवेश परीक्षा के लिए निशुल्क कोचिंग प्रदान कर रहे हैं। आगे भी इस तरह के अन्य प्रोग्राम के बारे में अवगत करवाया जाएगा। इसके साथ अपना विद्यालय (स्कूल एडॉप्शन) के हिमाचल सरकार के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए टीचर होम कमेटी अपना पूरा योगदान करेगी।

# कुल्लू गैमन पुल से मनाली तक एनएच-3 पर किया जाएगा निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

प्रदेश सरकार की ओर से कुल्लू गैमन पुल से मनाली तक एनएच-3 पर आज टीम निरीक्षण करेगी। इस टीम की अध्यक्षता एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला करेंगे, जबकि एनएचएआई की टीम भी इस दौरान मौजूद रहेगी। टोल प्लाजा संघर्ष समिति ने अपने सभी पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों से आग्रह किया कि वे आज सुबह 11 बजे अपने अपने क्षेत्र में होने वाले संयुक्त निरीक्षण में शामिल हों।

यह निरीक्षण हिमाचल सरकार के निर्देशानुसार कुल्लू गैमन पुल से मनाली तक एनएच-3 पर किया जाएगा। टोल प्लाजा संघर्ष समिति के अध्यक्ष राजगीर महंत ने कहा कि इस निरीक्षण का उद्देश्य एनएच-3 पर मौजूद खामियों को दुरुस्त करना है। यह निरीक्षण एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला की अध्यक्षता में होगा, जिसमें एनएचएआई के अधिकारी भी भाग लेंगे। मनाली विधानसभा के विधायक भुवनेश्वर गौड़ भी विशेष रूप से इस निरीक्षण में शामिल होंगे। उन्होंने सभी पंचायतों के प्रतिनिधियों और संगठनों के पदाधिकारियों से आग्रह किया है कि वे इस निरीक्षण

### टोल प्लाजा के संदर्भ में प्रशासन व सरकार के पास सभी संगठन विरोध जता चुके

में अवश्य भाग लें, ताकि वे अपनी आपत्तियां दर्ज करवा सकें। डोहलू नाला टोल प्लाजा का विरोध इससे पहले भी कई संगठनों द्वारा किया जा चुका है। महंत ने बताया कि इस टोल प्लाजा को किसी भी सूरत में लगाने नहीं दिया जाएगा क्योंकि अपर कुल्लू की यहां बड़ी सब्जी मंडी बंदरोल है, जहां स्थानीय लोग सीजन के दौरान अपने फल सब्जियों को लेकर कई चक्कर लगाते हैं, जिससे किसानों व बागवानों को अपनी जेब ढीली करनी पड़ती है। इस टोल प्लाजा के संदर्भ में प्रशासन व हिमाचल सरकार को सभी संगठन अपना विरोध जता चुके हैं। होटल व्यवसाइयों का कहना है कि इससे पर्यटकों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पहले टकोली टोल प्लाजा फिर 48 किलोमीटर के बीच डोहलूनाला टोल प्लाजा फिर आलू ग्राउंड 11 किलोमीटर पर ग्रीन टैक्स देने से भारी परेशानी झेलनी पड़ती है।

**आयोजन** पलचान के पंचायत घर में पर्यटन कारोबारियों की बैठक आयोजित

# पर्यटन गतिविधियों के पैकज को करवाए बंद

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मनाली के पर्यटन स्थलों में काम करने वाले पर्यटन कारोबारियों ने भारी संख्या में एकत्रित होकर पैकेज सिस्टम को जड़ से उखाड़ने की मांग की। सभी ने एक आवाज में कहा कि पर्यटन गतिविधियों के पैकज को सरकार व प्रशासन जल्द बंद करवाए।

रविवार को पलचान के पंचायत घर में पर्यटन कारोबारियों ने बैठक का आयोजन किया, जिसमें पर्यटन से जुड़े हर कारोबारी ने भाग लिया। एटीवी बाइक, स्नो स्कूटर, जिप लाइन, फोटोग्राफर, स्की एंड ट्यूब, बंजी जंपिंग, जाइंट स्विंग ड्रेस जोरबिंग बाल व लोकल ड्रेस एसोसिएशन के अध्यक्षों ने अपने-अपने विचार रखे। बैठक में डेढ़ हजार से अधिक लोगों ने भाग लेकर रोष प्रकट किया। सभी ने सरकार व प्रशासन से आग्रह किया कि पैकेज सिस्टम जल्द बंद हो। लोगों की समस्या के समाधान को विधायक भुवनेश्वर गौड़ व एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा



सहित तहसीलदार अनिल राणा मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों को शांत किया और मिलजुल कर जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। पलचान प्रधान कौशल्या, बीडीसी रेशमा ठाकुर, बुरुआ प्रधान चूड़ामणि ठाकुर, पूर्व प्रधान देवी सिंह, पूर्व बीडीसी फतेह चंद ने भी पैकेज बंद करने का आग्रह किया। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि पर्यटकों को अतिथि देवो भव की तर्ज पर सेवाएं दें। विधायक ने कहा कि सरकार लोगों के साथ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने को हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि मिल जुलकर काम करें और पर्यटकों को बेहतरीन सेवाएं दें। उन्होंने कहा कि मनाली के पर्यटन स्थलों में पर्यटकों को बेहतरीन सुविधाएं देने के प्रयास किए जाएंगे। विधायक के आश्वासन के बाद लोग शांत हुए। बहरहाल, पर्यटन कारोबारियों की गत 16 दिनों से चले आ रही समस्या के समाधान की उम्मीद बढ़ गई है।

# दुआड़ा चौक पर बसें खड़ी होने से बढ़ रहा खतरा

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

दुआड़ा चौक पर कुल्लू व मनाली जाने वाली बसों के खड़े होने से हर पल दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग अधिकारियों से चौक से 50 मीटर आगे रेन शेल्टर बनाने की मांग की है, ताकि बसें पीछे खड़ी हों और दुर्घटना से बचा जा सके।





ग्रामीण हरी सिंह ठाकुर, चरण दास डोगरा, देव प्रकाश गोयल, घनश्याम कपूर, हरीश कपूर ने बताया कि इस बाबत एनएचएआई के अधिकारियों को भी पत्र लिखा गया है व मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ को भी अवगत करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि दुआड़ा चौक पर हर रोज हादसे होते रहते हैं, जिसका मुख्य कारण चौक पर बसें लगने से सामने से आने वाली गाड़ी का पता नहीं चलता, जो दुर्घटना का मुख्य कारण है। उन्होंने कहा कि यहां की जनता चौक पर एक पुलिस कर्मी की तैनाती व चौक पर चबूतरा बनाने का आह्वान भी करती रही है, लेकिन एनएचएआई द्वारा कोई सुनवाई नहीं हो पाई है। इस चौक से कुल्लू, मनाली सहित पुराना डोभी पुल, अप्पर दुआड़ा, व कटराई के लिए सड़कें जाती हैं, जिस कारण यहां दिन भर वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। अगर कुल्लू या मनाली की तरफ से बस आए तो ड्राइवर काफी देर तक बस चौक पर खड़ी रखते हैं, जिस कारण यहां जाम लगा रहता है। अगर चौक से आगे मनाली की तरफ रेन शेल्टर का निर्माण किया जाए, तो काफी हद तक जाम व दुर्घटनाओं से निजात मिल सकती है। रेन शेल्टर के बनने से दोनों तरफ की बसें इसी खुले स्थान पर रुकेंगी। (अनंत ज्ञान)

# सोलन के कथेड़ में शिलान्यास के 6 साल बाद भी ट्रांसपोर्ट नगर प्रोजेक्ट अधर में

**आर मोहन चौहान, सोलन**



परवाणू-सोलन फोरलेन से प्रभावित स्पेयर पार्ट, वर्कशॉप दुकानदारों और मैकेनिकों को सरकार और प्रशासन के आश्वासन के बावजूद आज तक स्थायी ठिकाना नहीं मिल पाया है इसलिए सोलन के कथेड़ में ट्रांसपोर्ट नगर की योजना तो बनी पर उपेक्षा के चलते इसका निर्माण शिलान्यास के 6 साल बाद भी अधर में है। अब फोरलेन प्रभावितों का सब्र टूटता जा रहा है।

विस्थापित दुकान मालिकों वाली मां दुर्गा मोटर मार्केट सोसायटी के प्रमुख धीरज सूद ने कहा कि मोटर मैकेनिकों को अब नौकरियां करने के लिए मजबूर होना पड़ा है क्योंकि वे नई दुकानें खोलने के लिए पर्याप्त जगह खोजने में विफल रहे हैं। ट्रांसपोर्ट नगर में देरी के चलते अब यह वर्ग बायपास सब्जी मंडी के पास खाली पड़ी जमीन में अस्थायी दुकानें खोलने की अनुमति मांग कर रहा है। इसके लिए यह वर्ग जल्द मुख्यमंत्री से मिलेगा। संचालन के लिए कोई एक जगह नहीं है और ग्राहकों को एक ही स्थान पर सभी सेवाएं नहीं मिल पाती हैं। इससे कारोबार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। सूद ने कहा कि प्रभावित होने के बाद बमुश्किल 50 प्रतिशत मैकेनिक ड्राइविंग जैसी नौकरियां कर अपना गुजारा कर पाते हैं। अन्य लोग जो ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए न्यूनतम योग्यता को पूरा नहीं करते हैं, वे छोटे-मोटे काम करके अपना जीवन यापन कर रहे हैं। राजमार्ग के चार लेन होने के बाद दुकानों के ऊंचे किराये ने उनकी दुर्दशा को और बढ़ा दिया है। एक मैकेनिक सड़क किनारे की दुकान के लिए मुश्किल से 15,000 से 20,000 रुपए का मासिक किराया वहन कर पा रहा है। ऐसे में यदि सरकार सब्जी मंडी के पास डंपिंग साइट के नजदीक अस्थायी ठिकाना दे तो फोरलेन से प्रभावित वर्ग को रोजगार मिलने के साथ वाहन मालिकों को एक ही स्थान पर मैकेनिक की सेवाएं मिल सकेंगी। (अनंत ज्ञान)



## 2018 में हुआ था शिलान्यास

**परियोजना** की आधारशिला अप्रैल-2018 में कथेड़ बाईपास पर पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर द्वारा रखी थी और मार्च 2021 में यहां नगर निकाय चुनाव से पहले 2 करोड़ रुपए की घोषणा की गई थी पर स्थानीय निकाय परियोजना में कोई प्रगति करने में विफल रही। एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट भी तैयार की गई और यह निर्णय लिया गया कि सोलन में कथेड़ बाईपास पर 15,417 वर्ग मीटर क्षेत्र में 135 शोरूम और 140 कार्यशालाएं बनाई जाएंगी। हालांकि, अधिकारियों ने धन की कमी को एक कारण बताते हुए परियोजना को निष्पादित करने से इनकार कर दिया। इसके बाद इसे परिवहन विभाग को और फिर यूडीडी को स्थानांतरित कर दिया गया, लेकिन इसे शुरू करने की पहल नहीं हुई।

## 21.22 करोड़ रुपए आएगी लागत

**शुरू** में शहरी विकास विभाग (यूडीडी) को परियोजना का निष्पादित करना था और इसकी लागत 21.22 करोड़ के करीब आंकी गई। प्रोजेक्ट रिपोर्ट के अनुसार सोलन में कथेड़ बाईपास पर 15,417 वर्ग मीटर क्षेत्र में इसके 135 शोरूम और 140 वर्कशॉप होंगी। इसका उद्देश्य चंबाघाट स्थित विस्थापित मोटर मैकेनिकों का पुनर्वास करना था, जो सोलन-शिमला राजमार्ग के चार लेन के कारण विस्थापित हो गए थे।

> **नगर** निगम सोलन की मेयर उषा शर्मा का कहना है कि इस मामले में पिछले दिनों सदन में भी बात हुई है। चयनित जगह पर लोगों ने डंपिंग जोन बना दिया है। इसे हटाने पर बहुत पैसा खर्च होगा। नगर निगम के पास इतना फाइनेंस नहीं है।

## ट्रांसपोर्ट नगर बनने से मिलेंगी सुविधाएं

**ट्रांसपोर्ट** नगर का उद्देश्य सोलन में फोरलेन से विस्थापित मोटर मैकेनिकों का पुनर्वास करने के साथ शहर की सड़कों पर पार्क वाहनों को उचित पार्किंग देना है। साथ ही जिनकी दुकानें चंबाघाट में सोलन-शिमला राजमार्ग को चार लेन बनाने के लिए अधिग्रहित हुई हैं उन्हें कारोबार के लिए स्थायी ठिकाना देना है पर सरकारें लंबे वादों के बावजूद इसे बनाने में अभी तक विफल रही हैं। ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण नहीं होने से हजारों की संख्या में छोटे-बड़े माल वाहक शहर की मुख्य सड़कों के किनारे पार्क हैं, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इससे वाहन दुर्घटना का भी अंदेशा रहता है।

# दयानिधि के संस्कृत विरोधी बयान की निंदा की

**अनंत ज्ञान, अर्की**

हिमाचल राजकीय संस्कृत शिक्षक परिषद के द्वारा संसद में डीएमके नेता दयानिधि मारन द्वारा संस्कृत भाषा के विरुद्ध दिए गए घिनौने और अपमानजनक बयान की कड़ी निंदा की है।

हिमाचल राजकीय संस्कृत शिक्षक परिषद के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. मनोज शैल, प्रदेश महासचिव डॉ. अमित शर्मा, वित्तसचिव सोहनलाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. सुशील शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. जंगछुब नेगी, रजनीश कुमार, राकेश कुमार, शांता कुमार, महिला संयोजिका अर्चना शर्मा, हमीरपुर के अध्यक्ष नरेश मलोटिया, सोलन के डॉ. कमलकांत गौतम, कांगड़ा के डॉ. अमनदीप शर्मा, ऊना के बलवीर चंद, मंडी के लोकपाल, सिरमौर के अध्यक्ष वेद पराशर, शिमला के अध्यक्ष संजय शर्मा, बिलासपुर के राजेंद्र शर्मा, कुल्लू के हेमलाल, चंबा के अमर सेन, लाहौल के सुरेश बोध एवं किन्नौर के अध्यक्ष फुंचोक नेगी ने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि संस्कृत भारत की ज्ञान-परंपरा की आत्मा है और इस भाषा का विरोध करना भारतीय संस्कृति, परंपरा एवं सभ्यता पर हमला करने के समान है। संस्कृत न केवल भारत की प्राचीनतम भाषा है, बल्कि वैश्विक स्तर पर ज्ञान- विज्ञान,



### हिमाचल राजकीय संस्कृत शिक्षक परिषद ने जताया एतराज

चिकित्सा, गणित, दर्शन, योग, आयुर्वेद, तकनीकी और साहित्य की आधारशिला रही है। संस्कृत को यूनेस्को सहित कई अंतरराष्ट्रीय संस्थानों ने सबसे वैज्ञानिक भाषा के रूप में मान्यता दी है। ऐसे में संसद में इस भाषा के खिलाफ अनर्गल टिप्पणी करना भारतीय अस्मिता और सांस्कृतिक धरोहर का घोर अपमान है। हिमाचल राजकीय संस्कृत शिक्षक परिषद ने संस्कृत भाषा के उत्थान और संरक्षण के लिए केंद्र सरकार तथा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार संस्कृत भाषा को नई शिक्षा नीति के अंतर्गत पुनर्जीवित करने और इसे मुख्यधारा में लाने के लिए ठोस कदम उठा रही है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा संसद में संस्कृत के प्रयोग को प्रोत्साहित करना, प्रश्न पूछने और उत्तर देने की अनुमति देना और संस्कृत के संवर्धन के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार करना अत्यंत सराहनीय है। इससे न केवल भारत के प्राचीन ग्रंथों और शास्त्रों की प्रासंगिकता बनी रहेगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी संस्कृत अध्ययन के प्रति प्रेरणा मिलेगी। संस्कृत शिक्षक परिषद ने स्पष्ट रूप से कहा कि संस्कृत विरोधी मानसिकता भारत विरोधी मानसिकता के समान है क्योंकि यह भाषा भारत की आध्यात्मिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक उन्नति का प्रतीक रही है। डीएमके नेता का यह बयान तुच्छ राजनीति लाभ के लिए भारतीय संस्कृति को कमजोर करने का प्रयास है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने सरकार से मांग की है कि संस्कृत भाषा का अनादर करने वाले लोगों के खिलाफ उचित कारवाई की जाए और भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए ठोस नीतियां बनाई जाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### सरकार की योजनाओं बारे किया जागरूक

**अनिल कुमार नेगी, रिकांगपिओ।** जिला कार्यक्रम कार्यालय महिला एवं बाल विकास द्वारा जनजातीय जिला किन्नौर के निचार विकासखंड की पंचायत छोटा कंबा के पंचायत घर में एकदिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस जागरूकता शिविर में वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा जनजातीय जिले के लोगों को विभिन्न कल्याणकारी नीतियों व योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान कर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम कार्यालय कर्मचारियों द्वारा ग्राम वासियों को इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना व मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत बच्चों को उनकी शिक्षा के लिए मिलने वाली विभिन्न तरह की आर्थिक सहायता के बारे में जागरूक किया गया। ग्रामवासियों को केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना व मिशन वात्सल्य तथा पोषण अभियान के बारे भी जागरूक किया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम कर्मचारी अनुराज, मीरा, आरजू, ईश्वर भक्ति वन स्टॉप सेंटर से दीपक तथा स्थानीय पंचायत जनप्रतिनिधियों सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थित रहीं। (अनंत ज्ञान)

### थैरेपीयूटिक शिविर में 50 दिव्यांगों की थैरेपी की

**अनंत ज्ञान, नाहन।** दो दिवसीय थैरेपीयूटिक कैंप का समापन जिला शिक्षा उपनिदेशक क्वालिटी एवं जिला परियोजना अधिकारी रीता गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने सभी दिव्यांग बालकों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा, जिसके अंदर किसी भी प्रकार की प्रतिभा है, उसकी प्रतिभा में कोई रुकावट नहीं आनी चाहिए। बच्चों की प्रतिभा को निखारने में हम पूर्ण सहयोग करेंगे। जिला शिक्षा उपनिदेशक हिमेंद्र बाली ने सभी को दिशा निर्देश दिए एवं समावेशी शिक्षा से जुड़ने पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि हर बच्चे में कोई न कोई प्रतिभा अवश्य होती है। विशिष्ट बालक प्रतिभाशाली बालक ही हैं। जिला समन्वयक आईईडी शिवानी थापा का एवं आईईडीएसएस डॉ. मुनेश शर्मा ने बताया कि समग्र शिक्षा सिरमौर द्वारा आयोजित थैरेपीयूटिक कैंप आज संपन्न हुआ। इस कैंप में लगभग 50 दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया, जिनकी थैरेपी डॉक्टर वाईएसपरमार मेडिकल कॉलेज से आए थैरेपिस्ट रॉकी चौधरी, आस्था स्कूल से नजिफ अहमद और आईजीएमसी शिमला से मिस अंकिता ने सभी बालों को थेरेपी दी।

### अप्रैल में होगा चूड़ेश्वर सेवा समिति का महा अधिवेशन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** चूड़ेश्वर सेवा समिति की केंद्रीय इकाई की बैठक रविवार को सोलन में प्रधान बीएम नैंटा की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन केंद्रीय समिति के महासचिव ग्यार सिंह नेगी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष बीएम नैंटा ने कहा कि इस बार का महाअधिवेशन 6 अपैल को सोलन में होगा। इसके आयोजन के लिए समिति की सोलन इकाई कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि समिति अब तक चूड़धार में व्यवस्था सुधार और मंदिर निर्माण के लिए कार्य कर रही थी। मंदिर निर्माण का कार्य शांत पर्व के बाद अब पूर्ण हो चुका है। अन्य विकास कार्य चलते रहेंगे। उन्होंने कहा कि अब प्रचार-प्रसार की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। कुपवी में सराय बनकर तैयार हो चुकी है और सराहां (चौपाल) में भी इस दिशा में कार्य किया जाएगा। साथ ही चूड़धार में टॉयलेट निर्माण पर भी चर्चा की गई।

### हॉरर उपन्यास 1911- खूनी तबाही हुआ प्रकाशित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन के थ्रिलर व हॉरर शैली के लेखक निखिल उप्रेती का नया हॉरर उपन्यास 1911-खूनी तबाही प्रकाशित हुआ है। इसमें सुमेरगढ़ की स्टोरी को दर्शाया गया है। यह उपन्यास अंग्रेजी भाषा में है। स्वाति सभरवाल एक युवा डॉक्टर के रूप में सेंट बर्नार्ड अस्पताल सुमेरगढ़ में शामिल होती हैं। डॉक्टर स्वाति अस्पताल के बाल चिकित्सा वार्ड में सेवा करना शुरू करती हैं, जिसे लगभग 100 वर्षों तक बंद रहने के बाद कुछ समय पहले फिर से खोला गया है।

# पुरुष वर्ग की शारीरिक परीक्षा में 242 सफल, 698 हुए फेल



**अनंत ज्ञान, नाहन**

पुलिस विभाग द्वारा आयोजित भर्ती प्रक्रिया के तहत जिला सिरमौर की पुलिस लाइन नाहन में महिला एवं पुरुष आरक्षी पदों के लिए शारीरिक प्रवीणता परीक्षा एवं शारीरिक माप-तौल (डंड) परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।

इसमें महिला वर्ग की परीक्षा खत्म होने पर पुरुष अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक प्रवीणता परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें 1200 अभ्यर्थियों को हिमाचल प्रदेशलोक सेवा आयोग द्वारा एडमिट कार्ड जारी किए गए थे। इनमें से 940 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि शेष अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसमें 242 अभ्यर्थी सफल रहे और 696 अभ्यर्थी असफल रहे। शारीरिक दक्षता परीक्षा के अंतर्गत उम्मीदवारों की दौड़, ऊंची कूद, लंबीकूद, बीम पुल-अप्स एवं शारीरिक माप-तौल (डंड परीक्षा) ली गई। पुरुष अभ्यर्थियों की यह परीक्षा 20 फरवरी तक आयोजित होगी।

## मजदूरों को सुरक्षा शपथ दिलाई

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर के उपमंडल संगड़ाह की 3 चूना खदानों पर खान सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। उपमंडल मुख्यालय संगड़ाह के साथ लगती वालिया माइन पर आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक दल सैंज के लोक कलाकारों ने नाटक व नाटियों के माध्यम से न केवल खदान मजदूरों का मनोरंजन किया, बल्कि खान सुरक्षा पर भी रोचक ढंग से जानकारी दी। इस दौरान खान सुरक्षा विभाग की टीम के संयोजक सुचित कुमार व सदस्य डीके सिन्हा तथा एस भूषण द्वारा मौजूद खदान मजदूरों को सुरक्षित खनन कार्य पर जानकारी दी और खनन कार्य के दौरान हेल्मेट, सेफ्टी बेल्ट, बूट व मास्क पहने का आग्रह किया गया। टीम द्वारा मजदूरों को सुरक्षा शपथ भी दिलाई गई। खान सुरक्षा विभाग की टीम के संयोजक सुचित कुमार ने बताया कि उपमंडल संगड़ाह की 3 चूना खदानों को लगाकर, अब तक सिरमौर की कुल 18 माइन पर सुरक्षा सप्ताह मनाया जा चुका है।

# युवक से 800 टैबलेट्स नशीली दवाइयां बरामद

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला पुलिस की एसआईयू की टीम धर्मपुर व परवाणू क्षेत्र में गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए रवाना थी तथा जब उक्त टीम परवाणू क्षेत्र के टीटीआर चौक पहुंची, तो उसी समय एक युवक जिसने अपनी पीठ पर एक पिट्ठू बैग लिया हुआ था।

वह लोगों की नजरों से छिपकर चल रहा था, जिस पर उक्त टीम को उसके ऊपर शक हुआ तथा उसे पूछताछ के लिए रोका गया। पूछताछ के दौरान उक्त युवक का नाम व पता कमल कुमार पुत्र रिखी राम निवासी डाकखाना घट्टी तहसील व जिला सोलन उम्र 31 वर्ष मालुम हुआ। उसके द्वारा उठाए पिट्ठू बैग की नियमानुसार तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से कुल 800 टैबलेट्स नशीली दवाइयां बरामद हुई, जिस बारे वह कोई भी वैध लाईसेंस/दस्तावेज पुलिस के समक्ष पेश न कर सका, जिस पर आरोपी के खिलाफ धारा 18 ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। उक्त आरोपी को आगामी कार्रवाई के लिए पकड़ी गई प्रतिबंधित दवाइयों सहित ड्रग निरीक्षक के हवाले किया जा रहा है। अभी तक की जांच में ये दवाइयां हरियाणा के जीरकपुर से लाई जानी मालूम हुई हैं। उक्त आरोपी के पूर्व अपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है।



### 4. 720 ग्राम चरस समेत नकदी पकड़ी, आरोपी गिरफतार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला पुलिस की एसआईयू टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सराहां के ढुंगा घाट में रेन शेल्टर में बैठे एक व्यक्ति के कब्जे से 4 किलो 720 ग्राम चरस बरामद की व टीम ने आरोपी से 19,700 नकदी भी पकड़ी। जिले के एएसपी योगेश रोल्टा ने बताया कि मामले में आरोपी राकेश उर्फ राहुल निवासी गांव भुजोड़ तहसील नोहराधार को हिरासत में लेकर आरोपी के खिलाफ एनडीपीसी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है व आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# 'वेद लोकनाट्य' का किया मंचन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

आसरा संस्था ने हाब्बी मान सिंह कला केंद्र, जालग में वेद लोकनाट्य का मंचन किया गया।

इस लोकनाट्य का प्रदर्शन संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार भारत रंग महोत्सव के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय दिल्ली के विश्व जन रंग के अंतर्गत किया गया। यह जानकारी आसरा संस्था के प्रभारी डॉ. जोगेंद्र हाब्बी ने प्रेस को जारी बयान में दी। यह लोकनाट्य विशेष रूप से भरत मुनि द्वारा रचित नाट्यशास्त्र के महत्व के बारे में प्रकाश डालता है। पांचवा वेद लोकनाट्य का मंचन करियाला शैली में किया गया। इस लोकनाट्य में ऋषिगण भरत मुनि से प्रश्न करते हैं कि जब हमारे पास चार वेद उपलब्ध थे और इन चारों वेदों में जगत का सारा रहस्य छिपा है और यह परिपूर्ण



है, तो पांचवा वेद बनाने की आवश्यकता क्यों पड़ी।

भरत मुनि कहते हैं कि मनुष्य को ज्ञान प्राप्त करने में सहूलियत हो इसी उद्देश्य से पंचम वेद अर्थात नाट्यशास्त्र की रचना की गई। चारों वेदों के अंगों को मिलाकर नाट्यशास्त्र का जन्म हुआ है। आज हम जो रंगमंच व लोकनाट्य देख रहे हैं, इसका आधार नाट्य शास्त्र ही है। नाटक और स्वांग एक ऐसा माध्यम है, जिसमें देखने और सुनने से एक साथ ज्ञान व शिक्षा मिलती है तथा इसके द्वारा समाज में फैली अच्छाई और बुराई की वास्तविक तस्वीर जनता के समक्ष रखी जा सकती है। इससे पथभ्रष्ट मनुष्यों को जीवन की सही राह दिखाई जा सकती है। पांजवा वेद लोकनाट्य का प्रदर्शन गुरु पद्मश्री विद्यानंद सरैक के मार्गदर्शन में तथा वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लोक कलाकार डॉ. जोगेंद्र हाब्बी के निर्देशन में किया गया।

## हिमाचल के लिए स्वर्ण पदक जीतकर लाना मेरा लक्ष्य : वीरेंद्र

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले के पैरा धावक वीरेंद्र सिंह, जो कि अभी हाल ही में शारजाहां में हुए मास्टर्स पैरा खेलों से एक स्वर्ण पदक व दो रजत पदक जीतकर लौटे थे, अब पैरा स्पोर्ट्स संघ की राष्ट्रीय प्रतियोगिता जोकि 17 से 20 तक चेन्नई में आयोजित होने जा रही है। उसमें भाग लेने के लिए नाहन से रवाना हुए। उनके साथ प्रदेश से अन्य धावक भी जा रहे हैं। जाने से पूर्व नाहन में मीडिया से रूबरू होते हुए वीरेंद्र ने बताया कि उनका लक्ष्य प्रदेश व जिले के लिए इस प्रतियोगिता से स्वर्ण जीतना है। उन्होंने कहा कि जिस मुकाम पर हूं ये कुल देवता महासू व माता-पिता की देन है। वो इन खेलों में तीन दोड़ों में भाग लेंगे और उम्मीद है कि स्वर्ण पदक जीतेंगे।

# कटोली व सनौरा में आज से आरंभ होंगे धार्मिक अनुष्ठान

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

विकासखंड राजगढ़ के तहत पड़ने वाले कटोली व सनौरा में आज से पुराण कथाओं का आरंभ होगा।

टिक्कर पंचायत के बधोरली क्षेत्र के प्राचीन शिव मंदिर कटोली में हर वर्ष की भांति इस बार शिवरात्रि के पावन अवसर पर एकादश दिवसीय शिव महापुराण भक्ति ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। शिव महापुराण का व्याख्यान वेदांत आचार्य रोशन लाल शर्मा द्वारा किया जाएगा कथा का समापन 27 फरवरी को शिव महा पुराण की कथा पूर्णाहुति के साथ विराम लेगी मंदिर कमेटी के सदस्य सुरेंद्र दत्त शर्मा ने बताया कि हर वर्ष शिव रात्रि के पावन अवसर पर कथा का आयोजन किया जाता है। इस बार भी शिव महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन भंडारे का आयोजन किया जाएगा और शिवरात्रि के पावन अवसर पर चार पहर की पूजा भी होग। 11 दिवसीय इस शिव महा पुराण में प्रतिदिन मूल पाठ, दैनिक पूजा, भजन-कीर्तन, कथा प्रवचन, आरती, महा प्रसाद वितरण व भड़ारे का आयोजन होता रहेगा। उधर, गिरीगंगा नदी के पावन तट पर पंच परमेश्वर मंदिर करगाणू सनौरा में आज से विष्णु पुराण महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस महापुराण का आयोजन 1008 शंभु भारती के पावन सानिध्य 108 जग मोहन भारती की अंनुकपा व ब्रह्म लीन मंहत 108 राजेश्वर भारती के शुभाशीष से किया जा रहा है। 11 दिवसीय इस विष्णु पुराण में आचार्य विजय भारद्वाज अपनी सुमधुर वाणी से भगवान विष्णु के अनेक रुपों की कथाओं का श्रवण करवाएंगे।

**समापन** — हनुमान बड़ोग में क्रिकेट प्रतियोगिता में महादेव सरयांज की टीम बनी विजेता, विधायक ने किए सम्मानित

# सरकार युवाओं को नशे से बचाने के लिए संकल्पबद्ध कर रही कार्य

**अनंत ज्ञान, सोलन/अर्की**

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए विभिन्न स्तरों पर संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है। संजय अवस्थी अर्की विधानसभा क्षेत्र की पंचायत हनुमान बड़ोग में बड़ोग प्रीमियम लीग (बीपीएल) संस्करण-5 क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे। यह खेलकूद प्रतियोगिता एक माह तक आयोजित की गई। इसमें 18 टीमों ने भाग लिया।

संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार जहां नशे के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई अमल में ला रही है। वहीं, विद्यालय स्तर से लेकर कॉलेज स्तर तक युवाओं को इस बुराई के विरुद्ध जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में प्रदेश सरकार को सभी युवाओं, अभिभावकों और अध्यापकों का साथ चाहिए, ताकि सभी एकजुट होकर नशे को समाप्त करने में सहायक बन सकें। उन्होंने कहा कि नशे से युवाओं को बचाने में खेल



क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता टीम महादेव सरयांज को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते अर्की के विधायक संजय अवस्थी।

सर्वोत्तम हैं। युवाओं को उनके शारीरिक विकास की ओर प्रेरित करने के लिए समय-समय पर खेलकूद प्रतियोगिताएं करवाना आवश्यक है। विधायक ने कहा कि एक अच्छा खिलाड़ी एक अच्छा नागरिक भी होता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू प्रदेश के युवाओं के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। युवाओं को खेल के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से सरकार ने खिलाड़ियों की डाइट मनी को 75 रुपए से बढ़ाकर 250 रुपए किया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक हासिल करने वाले खिलाड़ियों की इमान राशि में भी सरकार द्वारा ऐतिहासिक वृद्धि की गई है।

सरकार का प्रयास है कि युवाओं का शारीरिक व मानसिक विकास किया जाए तथा नशे से बचाव के लिए खेलों को अधिक से अधिक महत्व दिया जाए। उन्होंने कहा कि अर्की विधानसभा क्षेत्र में सभी लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सके इसके लिए यथा संभव प्रयास किए जा रहे हैं। नागरिक अस्पताल अर्की में बेहतर जांच सुविधा के लिए अल्ट्रासाउंड मशीन के लिए लगभग 50 लाख रुपए स्वीकृत किए जा चुके हैं और जल्द ही इसे अस्पताल में स्थापित किया जाएगा। संजय अवस्थी ने इस अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिताओं में विजेता टीम महादेव इलेवन सरयांज को 11 हजार रुपए व ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम बनिया देवी को 7100 रुपए व टॉफी देकर सम्मानित किया। उन्होंने हनुमान बडोग से मनलोग बडोग संपर्क मार्ग निर्माण के लिए 1 लाख रुपए, खेल मैदान बड़ोग के निर्माण कार्य के लिए 1 लाख रुपए, नेहरू युवा क्लब मनलोग बड़ोग को एक किक्रेट किट, युवक मंडल बड़ोग को उपकरण के लिए 15 हजार रुपए तथा आयोजन समिति बड़ोग को 21 हजार रुपए देने की घोषणा की।

उन्होंने महिला मंडल रनोह खालसा भवन निर्माण कार्य के लिए 1.5 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत हनुमान बड़ोग में 35 लाख रुपए की लागत से जल्द ही सिंचाई कुल्ह का निर्माण कार्य किया जाएगा। संजय अवस्थी ने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनीं और इनके जल्द निपटारे के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर पंचायत अर्की के अध्यक्ष अनुज गुप्ता, पंचायत हनुमान बड़ोग के उपप्रधान कर्मचंद, ग्राम पंचायत हनुमान बड़ोग के वार्ड सदस्य अशोक कुमार, कृष्ण चंद, कांता देवी, निशा देवी आदि मौजूद रहे।

# शिलाई हलके में खनन माफिया के कई मामले उजागर, नहीं हो रही कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, नाहन**

शिलाई विधानसभा के अंदर खनन माफिया के कई मामले उजागर हुए हैं, लेकिन मामलों में कोई ठोस कार्रवाई होती नजर नहीं आ रही है। क्षेत्र की जनता विधायक व सरकार में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान पर सवाल खड़े कर रही है।

मामला एनएच-707 के निर्माण कार्य के दौरान निकल रहे खनिज को अवैध रूप से चुना कंपनी को बेचने का मामला सामने आया है। सरकार का टैक्स चोरी करने का खनन माफिया ने नायाब तरीका ढूंढा है। लगभग पिछले एक साल से लगातार पेटी ठेकेदार लाइम स्टोन को अवैध तरीके से चुना कंपनियों को सप्लाई कर माफिया खूब चांदी कूट रहे हैं। माइनिंग विभाग और स्थानीय प्रशासन तो जैसे मूक दर्शक बना हुआ है। रोजाना दर्जनों ट्रक बिना माइनिंग वेरिफिकेशन के कंपनियों तक चुना पत्थर आसानी से पहुंचा रहे हैं। विभागों पर कोई राजनीतिक दबाव बना हुआ है या भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग-707 पर बोहराड़ पर इन दिनों कटिंग का कार्य तेजी से चल



> **उधर,** एसडीएम कफोटा राजेश वर्मा ने बताया कि उन्हें अवैध खनिज चोरी की सूचना मिली है। उन्होंने माइनिंग विभाग को कई बार अवगत करवाया, लेकिन अभी तक कोई सख्त कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है। जल्द ही खनिज चोरी करने वालों पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी तथा सड़कों पर लगे अवैध खनिज को कब्जे में लिया जाएगा।

रहा है। यहां कटिंग का कार्य पेटी ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। कटिंग कर रहे पेटी ठेकेदार ने यहां कटिंग के नाम पर खनिज निकालकर अवैध खनिज को खजियार में किसी फैक्टरी को बिना परिमिशन के बेचा जा रहा है। बोहराड़ से निकलने वाला खनिज को ठेकेदार ने इतना बेचा है कि अब खजियार फैक्टरी में अब रखने की जगह नहीं मिल रही है, जिस कारण अब अवैध खनिज जीरो प्वॉइंट टटियाना सड़क के समीप और राष्ट्रीय राजमार्ग-707 कफोटा से चढ़िऊ तक जगह-जगह पर चोरी खनिज के ढेर लगे हुए हैं, जिस पर न तो माइनिंग विभाग सख्त कार्रवाई कर रहा और न ही स्थानीय प्रशासन कोई एक्शन ले पा रहा है।

सरेआम राष्ट्रीय राजमार्ग से निकलने वाला खनिज चोरी कर बेचा जा रहा है, जिससे सरकार को लाखों रुपए का चूना लगाया जा रहा है और विभाग और प्रशासन मुख दर्शक बना हुआ है ।

# ब्रह्मकुमारीज ने हर्षोल्लास से मनाया महाशिवरात्रि पर्व



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज की सेक्टर 44 शाखा द्वारा आज महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धाभाव से मनाया गया। ब्रह्मकुमारी कविता दीदी ने इस मौके उपस्थित सभी सदस्यों को भगवान शिव के अवतार, ज्योतिर्लिंग और उनके उपदेश के बारे में बताया। इस अवसर पर चंडीगढ़ व्यापार मंडल के वरिष्ठ लीडर अनिल वोहरा और एरिया पार्षद जसमनजीत सिंह भी मौजूद थे।

ब्रह्मकुमारी ने इस अवसर पर आध्यात्मिक उपदेश के साथ-साथ सभी को मेडिटेशन का न केवल महत्व भी बताया, बल्कि मेडिटेशन का अभ्यास भी करवाया। वहीं, इस मौके नाटिका के माध्यम से आधुनिक भ्रांति एवं भम्र मिटाकर राजयोग का महत्व बताया। इसके साथ-साथ कुछ अन्य बच्चों ने भजन गायन और नृत्य से भगवान शिव के स्वरूप पर प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने जीवन में सत्यता को अपनाकर शांतिमय हृदय और साक्षीभाव जगाकर क्षमा का महत्व बताया और सभी को मन में छोटी-छोटी बातें भुला कर क्षमादान के लिए प्रेरित किया।

समारोह के अंत में मुख्यातिथियों अनिल वोहरा, एरिया पार्षद जसमनजीत सिंह, एक्टर नवदीप, ब्रह्मकुमारी कविता दीदी और ब्रांच इंचार्ज शिल्पी दीदी सहित अन्य की उपस्थिति में ध्वजारोहण भी किया गया और जीवन को शांतिमय और प्रसन्नचित तरीके से जीने का संकल्प भी लिया गया।

# हरियाणा निकाय चुनाव : संघ-संगठन की जुगलबंदी से भाजपा दे रही टिकट

## गुटबाजी रोकने के लिए सक्रिय लोगों पर दांव

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

विधानसभा चुनाव से सबक लेते हुए भाजपा ने निकाय चुनाव के टिकट वितरण में संभलकर कदम बढ़ाए हैं। गुटबाजी व आंतरिक कलह रोकने के लिए पार्टी ने इस बार संगठन में सक्रिय लोगों पर दांव खेला है। बाहर से लाने के बजाय अपने लोगों पर ही विश्वास जताया है। वहीं, संघ की पृष्ठभूमि भी कुछ को टिकट दिलाने में काम आई है।

हरियाणा में भाजपा की जीत में संघ की अहम भूमिका थी। पर्दे के पीछे रहकर संघ ने भाजपा की जीत की आधारशिला रखी थी। ऐसे में पार्टी ने संघ का भी पूरा ध्यान रखा है। वहीं, पार्टी ने टिकट देते वक्त जातीय समीकरण को ध्यान में रखा है, ताकि किसी वर्ग की नाराजगी झेलनी न पड़े। पार्टी ने उम्मीदवारों की सूची से यह भी संदेश देने की कोशिश है कि किसी नेता के साथ होने बजाय संगठन के कामों में सक्रिय होने वाले मेहनती लोगों को आगे बढ़ाया जाएगा।

पार्टी ने रोहतक से रामअवतार वाल्मीकि को उम्मीदवार बनाया। रामअवतार एससी मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं और उनकी पृष्ठभूमि संघ की रही है। तीन बार विधायक का चुनाव हारने के बावजूद पार्टी का टिकट मिलने के पीछे उन पर संघ का आशीर्वाद होना बताया जा रहा है।

वहीं, फरीदाबाद की उम्मीदवार प्रवीण जोशी का पूरा परिवार संगठन और संघ से जुड़ा रहा है। वर्तमान में वे हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन हैं। उनके ससुर रमेश जोशी हरियाणा भाजपा के अध्यक्ष रहे हैं। संघ में सक्रिय थे। वहीं, उनके पति संदीप जोशी भाजपा के पूर्व महामंत्री रह चुके हैं। गुरुग्राम से भाजपा की उम्मीदवार राजरानी मल्होत्रा का परिवार भी संघ से जुड़ा रहा है। हिसार में भाजपा ने प्रवीण पोपली को टिकट दिया है। वह संगठन में नमो एप के संयोजक हैं और उनकी गिनती पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं में होती है। उनका परिवार भी आरएसएस से जुड़ा रहा है। उनके पिता रामस्वरूप पोपली संघ में सक्रिय थे। वह ओबीसी मोर्चा में प्रदेश कार्यकारिणी की सदस्य और महिला मोर्चा की जिला प्रधान हैं। उनके ससुर रामकुमार सैनी भी पूर्व पार्षद रह चुके हैं। उनकी सैनी के साथ नजदीकिया हैं।

### भाजपा ने जातीय समीकरण भी साधे सोशल इंजीनियरिंग का चला दांव

**मेयर** उम्मीदवारों में पार्टी ने अपने कोर वोटरों का खास ध्यान रखा है। पार्टी ने नौ उम्मीदवारों में चार पंजाबी, दो वैश्य, दो एससी और एक ओबीसी पर दांव खेला है। वहीं, भाजपा ने सोशल इंजीनियरिंग का भी दांव खेला है। पार्टी ने करनाल से रेणु बाला गुप्ता को टिकट दिया। वह वैश्य समुदाय से आती हैं। करनाल से पंजाबी विधायक जगमोहन आनंद पहले से ही हैं। ऐसे में रेणु बाला को टिकट देकर पार्टी ने वैश्य समुदाय को साधा है। वहीं, पानीपत सिटी से भी पंजाबी विधायक प्रमोद विज हैं। ऐसे में पार्टी ने ओबीसी को टिकट दिया है।

# विश्व जाट महासभा ने हरियाणा पंजाब के प्रधान किए नियुक्त

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

### बेरोजगारी दूर करने के लिए उचित कदम उठाए पंजाब सरकार : चौधरी वीरपाल



पंजाब में फैली नशे की प्रवृत्ति पर लगाम लगाने के लिए विश्व जाट महासभा पंजाब में नशामुक्ति कार्यशाला का आयोजन करेगी, ताकि पंजाब में युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया जा सके। यह बात विश्व जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी वीरपाल सिंह जाट ने कही।

उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार को बेरोजगारी दूर करने के लिए उचित कदम उठाने चाहिए, ताकि युवा इमीग्रेशन संचालकों के बहकावे में न आकर पंजाब में ही रोजगार कर सकें। उन्होंने भारत सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जिस तरह अमेरिका भारतीय नागरिकों को बेड़ियों में जकड़ कर भारत वापस भेजा जा रहा है, यह एक निंदनीय कदम है। जिसकी केंद्र सरकार ने अभी तक कोई भी टिप्पणी नहीं की। भारत के युवा अवैध तरीके से अमेरिका गए, अगर इंडिया में ही उन्हें रोजगार मुहैया होता तो भी अमेरिका जाते ही क्यों। यह सरकार सिर्फ और सिर्फ धर्मिक उन्माद की तरफ विशेष रुचि ले रही है। इस सरकार को भारत आपसी प्यार मोहब्बत, सौहार्दता से कुछ लेना-देना नहीं। धर्म के नाम पर ओछी राजनीति की जा रही है।

उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार किसानों की हितैषी नहीं है। आज तक केंद्र सरकार ने किसानों की मांगों के ऊपर गौर तक नहीं किया, जो वार्ता किसानों के साथ की जा रही है, वह दिखावा मात्र है। सीएम मान की 'आप' की सरकार पंजाब में काबिज है, उन्हें युवा वर्ग की तरफ विशेष ध्यान देना होगा। चौधरी वीरपाल ने इस मौके पंजाब और हरियाणा के प्रदेश प्रधान भी नियुक्त किए। जिन्हें इस मौके उन्होंने नियुक्ति पत्र भी सौंपे। पंजाब प्रधान के लिए यहां दर्शन सिंह सरा और हरियाणा प्रधान पद के लिए बलजीत सिंह को नियुक्त किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### डिपोर्ट हुए कैथल के 7 युवक आज पहुंचेंगे अमृतसर एयरपोर्ट

**एजेंसी, कैथल (हरियाणा)।** अमेरिका से डिपोर्ट हुए अवैध प्रवासियों का मामले में शनिवार देर रात को भारत डिपोर्ट हुए प्रदेश के 33 युवाओं में सात युवा कैथल के निवासी हैं। इसमें तीन गुहला खंड तो दो राजौंद व दो कलायत खंड के युवा शामिल हैं। इन युवाओं में से भी कोई जमीन तो कोई रिश्तेदारों से कर्ज लेकर अमेरिका पहुंचा था, जबकि सोमवार को आने वाले विमान में जिले के चार ओर युवकों के वापस आने की संभावना है। फिलहाल, पुलिस और जिला प्रशासन को इन युवकों की आधिकारिक सूची प्राप्त नहीं हुई है। जानकारी अनुसार पुलिस इस मामले में विस्तार से जांच करेगी। यदि कोई युवक किसी एजेंट के खिलाफ शिकायत दर्ज कराता है, तो उस पर तत्काल प्रभाव से केस दर्ज किया जाएगा।

### भगदड़ में मरे लोगों की मौत पर विज ने जताया दुख

**अनंत ज्ञान, अंबाला।** शनिवार की रात करीब साढ़े नौ बजे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में अधिकतर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। इस दर्दनाक हादसे पर हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने गहरा दुख जताया है और हादसे में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस मामले में जांच के आदेश दे दिए हैं। उन्हें विश्वास है कि जो भी इसमें दोषी पाया जाएगा और जिसकी वजह से इतनी बड़ी घटना हुई उसे बक्शा नहीं जाएगा।

### कन्या भ्रूण हत्या में संलिप्त लोगों की अब खैर नहीं

**अनंत ज्ञान, कुरुक्षेत्र।** जिले में कन्या भ्रूण हत्या में संलिप्त लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। कुरुक्षेत्र में अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर पैनी निगाहें रखी जा रही है और जो भी व्यक्ति इस मामले से जुड़ा है उस पर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यह बात सीएमओ डॉ. सुखबीर सिंह ने एलएनजेपी अस्पताल स्थित अपने कार्यालय में पीसीपीएनडीटी एक्ट की मीटिंग को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि लिंगानुपात में सुधार लाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस प्रयास के चलते कई लोगों को कन्या भ्रूण हत्या के मामले में संलिप्त पाए जाने पर पकड़ा भी गया है और एफआईआर भी दर्ज की गई है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की विशेष टीम इस विषय को लेकर पूरी गंभीरता के साथ काम कर रही है और गोपनीय सूचना मिलने के बाद कार्रवाई भी कर रही है।

### फोन टैपिंग मामले में तीन लोग किए गिरफ्तार

**हैदराबाद।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायक टी हरीश राव के कैंप कार्यालय में काम कर चुके एक व्यक्ति सहित तीन लोगों को गैरकानूनी निगरानी (फोन टैपिंग) के मामले में गिरफ्तार किया गया है। यह मामला सिद्दीपेट जिले के एक रियल एस्टेट व्यवसायी की कथित अवैध निगरानी से जुड़ा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी टी संतोष कुमार, पारशरामुलु और टी वंशी कृष्णा को गिरफ्तार कर लिया गया और उचित प्रक्रिया के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### ब्राजील में होगा अगला ब्रिक्स शिखर सम्मेलन

**साओ पाउलो।** ब्राजील की सरकार ने कहा कि अगला ब्रिक्स शिखर सम्मेलन छह और सात जुलाई को रियो डी जेनेरियो में होगा। ब्राजील सरकार की ओर से जारी बयान में कहा कि ब्राजील विकासशील अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों के कार्यक्रम की अध्यक्षता करेगा और वैश्विक शासन सुधार को बढ़ावा देने तथा 'ग्लोबल साउथ' देशों के बीच सहयोग को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगा। ब्रिक्स की स्थापना 2009 में ब्राजील, रूस, भारत और चीन ने की थी। पिछले साल इसमें ईरान, मिस्र, इथियोपिया और संयुक्त अरब अमीरात को भी शामिल किया गया। सऊदी अरब को भी इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। तुर्किये, अजरबैजान और मलेशिया ने औपचारिक रूप से सदस्यता के लिए आवेदन किया है और कई अन्य देशों ने भी इसमें रुचि दिखाई है।

### बाराबंकी में भीषण सड़क हादसा, 4 की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में भीषण सड़क हादसे में चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई और छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। यह हादसा थाना लोनी कटरा क्षेत्र के अंतर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हुआ। हादसे में एक तेज रफ्तार टेम्पो ट्रेवलर सड़क किनारे खड़ी एक खराब टूरिस्ट बस में जा घुसी। इस हादसे के वक्त टेम्पो में डेढ़ दर्जन से ज्यादा श्रद्धालु सवार थे।

### हिंदू समाज को संगठित कर रहा संघ: भागवत

**कोलकाता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि संघ का कार्य महात्मा बुद्ध के राष्ट्र निर्माण प्रयासों की तरह ही है। इस तरह महात्मा बुद्ध ने समाज को एकजुट कर आध्यात्मिक और नैतिक उत्थान की नींव रखी थी, उसी तरह संघ भी पूरे हिंदू समाज को संगठित करने का कार्य कर रहा है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि संघ पूरे हिंदू समाज को एकजुट करना चाहता है। यह समाज केवल अपने लिए नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए उत्तरदायी है। भारत की अपनी एक प्रकृति है, जो इसे विशेष बनाती है] जो इस प्रकृति के साथ नहीं रह सकते थे, उन्होंने अपना अलग देश बना लिया। लेकिन जो यहां रहे, वे भारत की इस मूल आत्मा से जुड़े हुए हैं।

# कंडक्टर को मिला लुधियाना के यात्री का पर्स, लौटाने को आतुर

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



### काबिलेतारीफ कश्मीर सिंह की ईमानदारी

दिल्ली से चंडीगढ़ आ रही हरियाणा रोडवेज की बस के कंडक्टर कश्मीर सिंह की ईमानदारी का हर कोई कायल है। कश्मीर सिंह ने रविवार शाम एक बार फिर ईमानदारी की मिसाल पेश की।

दरअसल, बस में सफर कर रहा लुधियाना के समराला का एक यात्री दीपक शर्मा पुत्र अशोक कुमार अपना पर्स बस की सीट पर ही छोड़ गया और खुद स्टेशन से उतर गया। पर्स में पैन कार्ड, आधार कार्ड, लाइसेंस और कुछ पैसे भी मिले हैं, लेकिन घर के पते में कोई फोन नंबर नहीं लिखा हुआ था। लिहाजा कंडक्टर कश्मीर सिंह ने यात्री को ढूंढने के लिए काफी मशक्कत की, लेकिन यात्री वहां से जा चुका था। अगर किसी व्यक्ति को इस यात्री के बारे में पता चलता है तो वह कंडक्टर कश्मीर सिंह के मोबाइल नंबर 94675-28211 पर संपर्क कर अपना पर्स ले सकता है। देश को आज ऐसे ईमानदार कंडक्टरों की जरूरत है। हरियाणा सरकार और रोडवेज को चाहिए कि वह ऐसे ईमानदार व्यक्तित्व को प्रोत्साहित करे।

कश्मीर सिंह इससे पहले हाल ही में गुरुग्राम रूट के दौरान एक और यात्री को लैपटॉप भी लौटा चुके हैं। यात्री का लैपटॉप बस से चोरी हो गया था, लेकिन कंडक्टर कश्मीर सिंह ने सफर कर रहे अन्य यात्रियों की चेकिंग करवाकर उसे ढूंढ निकाला और संबंधित यात्री को चार दिन बाद फोन कर बैग समेत लैपटॉप लौटा दिया था। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल महासभा ने सेक्टर 36 में चलाया स्वच्छता अभियान

## मार्केट से लेकर पार्क तक अच्छी तरह की सफाई

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**




हिमाचल महासभा पंजीकृत चंडीगढ़ द्वारा रविवार सुबह 8 बजे से 11 तक तकरीबन 3 घंटे सेक्टर 36 मार्केट में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें हिमाचल महासभा के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा पूरे सेक्टर को मार्केट से लेकर पार्क तक अच्छी तरह सभी के सहयोग से सफाई की गई।

सफाई अभियान में हिमाचल महासभा पंजीकृत चंडीगढ़ के प्रधान पृथी सिंह प्रजापति के अलावा चंडीगढ़ के सीनियर ड्यूटी मेयर जसवीर सिंह बंटी, एवं विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष अधिवक्ता अरविंद मौदगिल, पैटर्न मेंबर केएल देओल, मनोहर लाल धीमान सभा के महासचिव भागीरथ शर्मा, सचिव सचिन रायजादा आदि मौजूद रहे।

अंत में सभा के सम्मानित सदस्य एवं विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष अधिवक्ता अरविंद मौदगिल ने सभी आए हुए सदस्यों को जलपान करवाया तथा प्रजापति ने आए हुए सभी सदस्यों का सहयोग के लिए धन्यवाद किया। साथ ही महासभा द्वारा किए जाने वाले अगले कार्य 6 अप्रैल को नया विक्रम संवत एवं नए साल के कैलेंडर का विमोचन तथा 11 अप्रैल को हिमाचल दिवस मनाने के बारे में अवगत कराया। स्वच्छता अभियान के बाद सभी सदस्य शिव प्राचीन मंदिर सेक्टर 40 बी चंडीगढ़ को प्रस्थान किया जहां सभी सदस्यों ने बाबा जी के चरणों में माथा टेका और भजनों के गुणगान का मनोरंजन और भंडारे का आनंद लिया।

## देश-विदेश

# धोखाधड़ी से होने वाले विवाहों को रोकने की जरूरत : फडणवीस

**एजेंसी, नागपुर**



**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि अंतरधार्मिक विवाह में कुछ भी गलत नहीं है, लेकिन धोखाधड़ी और गलत पहचान के जरिए होने वाले वैवाहिक संबंधों के खिलाफ कदम उठाए जाने की जरूरत है।

फडणवीस ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट और केरल उच्च न्यायालय ने लव जिहाद की वास्तविकता के बारे में टिप्पणियां की हैं। फडणवीस राज्य सरकार की ओर से जबरन धर्मांतरण और 'लव जिहाद' के मामलों के खिलाफ एक नए कानून के कानूनी पहलुओं का अध्ययन करने के लिए एक समिति गठित करने के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। 'लव जिहाद' एक शब्द है, जिसका इस्तेमाल दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं और संगठनों की ओर से मुस्लिम पुरुषों पर विवाह के माध्यम से हिंदू महिलाओं को इस्लाम में परिवर्तित करने की साजिश का आरोप लगाने के लिए किया जाता है।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि यह वास्तविकता है और महाराष्ट्र में धोखे से शादी कर लेने और फिर बच्चे पैदा होने के बाद छोड़ दिए जाने की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अंतरधार्मिक विवाह में कुछ भी गलत नहीं है, लेकिन फर्जी पहचान और धोखाधड़ी के मामले गंभीर हैं और इन पर अंकुश लगाने की जरूरत है।

### अमेरिका से निर्वासित दो लोग अमृतसर पहुंचने पर गिरफ्तार

**पटियाला ( पंजाब )।** अमेरिका की ओर से निर्वासित कर शनिवार रात सी-17 विमान से अमृतसर हवाई अड्डे भेजे गए 116 अवैध भारतीय प्रवासियों में शामिल पटियाला जिले के राजपुरा के दो युवकों को हत्या के एक मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नानक सिंह ने बताया कि अमृतसर हवाई अड्डे से आरोपियों की गिरफ्तारी की है। आरोपी संदीप सिंह उर्फ सनी और प्रदीप सिंह 2023 में दर्ज किए गए हत्या के एक मामले में वांछित थे। संदीप और चार अन्य के खिलाफ जून 2023 में राजपुरा में मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान संदीप के एक अन्य साथी प्रदीप का नाम प्राथमिकी में जोड़ा गया था।

# दिल्ली रेलवे स्टेशन भगदड़ मामले की जांच करेगी 2 सदस्यीय टीम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**नई** दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात हुई भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई। भगदड़ का कारण पता लगाने के लिए रेलवे प्रशासन ने दो सदस्यीय समिति का गठन किया है। इस समिति में नॉर्दर्न रेलवे के पीसीसीएम नरसिंग देव और पीसीएससी नॉर्दर्न रेलवे के पंकज गंगवार शामिल हैं।

घटना की एचएजी (हायर एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रेड) यानी उच्च प्रशासनिक ग्रेड जांच शुरू कर दी गई है। समिति को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की वीडियो फुटेज समेत उपलब्ध सभी सबूतों का विश्लेषण करके दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। अफवाह फैलने लगी कि गाड़ियों का प्लेटफॉर्म बदलने के कारण भगदड़ मची, जिससे यह दुर्घटना हुई। वहीं, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि यह घटना एक बार फिर रेलवे की नाकामी और सरकार की असंवेदनशीलता को उजागर करती है। प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए स्टेशन पर बेहतर इंतजाम किए जाने चाहिए थे। सरकार और प्रशासन को सुनिश्चित करना चाहिए कि बदइंतजामी और लापरवाही के कारण किसी को अपनी जान न गंवानी पड़े। वहीं, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हादसे पर शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने भगदड़ में मारे गए बिहार के लोगों के परिजन को दो-दो लाख रुपये एवं घायलों को 50 हजार रुपये मुख्यमंत्री राहत कोष से देने की घोषणा की।

# न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक स्कैम मामले में एक और गिरफ्तारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक स्कैम मामले में एक और गिरफ्तारी हुई है। इस मामले में ईओडब्ल्यू ने डेवलपर को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार किए गए डेवलपर का नाम धर्मेश पौन बताया जा रहा है। जांच में पता चला कि धर्मेश ने इस मामले में गबन किए गए 122 करोड़ में से 70 करोड़ रुपए लिए थे। ईओडब्ल्यू ने बताया कि मुख्य आरोपी जनरल मैनेजर हितेश मेहता से धर्मेश को मई और दिसंबर 2024 में 1.75 करोड़ रुपए और जनवरी 2025 में 50 लाख रुपए मिले। वहीं, हितेश मेहता को 21 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया।

# मुंबई में बहुमंजिला इमारत में आग, दो महिलाओं की मौत

**एजेंसी, मुंबई**



मुंबई शहर में रविवार सुबह 11 मंजिला इमारत में आग लगने से दो महिलाओं की मौत हो गई और दो अन्य लोगों का दम घुटने लगा। इन दोनों की हालत अब स्थिर है। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि दक्षिण मुंबई के मस्जिद बंदर इलाके में स्थित पन्ना अली मेंशन इमारत में सुबह छह बजकर 11 मिनट पर आग लग गई। अधिकारी ने कहा कि आग भवन के भूतल पर मीटर और तारों में लगी। इस दौरान प्रथम तल पर मौजूद दो महिलाओं के हाथ-पैरों में चोटें आईं तथा आग लगने से हुए धुएं के कारण उनका दम घुट गया। अधिकारी ने बताया कि सबीला खातून शेख (42) और साजिया आलम शेख (30) को अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उहोंने कहा कि करीम शेख (20) और शाहीन शेख (22) को सांस लेने में दिक्कत के कारण सरकारी जे जे अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

# रूस-यूक्रेन युद्ध सुलझाने के लिए अमेरिकी टीम के साथ कर रहे काम : जेलेंस्की

**एजेंसी, म्यूनिख**



यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि उन्होंने यूएस प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप की टीम के साथ मिलकर संघर्ष सुलझाने की दिशा में काम करना शुरू कर दिया है। दोनों देशों के बीच सहयोग से रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने और शांति स्थापित करने की उम्मीद जग गई है। अमेरिका न केवल युद्ध बल्कि स्थायी शांति सुनिश्चित करने में भी सक्षम है। जेलेंस्की ने बताया कि दुनिया अब अमेरिका को उस शक्ति के रूप में देख रही है जिसके पास न केवल युद्ध को समाप्त करने की क्षमता है, बल्कि स्थायी शांति सुनिश्चित करने में भी वह महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि हमने प्रेसिडेंट ट्रंप की टीम के साथ काम करना शुरू कर दिया है और हम देख रहे हैं कि सफलता प्राप्त की जा सकती है। राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से प्रस्तुत किए जा रहे मजबूत समाधानों पर चर्चा की जाए जेलेंस्की ने बताया कि म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन से पहले उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ बातचीत की।

### अमेरिका को यूक्रेन के दुर्लभ खनिजों तक पहुंच देने से इनकार

**म्यूनिख।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि उन्होंने अपने मंत्रियों को निर्देश दिया कि वे यूक्रेन के दुर्लभ खनिजों तक अमेरिका की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रस्तावित समझौते पर हस्ताक्षर न करें, क्योंकि यह प्रस्ताव अमेरिकी हितों पर अत्यधिक केंद्रित है। वार्ता से परिचित एक वर्तमान और एक पूर्व वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के दौरान अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ जेलेंस्की की वार्ता के केंद्र में यही प्रस्ताव था। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने समझौते को अस्वीकार करने के जेलेंस्की के निर्णय को फिलहाल के लिए 'अदूरदर्शी' बताया।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से कारोबारी भरोसा बढ़ा : गोयल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**वाणिज्य** एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत की घोषणा से दोनों देशों में कारोबारी विश्वास बढ़ा है।

उन्होंने कहा कि इससे उनकी प्रतिस्पर्धी करने की ताकत का लाभ उठाकर आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने में मदद मिल सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल की अमेरिका यात्रा के दौरान भारत और अमेरिका ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना कर 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने तथा 2025 तक पारस्परिक रूप से लाभकारी, बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण पर बातचीत करने की घोषणा की। गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री अपने साथ इस वर्ष के अंत तक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए एक समझौता या सहमति लेकर आए हैं। मुझे लगता है, यह अमेरिका और भारत में हर व्यवसायी को बहुत आत्मविश्वास और राहत देता है, जो मानते हैं कि साथ मिलकर, हम वास्तव में वैश्विक व्यापार को बदल सकते हैं, विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिस्पर्धी शक्तियों के साथ, हम वास्तव में दो दोस्तों के रूप में, प्रगति और समृद्धि के लिए दो भागीदारों के रूप में काम कर सकते हैं।

# महाकुंभ : केंद्रीय मंत्री गडकरी ने संगम में लगाई डुबकी



**प्रयागराज।** महाकुंभ में रविवार को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और धर्मेंद्र प्रधान, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं उत्तर प्रदेश के मंत्री राकेश सचान, योगेंद्र उपाध्याय और दयाशंकर सिंह ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। गडकरी ने 'एक्स' पर कहा कि गंगा में स्नान और दर्शन पूजन बहुत अच्छे से हुआ। हमारे शहर नागपुर से हजारों की संख्या में लोग अपनी गाड़ियां लेकर यहां आ रहे हैं। हमें लगता है कि गंगा मां का आशीर्वाद सबको मिलेगा। वहीं ,रविवार को 1.8 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। 13 जनवरी से अब तक 52.29 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। इतिहास में यह सबसे बड़ा आयोजन रिकॉर्ड किया गया।

## स्पोर्ट्स विंडो

### मारबेला लीजेंड्स गोल्फ टूर्नामेंट में जीव मिल्खा संयुक्त 19वें स्थान पर

**मारबेला (स्पेन)।** भारत के जीव मिल्खा सिंह दूसरे दौर में एक ओवर 73 के स्कोर से यहां सत्र के शुरुआती मारबेला लीजेंड्स गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 19वें स्थान पर खिसक गए। पहले दौर के बाद संयुक्त



रूप से 12वें स्थान पर चल रहे जीव का 36 होल के बाद कुल स्कोर तीन अंडर 141 है। उन्होंने पहले दौर में चार अंडर 68 का स्कोर बनाया था। साइमन ग्रीफिस्ट (65 और 68) 11 अंडर के कुल स्कोर के साथ शीर्ष पर चल रहे हैं जबकि कोलिन मोंटगोमरी (65 और 70) नौ अंडर के कुल स्कोर से दूसरे पायदान पर हैं। टूर्नामेंट में अब सिर्फ एक दौर का खेल बाकी है।

### खेल मंत्री ने युवाओं से साइकिल का उपयोग आवागमन के रूप में करने का किया आग्रह

**मुंबई।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को देश के युवाओं से आग्रह किया कि वे स्वस्थ रहने और बेहतर पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए जब भी संभव हो साइकिल का उपयोग आवागमन के विकल्प के रूप में करें। मांडविया ने रविवार सुबह यहां 'फिट इंडिया मूवमेंट' के प्रमुख कार्यक्रम 'संडे ऑन साइकिल' की अगुआई की जिसका उद्देश्य साइकिल चलाकर स्वस्थ और तंदुरुस्त जीवनशैली अपनाने के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करना और साथ ही प्रदूषण के समाधान को बढ़ावा देना भी है। उन्होंने कहा, ''मैं सभी से, खासकर युवाओं से,



जब भी संभव हो साइकिल का उपयोग आवागमन के लिए करने का आग्रह करता हूं। इससे न केवल वे स्वस्थ रहेंगे, बल्कि इससे हमारे पर्यावरण का समग्र स्वास्थ्य भी बेहतर होगा।'' इस साइकिल यात्रा को गेटवे ऑफ इंडिया से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यात्रा में देश भर से 500 से अधिक साइकिल सवार शामिल हुए जिनमें स्वास्थ्य विशेषज्ञ, विभिन्न साइकिल क्लब और व्यक्तिगत फिटनेस उत्साही शामिल थे। अच्छे स्वास्थ्य के लिए साइकिल चलाने के अलावा इस सप्ताह के 'संडे ऑन साइकिल' का संदेश 'मोटापे से लड़ो' था। साइकिलिंग कार्यक्रम का आयोजन नयी दिल्ली के ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में भी किया गया जिसमें 2024 सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता और 2025 राष्ट्रीय खेलों की स्वर्ण पदक विजेता शिवानी पवार सहित 170 से अधिक राइडर शामिल हुए। 'संडे ऑन साइकिल' पहल पिछले साल 17 दिसंबर को शुरू की गई थी और इसे पहले ही पूरे भारत में 3500 से अधिक स्थानों पर आयोजित किया जा चुका है।

### मेग लैनिंग का ग्लैमरस स्टाइल

**ऑस्ट्रेलिया।** ऑस्ट्रेलियाई टीम की इस ग्लैमरस कप्तान ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 6 दिसंबर 2008 में डेब्यू किया था। क्रिकेट के 151 वर्षों के इतिहास में पहली बार महिला खिलाड़ी के लिए पुरस्कार की घोषणा करते हुए विज़डन ने मेग लैनिंग को 'लीडिंग वुमन क्रिकेटर' भी चुना।



### टेनिस खिलाड़ियों ने सिनर और वाडा के बीच समझौते की आलोचना की

**लंदन।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर पर डोपिंग मामले में तीन महीने का प्रतिबंध लगाने के समझौते की टेनिस खिलाड़ियों ने कड़ी आलोचना की है। सिनर और विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के बीच निलंबन को लेकर समझौता हो गया है जिसका मतलब है कि इटली का यह खिलाड़ी पांच मई से फिर से खेल सकता है। इससे उनकी विश्व में नंबर एक रैंकिंग पर भी कोई असर नहीं पड़ेगा तथा वह सभी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट खेल पाएंगे।



पिछले साल मार्च में प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरॉयड के सेवन का दोषी पाए जाने वाले सिनर को कोई खिताब या पुरस्कार राशि भी नहीं गंवानी पड़ेगी। तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्टेन वावरिंका ने एक्स पर लिखा, ''मैं अब साफ-सुथरे खेल में विश्वास नहीं करता।'' विंबलडन उपविजेता निक किर्गियोस ने एक्स पर कहा, ''टेनिस में निष्पक्षता मौजूद नहीं है। सिनर की टीम ने केवल तीन महीने का प्रतिबंध लगाने के लिए अपनी तरफ से पूरी शक्ति लगा दी। कोई खिताब नहीं खोया, कोई पुरस्कार राशि नहीं खोई। दोषी है या नहीं? टेनिस के लिए दुखद दिन।'' विश्व के आठवें नंबर के खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव ने मार्सिले ओपन के सेमीफाइनल में हारने के बाद कहा, ''मुझे उम्मीद है कि हर कोई खेल के साथ चर्चा कर सकता है और अब से यानिक सिनर की तरह खुद का बचाव कर सकता है।'' विश्व के पूर्व नंबर एक ब्रिटिश खिलाड़ी टिम हेनमैन ने स्काई स्पोर्ट से कहा, ''उसने अभी ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीता है और वह अगले तीन महीने तक एटीपी टूर में नहीं खेल पाएगा, लेकिन फ्रेंच ओपन में खेलने का पात्र होगा। सिनर के लिए प्रतिबंध झेलने का इससे बेहतर समय नहीं हो सकता था लेकिन यह इस खेल के लिए कड़वे घूंट की तरह है।''

## अहमदाबाद में आज होगा रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल का महामुकाबला

# केरल पर गुजरात का पलड़ा भारी

**एजेंसी, अहमदाबाद**

पूर्व चैंपियन और मेजबान गुजरात अपने आक्रामक खेल और मजबूत बल्लेबाजी के कारण केरल के खिलाफ सोमवार से यहां शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा। गुजरात 2016-17 का चैंपियन है, लेकिन वह 2019-20 के सत्र के बाद पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचा है। उसने राजकोट में खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच में सौराष्ट्र को पारी और 98 रन से करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। गुजरात की सेमीफाइनल तक की राह में उसके मध्यक्रम के बल्लेबाजों मनन हिंगराजिया, जयमीत पटेल और विकेटकीपर उर्विल पटेल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उर्विल ने पिछले मैच में 140 रन बनाए थे जो उनके प्रथम श्रेणी करियर का पहला शतक था। जयमीत ने भी इस मैच में शतक



लगाया था, जिससे गुजरात ने अपनी पहली पारी में 511 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। जयमीत ने इस सत्र में गुजरात की तरफ से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने अभी तक 48.50 की औसत से 582 रन बनाए हैं जिसमें दो शतक और चार अर्धशतक शामिल हैं। मनन भी 570 रन बनाकर जयमीत से ज्यादा पीछे नहीं हैं। उन्होंने भी अपने प्रदर्शन में निरंतरता दिखाई है और उनके नाम पर दो शतक दर्ज हैं। जहां तक सचिन बेबी की अगुवाई वाली केरल की टीम का सवाल है तो उसके लिए अभी तक का सफर काफी भावनात्मक रहा है। उसने क्वार्टर फाइनल में जम्मू-कश्मीर पर पहली पारी में एक रन की बढ़त हासिल करने के दम पर दूसरी बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है। क्वार्टर फाइनल में केरल के सामने 399 रन का चुनौती पूर्ण लक्ष्य था, लेकिन उसके बल्लेबाजों ने अपने धैर्य और दृढ़ संकल्प का शानदार नमूना पेश करके मैच को ड्रॉ करा कर अपनी टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाया था। इस मैच में सलमान निजार और मोहम्मद अजहरुद्दीन ने लगभग 43 ओवर में सातवें विकेट के लिए 115 रन की अटूट साझेदारी करके जम्मू-कश्मीर की उम्मीद पर पानी फेरा था। निजार इस समय शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के खिलाफ पहली पारी में नाबाद 112 रन बनाए थे और अगर केरल को अपना विजय अभियान जारी रखना है तो उन्हें फिर से अच्छा प्रदर्शन करना होगा। गेंदबाजी में केरल की तरफ से एमडी निधिश ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में 10 विकेट लिए थे। उनके नाम पर इस सत्र में अभी तक 22 विकेट दर्ज हैं। घरेलू क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी ऑलराउंडर जलज सक्सेना की भूमिका भी महत्वपूर्ण होगी।

## रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में नहीं खेल पाएंगे जायसवाल

**एजेंसी, नागपुर**

चोटिल यशस्वी जायसवाल का मुंबई की टीम से बाहर रहना लगभग तय है, लेकिन इसके बावजूद गत चैंपियन टीम सोमवार से यहां शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में विदर्भ के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। सूत्रों से पता चला है कि जायसवाल अपनी चोट के आगे के आकलन के लिए जल्द ही बेंगलुरु स्थित भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस जा सकते हैं, क्योंकि उन्हें भारत की चैंपियंस ट्रॉफी टीम में 'टीम के साथ यात्रा नहीं करने वाले रिजर्व खिलाड़ी' के रूप में रखा गया है। जायसवाल की अनुपस्थिति किसी भी तरह से मुंबई की ताकत को कम नहीं करती हैं। यह मुकाबला पिछले साल के फाइनल की पुनरावृत्ति है जिसमें मुंबई ने विदर्भ को हराकर खिताब जीता था। मुंबई के पास कप्तान अजिंक्य रहाणे, सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे और शार्दुल ठाकुर जैसे कई स्टार खिलाड़ी हैं जो अपने दम पर मैच



का रुख बदल सकते हैं। कुछ शानदार खिलाड़ियों की मौजूदगी से कहीं अधिक यह 42 बार की चैंपियन टीम का दृढ़ संकल्प है जो उसे एक अलग पहचान दिलाता है। मौजूदा सत्र में कई मौकों पर मुंबई का शीर्ष क्रम विफल रहा, लेकिन ठाकुर और तनुश कोटियान जैसे निचले क्रम के बल्लेबाजों ने शानदार प्रयास करते हुए टीम को संकट से निकाला। मुंबई को उम्मीद होगी कि नागपुर की पिच पर बड़े खिलाड़ी एक बार फिर बड़ी पारियां खेलते हुए नजर आएंगे क्योंकि यहां की पिच आमतौर पर बल्लेबाजों की अनुकूल होती है।

## अदिति सऊदी लेडीज इंटरनेशल में रहीं संयुक्त 53वें स्थान पर

**एजेंसी, रियाद।** भारत की अदिति अशोक तीसरे दौर में तीन ओवर 75 के लचर प्रदर्शन के बाद रविवार को यहां सऊदी लेडीज इंटरनेशनल गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 53वें स्थान पर रहीं। तीन दौर में 69, 72 और 75 का स्कोर बनाने वाली अदिति का कुल स्कोर पार 216 रहा। यह अदिति का 2025 में लेडीज यूरोपीय टूर पर पहली प्रतियोगिता थी। अदिति ने तीसरे दौर में पार 72 के रियाद गोल्फ क्लब पर दो बर्डी की,



लेकिन वह तीन बोगी और एक डबल बोगी भी कर गईं जिससे उनका स्कोर तीन ओवर रहा। थाईलैंड की जीनो थिटिकुल ने चार शॉट के अंतर से अपना पांचवां यूरोपीय टूर खिताब जीता। विश्व महिला गोल्फ रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज थाईलैंड की खिलाड़ी ने अंतिम दौर में तीन अंडर 69 का स्कोर बनाया। उनका कुल स्कोर 16 अंडर रहा। कोरिया की सोमी ली 12 अंडर के कुल स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं।



### लाहिड़ी एडिलेड ओपन में संयुक्त सातवें स्थान पर रहे

**एडिलेड।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने अंतिम दौर में तीन अंडर 69 का कार्ड खेला जिससे वह रविवार को यहां समाप्त हुए एलआईवी एडिलेड गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त सातवें स्थान पर रहे। लाहिड़ी एक समय खिताब जीतने के दावेदार भी बन गए थे, लेकिन आखिरी सात होल में चार बोगी करने से उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया। उन्होंने आखिर में कुल छह अंडर के स्कोर के साथ सातवां स्थान हासिल किया। जोकिन नीमन ने अंतिम दौर में सात अंडर 65 का कार्ड खेलकर तीन शॉट के अंतर से खिताब जीता। उनका कुल स्कोर 13 अंडर रहा। अब्राहम एन्सर और कार्लोस ऑर्टिज संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे।

## टिम साउथी को न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**एजेंसी, दुबई**

न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज टिम साउथी को भरोसा है कि पाकिस्तान में हाल ही में समाप्त हुई त्रिकोणीय सीरीज में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले उनके देश के कम अनुभवी तेज गेंदबाज चैंपियंस ट्रॉफी में भी अपनी इस फॉर्म को बरकरार रखेंगे। पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले 36 वर्षीय साउथी ने न्यूजीलैंड की तरफ से तीनों प्रारूप में 776 विकेट लिए हैं।



चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड को ट्रेंट बोल्ट की सेवाएं नहीं मिल पाएंगी, जबकि लॉकी फर्ग्युसन का चोटिल होने के कारण खेलना संदिग्ध है। ऐसे में उसके तेज गेंदबाजी आक्रमण का दारोमदार विल ओरूर्के, जैकब डफी, नाथन स्मिथ और मैट हेनरी पर रहेगा। साउथी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की विज्ञप्ति में कहा, ''मैं और बोल्ट इस समय आईसीसी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं, इसलिए इस बार स्थिति थोड़ा भिन्न है, लेकिन साथ ही यह उत्साह जनक भी है। इन प्रतियोगिताओं का हिस्सा बनना महत्वपूर्ण होता है और अब इन युवा खिलाड़ियों पर जिम्मेदारी है और मैं उनके प्रदर्शन को लेकर काफी उत्साहित हूं।'' उन्होंने कहा, ''जिस तरह से टीम ने प्रदर्शन किया है और विभिन्न खिलाड़ियों ने अलग-अलग अवसरों पर अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई है वह शानदार है। यह टीम अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है।'' साउदी ने कहा, ''चैंपियंस ट्रॉफी से पहले त्रिकोणीय सीरीज में खेलने से उन्हें फायदा मिलेगा। टीम ने टूर्नामेंट से पहले लय पकड़ ली है और वह परिस्थितियों से अच्छी तरह तालमेल बिठा चुकी है जिसका फायदा उसे आगे मिलेगा।''

## मुंबई इंडियंस की हार के बाद एडवर्ड्स ने अंपायरिंग पर उठाए सवाल

**एजेंसी, वड़ोदरा**

मुंबई इंडियंस की कोच चार्लोट एडवर्ड्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उनकी टीम की आखिरी गेंद पर दो विकेट से हार में बड़ी भूमिका निभाने वाले विवादास्पद रन आउट फैसलों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इस तरह के निर्णय को सम्भाला वास्तव में मुश्किल है जो मैच के अंतिम परिणाम को प्रभावित करते हैं। रन आउट के तीन विवादास्पद फैसले मुंबई इंडियंस के खिलाफ गए जिसका फायदा उठाकर दिल्ली जीत हासिल करने में सफल रही। तीसरी अंपायर गायत्री वेणुगोपालन ने दिल्ली की तीन बल्लेबाजों राधा यादव, अरुंधति रेड्डी और शिखा पांडे को गिल्लियों की लाइट जलने के बावजूद नॉट आउट करार दिया। तीसरे अंपायर के इन फैसलों ने आखिर में मैच के परिणाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुंबई की करीबी हार के बाद इंग्लैंड की दो बार की विश्व कप विजेता कप्तान एडवर्ड्स ने कहा, ''



आपको काफी शांत रहना होगा। जब अधिकतर फैसलों के लिए तीसरे अंपायर की मदद ली जाती है तो वास्तव में यह काफी मुश्किल होता है। तब मैच का परिणाम बड़ी स्क्रीन पर नजर आता है।'' उन्होंने कहा, ''इसे पचा पाना वास्तव में मुश्किल है लेकिन मैं लंबे समय से इस खेल से जुड़ी हूं और जानती हूं कि यह खेल का हिस्सा है। इसलिए हमें बस आगे बढ़ना है। हमारी निगाह मंगलवार को होने वाले मैच पर हैं।'' भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज ने भी मैच की कमेंट्री करते हुए कहा था कि अरुंधति और राधा यादव के मामले में फैसला मुंबई के पक्ष में जाना चाहिए था। आरसीबी के पूर्व क्रिकेट निदेशक माइक हेसन ने भी अंपायर के फैसले पर अविश्वास जताया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, ''मुझे नहीं पता कि अंपायर ने यह फैसला क्यों दिया क्योंकि एक बार गिल्लियों की लाइट जलने के बाद अगर संपर्क टूट जाता है तो बल्लेबाज को आउट माना जाता है।''

## मुंबई इंडियंस ने चोटिल गजनफर की जगह मुजीब उर रहमान को किया अनुबंधित





**एजेंसी, मुंबई**

पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने रविवार को अफगानिस्तान के ऑफ स्पिनर मुजीब उर रहमान को अनुबंधित करने की घोषणा की। मुजीब अपने ही देश के स्पिनर अल्लाह गजनफर की जगह लेंगे जो चोट के कारण आईपीएल 2025 से बाहर हो गए हैं। अफगानिस्तान के 18 वर्षीय स्पिनर को एल 4 वर्टिब्रा में फ्रेक्चर हुआ है और वह चैंपियंस ट्रॉफी में भी नहीं खेल पाएंगे। अफगानिस्तान के हाल के जिंबाब्वे दौरे के दौरान गजनफर को चोट लगी थी। मुंबई इंडियंस ने एक बयान में कहा, ''मुंबई इंडियंस गजनफर के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है और मुजीब का हमारे परिवार में स्वागत करता है।'' मुजीब अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ियों में से एक थे और उन्होंने तुरंत प्रभाव डाला जिससे उन्हें 17 साल की उम्र में आईपीएल में पदार्पण का मौका मिला। मुजीब ने 300 से अधिक टी20 (अंतरराष्ट्रीय और घरेलू) मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने लगभग 6.5 की इकोनॉमी रेट से 330 विकेट लिए हैं। मुंबई इंडियंस ने आईपीएल की बड़ी नीलामी में उभरते हुए 18 वर्षीय ऑफ स्पिनर गजनफर को 4.80 करोड़ रुपए में अनुबंधित किया था।

### अनिसिमोवा ने कतर ओपन का खिताब जीता

**दोहा।** अमांडा अनिसिमोवा ने कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में सीधे सेटों में जीत दर्ज करके अपने करियर का तीसरा और 2022 के बाद पहला खिताब जीता। अनिसिमोवा ने बारिश के कारण दो बार बाधित फाइनल में पूर्व फ्रेंच ओपन चैंपियन येलेना ओस्टापेंको को 6-4, 6-3 से हराया। बारिश के कारण दूसरी बार मैच बाधित होने के बाद जब खेल शुरू हुआ तो अनिसिमोवा ने आखिरी तीन गेम जीतकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। वह 2002 में मोनिका सेलेस के बाद दोहा में खिताब जीतने वाली अमेरिका की पहली खिलाड़ी बन गईं।

## पटियाल राष्ट्रीय कबड्डी टूर्नामेंट में दिखाएगा जौहर

**एसके ठाकुर, बड़सर**

हमीरपुर जिले के उपमंडल बड़सर की समैला पंचायत से संबंध रखने वाले 22 वर्षीय विशाल पटियाल का नेशनल कबड्डी टूर्नामेंट के लिए चयन हुआ है। ग्रामीण क्षेत्र से प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी का राष्ट्रीय स्तर पर चयन से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विशाल की इस उपलब्धि के लिए भूतपूर्व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, पूर्व युवा खेल मंत्री वर्तमान में हमीरपुर के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर, बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ढटवाल के मंडल अध्यक्ष यशवीर सिंह पटयाल, भाजपा नेता एवं समाजसेवी संजीव कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय स्तर पर



कबड्डी प्रतियोगिता में चयन होने पर विशाल को शुभकामनाएं दीं व बधाई देते हुए कहा कि कठिन परिश्रम से सफलता हमेशा आपके कदम चूमती है। विशाल के पिता नरेंद्र सिंह एक किसान तथा माता रेखा देवी गृहिणी हैं। वर्तमान में कुल्लू में बीपीएड कर रहे विशाल शुरू से ही हर क्षेत्र में बेहतरीन खिलाड़ी रहे हैं। पढ़ाई के साथ उन्होंने 2 साल कृष्णा अकादमी भगेड़ में कबड्डी की ट्रेनिंग ली। इसी माह सिरमौर में हुए सीनियर स्टेट टूर्नामेंट में विशाल के बेहतर प्रदर्शन पर सिलेक्टर पद्म श्री अर्जुन अवार्डी अजय ठाकुर की नजर पड़ी तथा उन्हें नेशनल के लिए सिलेक्ट किया गया है।

## महिला प्रीमियर लीग

### आरसीबी ने टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में गुजरात जायंट्स को छह विकेट से हराया था

# विजय अभियान जारी रखने उतरेंगे दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स

**एजेंसी, वडोदरा**

अपने पहले मैच में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करने वाले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और दिल्ली कैपिटल्स महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में सोमवार को यहां जब आमने-सामने होंगे तो उनका लक्ष्य अपना विजय अभियान जारी रखना होगा। मौजूदा चैंपियन आरसीबी ने टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में गुजरात जायंट्स को छह विकेट से हराया, जबकि दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ अंतिम गेंद पर जीत दर्ज की। अच्छी शुरुआत से दोनों टीम का मनोबल बढ़ा होगा, लेकिन आरसीबी की टीम विशेषकर बल्लेबाजी और गेंदबाजी में अधिक संतुलित नजर आ रही है और इसलिए वह इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। आरसीबी की बल्लेबाजी इकाई की मजबूती का



पता इससे चलता है कि उसने 200 से अधिक रन के लक्ष्य को बड़ी आसानी से हासिल किया। स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली टीम अपना यह प्रदर्शन जारी रखने की कोशिश करेगी। आरसीबी को राघवी बिष्ट और कनिका आहूजा जैसी युवा खिलाड़ियों के कारण मजबूती मिली है जो मंधाना, एलिसे पेरी, ऋचा घोष और डैनी व्याट के साथ सहजता से घुल-मिल गई हैं। राघवी और कनिका ने पहले मैच में जीत में अहम भूमिका निभाई थी। आरसीबी के गेंदबाजों को हालांकि, कसी हुई गेंदबाजी करनी होगी। गेंदबाजी में उसे पेरी की कमी महसूस हो रही है। ऑस्ट्रेलिया की यह स्टार ऑलराउंडर चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट के शुरुआती चरण में गेंदबाजी नहीं कर पाएंगी। दिल्ली की बल्लेबाजी बेहद मजबूत है और आरसीबी के गेंदबाजों को उस पर लगाम लगाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली की बल्लेबाजी इकाई में कप्तान मेग लैनिंग, एनाबेल सदरलैंड, शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, एलिस कैप्सी और सारा ब्राइस जैसी धुरंधर बल्लेबाज हैं जो किसी भी तरह के आक्रमण की धज्जियां उड़ा सकती हैं। तेज गेंदबाज शिखा पांडे की अगुवाई वाली दिल्ली की गेंदबाजी इकाई ने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस को 164 रन पर रोककर अच्छा प्रदर्शन किया था जिसे वह जारी रखने की कोशिश करेंगे।

**मैच : शाम 7 : 30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**दिल्ली कैपिटल्स:** मेग लैनिंग (कप्तान), एलिस कैप्सी, सारा ब्राइस, एनाबेल सदरलैंड, मिन्नू मणि, शैफाली वर्मा, अरुंधति रेड्डी, एन चरानी, शिखा पांडे, जेमिमा रोड्रिग्स, नंदिनी कश्यप, स्नेहा दीप्ति, जेस जोनासेन, निकी प्रसाद, तानिया भाटिया, मारिज़ेन कैप, राधा यादव, टिटास साधु।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु:** स्मृति मंधाना (कप्तान), नुजहत परवीन, जोशिता वीजे, ऋचा घोष, डैनी व्याट, कनिका आहूजा, सब्बीनेनी मेघना, एकता बिष्ट, किम गर्थ, श्रेयंका पाटिल, एलिसे पेरी, प्रेमा रावत, जॉर्जिया वेयरहैम, राघवी बिष्ट, हीथर ग्राहम, जाग्रवी पवार, रेणुका सिंह, चार्ली डीन।

### पाक के गेंदबाज राउफ चोट से उबरे : सूत्र

**कराची।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राउफ चोट से उबर चुके हैं और बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में टीम के पहले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान टीम के एक करीबी सूत्र ने रविवार को पीटीआई को पुष्टि की कि हारिस चोट से उबर गए हैं और कराची में चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में खेलेंगे। इस तेज



गेंदबाज को हाल ही में त्रिकोणीय सीरीज के दौरान छाती की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। सूत्र ने कहा, ''हारिस अब ठीक हैं और त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच के बाद दिए गए आराम से उन्हें उबरने में मदद मिली है।'' सूत्र ने कहा कि पाकिस्तान के किसी अन्य खिलाड़ी को भी फिटनेस संबंधी कोई समस्या नहीं है। अपनी तेज गति और बीच के ओवरों में विकेट लेने की क्षमता के साथ पाकिस्तान के प्रमुख गेंदबाजों में से एक हारिस टीम के साथ बने हुए हैं जबकि चयनकर्ताओं ने उनके विकल्प के रूप में आकिफ जावेद को बुलाया है जिन्हें पदार्पण का इंतजार है।